✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 118 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 23 सितंबर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com


## द्वितीय नवदुर्गा : माता ब्रह्मचारिणी



**दधना कर पद्माभ्यांक्षमाला कमण्डलम।**
**देवी प्रसीदमयी ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।**

मां दुर्गा का द्वितीय रूप मां ब्रह्मचारिणी हैं। इन्होंने भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या की थी। अतः ये तपश्चारिणी और ब्रह्मचारिणी के नाम से विख्यात हैं। मां ब्रह्मचारिणी सदैव अपने भक्तों पर कृपादृष्टि रखती हैं एवं सम्पूर्ण कष्ट दूर करके अभीष्ट कामनाओं की पूर्ति करती हैं। देवी ब्रह्मचारिणी की उपासना से तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम की वृद्धि होती है।

# पीएम मोदी ने 'जीएसटी बचत उत्सव' को लेकर देशवासियों को लिखा पत्र

**मेरे प्यारे देशवासियों,**
**नमस्कार।**

आपको और आपके परिवार को शक्ति की उपासना के पर्व नवरात्रि की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। मेरी प्रार्थना है, ये त्योहार आप सभी के जीवन में सुख और समृद्धि लेकर आए। इस वर्ष त्योहारों में हमें एक और उपहार मिल रहा है। 22 सितंबर से नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स लागू होने के साथ ही पूरे देश में 'जीएसटी बचत उत्सव' की शुरुआत हो गई है। इन रिफॉर्म्स से किसान, महिला, युवा, गरीब, मध्यम वर्ग, व्यापारी, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग, सभी को फायदा होगा। नए जीएसटी रिफॉर्म्स की विशेषता है कि अब मुख्य रूप से सिर्फ दो ही स्लैब रहेंगे। रोजमर्रा की जरूरी चीजें जैसे खाना, दवाइयां, साबुन, टूथपेस्ट और कई अन्य सामान अब या तो टैक्स-फ्री होंगे या 5% की सबसे कम स्लैब में आएंगे। घर बनाने, गाड़ी खरीदने, बाहर खाने या परिवार के साथ छुट्टियां मनाने जैसे सपनों को पूरा करना अब आसान होगा। हेल्थ इंश्योरेंस पर भी अब जीएसटी को शून्य कर दिया गया है। मुझे ये देखकर अच्छा लगा कि कई दुकानदार और व्यापारी 'पहले और अब' के बोर्ड लगाकर, लोगों को बता रहे हैं कि कोई



सामान कितना सस्ता हो गया है। हमारी जीएसटी यात्रा 2017 में शुरू हुई थी। तब देश को अनेक तरह के टैक्स और टोल के जंजाल से मुक्ति मिली थी। इससे ग्राहकों और व्यापारियों, कारोबारियों को बहुत राहत मिली थी। अब ये नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म हमें और आगे ले जा रहे हैं। इसमें सिस्टम को और सरल बनाया गया है। इससे हमारे दुकानदार साथियों, लघु उद्योगों की सहूलियत और बढ़ेगी। नागरिक देवो भव हमारा मंत्र है। पिछले 11 वर्षों में हमारे प्रयासों से 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। देश में एक नियो मिडिल क्लास तैयार हुआ है। अब इसे और सशक्त बनाया जा रहा है। हमने मध्यम वर्ग को भी मजबूत किया है। 12 लाख रुपए तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लिया जा रहा है। अगर इनकम टैक्स में छूट और जीएसटी रिफॉर्म्स को मिलाकर देखें, तो देशवासियों के सालाना लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपए बचेंगे। देश ने 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिया है और इसे सिद्ध करने के लिए आत्मनिर्भरता के रास्ते पर चलना जरूरी है। नए जीएसटी रिफॉर्म्स से आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी तेज गति मिलेगी। आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक है कि हम स्वदेशी को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। चाहे ब्रांड कोई भी हो, कंपनी कोई भी हो, अगर उसमें भारतीय श्रमिक और कारीगर की मेहनत लगी है, तो वो स्वदेशी है। जब भी आप अपने देश के कारीगरों, श्रमिकों और इंडस्ट्री के बनाए सामान को खरीदते हैं, तो आप कई परिवारों की रोजी-रोटी में मदद करते हैं और देश के युवाओं के लिए रोजगार पैदा करते हैं। मैं अपने दुकानदारों और व्यापारियों से भी अपील करता हूं कि वो स्वदेशी सामान ही बेचें। आइए गर्व से कहें, ये स्वदेशी है। आपके घर की बचत बढ़े, आपके सपने पूरे हों, आप अपने पसंद की चीजों के साथ त्योहारों की चमक बढ़ाएं...मेरी यही कामना है। एक बार फिर मैं आपको नवरात्रि के साथ ही 'जीएसटी बचत उत्सव' की शुभकामनाएं देता हूं। धन्यवाद!

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रामीण कार्य विभाग के अधीक्षण अभियंता निलंबित

**बेतिया(नबिटा ब्यूरो)।** ग्रामीण कार्य विभाग, अंचल बेतिया के अधीक्षण अभियंता अमल प्रकाश को राज्य सरकार ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उनके उपर निविदा के निष्पादन में अनियमितता बरतने का आरोप है। यह कार्रवाई मुख्य अभियंता, भागलपुर के सचिव रहते की गयी अनियमितता के आरोप में की गयी है। राज्य सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग के संयुक्त सचिव अभय झा की ओर से इस संबंध में संकल्प भी जारी कर दिया गया है।

### बेंगलुरु से गांव आए युवक की हत्या

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के गजराजगंज ओपी के चौकीपुर गांव में सोमवार की सुबह एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गांव के स्व. चंद्रदेव पासवान के 22 साल के बेटे बैजू कुमार पासवान के रूप में हुई है। उसके शरीर पर दाहिनी छाती और ललाट पर गहरे चोट के निशान मिले हैं। इससे परिजनों ने आशंका जताई है कि बैजू की हत्या मारपीट कर की गई है।

### एक करोड़ की प्रतिबंधित लकड़ी जब्त, दो गिरफ्तार

**सीतामढ़ी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के नानपुर थाना क्षेत्र के नागपुर पुपरी स्टेट हाईवे पर यदूपट्टी धर्म कांटा के पास वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने अवैध लकड़ी से लदा ट्रक जब्त किया गया है। पुलिस ने चालक समेत दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुपरी डीएसपी सुनीता कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों की पहचान अररिया जिले के बैरगाछी थाना क्षेत्र के कोशकीपुर के मो. राहील एवं व्यापारी की पहचान सीतामढ़ी जिले के नानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मझौर के रहने वाले तकी आलम के रूप में हुई है।

### आपसी रंजिश में दंपति की हत्या

**सिवान(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के जामो थाना क्षेत्र के हेतिमपुर गांव में सोमवार को दिल दहला देने वाली घटना घटी। पुरानी आपसी रंजिश में हमलावरों ने एक ही परिवार के तीन लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया। इसमें पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उनकी बेटी गंभीर रूप से घायल है। मृतक की पहचान अवध किशोर गुप्ता और उनकी पत्नी के रूप में हुई है। महाराजगंज के एसडीपीओ अमन ने बताया कि यह मामला पुरानी जमीनी रंजिश से जुड़ा प्रतीत हो रहा है।

### भाजपा का दो दिवसीय बैठक पटना में कल से

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। पार्टी ने 24 और 25 सितंबर को पटना में दो दिन का बैठक बुलाने का निर्णय लिया है। यह बैठक पार्टी कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल के नेतृत्व में होगी जिसमें प्रदेश भाजपा के तमाम दिग्गज नेता, सांसद, विधायक आदि शामिल होंगे।

# सीएम नीतीश ने नवनियुक्त नगर प्रबंधकों को दिया नियुक्ति पत्र

## नगर विकास एवं आवास विभाग की विभिन्न योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मौर्यलोक परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत बिहार के कुल 33 जिलों में 769.63 करोड़ रुपये की लागत से 1300 योजनाओं का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने 124.44 करोड़ रुपये की लागत से पटना नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न पथों के पुनर्स्थापन/पुनर्निमाण के कार्य तथा 69.97 करोड़ रुपये की लागत से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु कुल 6 अदद यांत्रिकृत कचरा स्थानांतरण स्टेशन के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 15 करोड़ रुपये की लागत से पटना स्मार्ट सिटी अंतर्गत मौर्यलोक परिसर में सुविधाओं के सृजन



का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित मौर्य मंडपम का निरीक्षण किया और वहां 22 नगर प्रबंधकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने सांकेतिक रूप से नगर प्रबंधक नीतू कुमारी, वर्षा कुमारी, निशां परवीन, रितेश कुमार एवं आशीष रंजन को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना पर आधारित पुस्तिका का मुख्यमंत्री ने विमोचन किया। साथ ही स्वच्छता सेवा अभियान के अंतर्गत स्वच्छता एक्सप्रेस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने स्वच्छताकर्मी सुलेखा देवी, मालती देवी, श्रवण कुमार, अजय पासवान एवं सविता देवी को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर विकास एवं आवास विभाग की इन कार्यों को तेजी से और बेहतर ढंग से पूर्ण करें। मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, सांसद रविशंकर प्रसाद, विधायक संजीव चौरसिया, पटना नगर निगम की उपमहापौर रेशमी चंद्रवंशी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि आदि उपस्थित थे।

# टीआरइ फोर के बाद 26 हजार से अधिक पदों पर होगी बहाली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के लाखों अभ्यर्थियों के लिए शिक्षा मंत्री ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दो बड़े ऐलान किए। एक ओर जहां उन्होंने एसटेट 2025 की परीक्षा का शेड्यूल घोषित किया वहीं दूसरी ओर बहुप्रतीक्षित टीआरइ 4 की बहाली पर भी विस्तृत जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में शिक्षा विभाग लगातार युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रहा है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा एसटेट 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए 27 सितंबर 2025 तक आवेदन लिए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थी इस अवधि में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन भर सकते हैं। परीक्षा का आयोजन 12 से 31 अक्टूबर के बीच होगा और 16 नवंबर 2025 को परिणाम जारी कर दिया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने टीआरइ 4 की बहाली का भी रोडमैप साझा किया। उन्होंने कहा कि अगले 4 से 5 दिनों के भीतर टीआरइ



4 की वैकेंसी जारी कर दी जाएगी। इस बार 26 हजार से अधिक पदों पर नियुक्तियां होंगी। हालांकि 3-4 जिलों में रोस्टर क्लीयरेंस का काम अभी बाकी है लेकिन शेष जिलों से रोस्टर रिपोर्ट प्राप्त हो गई है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि इसके बाद पांचवें चरण की बहाली भी की जाएगी। मंत्री ने दावा किया कि सिर्फ शिक्षा विभाग ही नहीं बल्कि राज्य सरकार ने अब तक 9 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां युवाओं को दी हैं। इसके अलावा लगभग 40 से 41 लाख लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। कुल मिलाकर 50 लाख लोगों को नौकरी और रोजगार देने का कार्य किया गया है।

# नीतीश कुमार ने छात्रों, महिलाओं व वकीलों के हित में किया ऐतिहासिक काम : डॉ. निर्मल कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता एवं औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के पूर्व प्रभारी डॉ. निर्मल कुशवाहा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा हाल ही में लिए गए जनहितकारी फैसलों की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम बिहार के भविष्य को नई दिशा देने वाले हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार ने छात्रों, महिलाओं, आंगनबाड़ी सेविकाओं-सहायिकाओं, टोला सेवकों, विकास मित्रों और नवोदित अधिवक्ताओं के हित में ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं, जिसके लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया जाना चाहिए। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि युवाओं को अगले पांच वर्षों में एक करोड़ नौकरियों देने की घोषणा और इंटर्नशिप करने वाले छात्रों को हर महीने 6,000 रुपये देने का निर्णय, शिक्षा और रोजगार दोनों को मजबूत करने वाला कदम है। इससे छात्रों को पढ़ाई के साथ व्यावहारिक



अनुभव मिलेगा और करियर निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को भी नीतीश सरकार ने सशक्त बनाने का काम किया है। आंगनबाड़ी सेविकाओं को मोबाइल फोन खरीदने के लिए 11,000 रुपये देने की घोषणा और उनके मानदेय में 7,000 रुपये से बढ़ाकर 9,000 रुपये तथा सहायिकाओं का मानदेय 4,000 से बढ़ाकर 4,500 रुपये कर देना इस दिशा में बड़ा कदम है। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि आम लोगों को राहत देते हुए नीतीश सरकार ने 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली की सुविधा दी है और दीदी की रसोई योजना में थाली की कीमत 40 रुपये से घटाकर 20 रुपये कर दी है। रसोइयों का मानदेय दोगुना बढ़ाकर 3,300 रुपये कर देना भी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि सरकार ने आशा और ममता कार्यकर्ताओं के मानदेय में भी बढ़ोतरी कर उनके संघर्ष और मेहनत का सम्मान किया है। साथ ही नए अधिवक्ताओं को तीन साल तक हर महीने 5,000 रुपये स्टाइपेंड देने का निर्णय युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने वाला है। पत्रकारों की पेंशन 15,000 रुपये मासिक करना भी चौथे स्तंभ की मजबूती का प्रतीक है। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार ने समाज के हर वर्ग की चिंता करते हुए फैसले लिए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यही सुशासन की असली पहचान है।

# स्वच्छता के लिए करें श्रमदान : सतीश

## रेलवे बोर्ड में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** 'स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025' के अंतर्गत सोमवार को स्वच्छ आदतों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रेलवे बोर्ड सांस्कृतिक दल द्वारा रेल भवन के विचार सभागार में स्वच्छता जागरूकता सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार, सदस्य (वित्त) उषा वेणुगोपाल, सदस्य (अवसंरचना) नवीन गुलाटी, महानिदेशक (आरपीएफ) सोनाली मिश्रा, महानिदेशक (मानव संसाधन) आर. राजगोपाल, महानिदेशक (संरक्षा) हरि शंकर वर्मा तथा रेलवे बोर्ड की सचिव अरुणा नायर सहित बड़ी संख्या में रेल कर्मचारी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार ने स्वच्छता के महत्व पर बल देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रत्येक व्यक्ति से साल में 100 घंटे और प्रति सप्ताह 2 घंटे स्वच्छता



के लिए श्रमदान करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि हम सबको संकल्प लेना होगा कि सदैव स्वच्छता के प्रति जागरूक रहेंगे और अपने गांव, शहर, रेलवे स्टेशन तथा देश को स्वच्छ रखने में योगदान देंगे। कार्यक्रम की शुरुआत अपूर्व प्रतिभा और पंकज विशाल द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद सांस्कृतिक दल ने 'स्वच्छता मिशन' पर आधारित सामूहिक गीत प्रस्तुत किया। साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छ आदतों की आवश्यकता और उसके लाभों को विस्तार से दर्शाया गया। इस मौके पर टी.पी. चावला, हर्ष सिंह, दिव्या खुराना और पंकज विशाल ने स्वच्छता पर आधारित अपनी स्वरचित कविताओं का वाचन कर सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम का संयोजन रेलवे बोर्ड के संयुक्त सचिव टी. श्रीनिवास ने किया जबकि मंच संचालन प्रीति मान ने किया।

# 6496 करोड़ से जेपी गंगा पथ परियोजना का होगा विस्तारीकरण : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पटना के दीघा में 6495 करोड़ 79 लाख रुपये की लागत से दीघा-शेरपुर-बिहटा तक जेपी गंगा पथ परियोजना के विस्तारीकरण कार्य का शिलान्यास किया। जेपी गंगा पथ परियोजना के विस्तारीकरण का काम पूरा होने से पटना-आरा-बक्सर राष्ट्रीय उच्च पथ (एनएच-922) और लखनऊ-गाजीपुर के बीच निर्मित पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और आरा-मोहनिया राष्ट्रीय उच्च पथ (एनएच-319) से सम्पर्कता मिलेगी। साथ ही दानापुर-छितनावां-मनेर पथ पर लगने वाली जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी। साथ ही बिहटा हवाई अड्डा आने-जाने में सुविधा होगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जेपी गंगा पथ का कोईलवर तक विस्तारीकरण का काम



आज से शुरू हो गया है। निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से और समय से पूरा करने का आदेश जारी किया है। इसका निर्माण कार्य पूरा होने से शहर के लोगों को आने-जाने में और सहूलियत होगी। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन की उपस्थिति में अलग-अलग जिला के पांच अन्य पथों जिनकी लंम्बाई 225.475 किलोमीटर और लागत 2 हजार 900 करोड़ रुपये है, उसका शिलान्यास किया। इसके तहत 650 करोड़ 51 लाख की लागत से बांका, मुंगेर और भागलपुर जिला में धोरैया-इंगलिस मोड़ असरगंज पथ (लंबाई 58.47 किलोमीटर) का निर्माण, 814 करोड़ 22 लाख की लागत से मुजफ्फरपुर जिला में हथौड़ी औराई पथ में एक उच्च स्तरीय पुल (लंबाई-21.13 किलोमीटर) का पहुंच पथ के साथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया है। साथ ही 373 करोड़ 56 लाख की लागत से भोजपुर जिला में आरा-एकौना-खैरा-सहार पथ (लंबाई 32.26 किलोमीटर) का निर्माण कार्य, 701 करोड़ 26 लाख की लागत से छपरा और सीवान जिला में छपरा-मांझी-दरौली-गुठनी पथ (लंबाई-72.18 किलोमीटर) का निर्माण और 361 करोड़ 32 लाख की लागत से नवादा, नालंदा और गयाजी में बनगंगा-जेठियन-गहलौत बिन्दस पथ (लंबाई 41.25 किलोमीटर) के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया।




## मुख्यमंत्री ने किया पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग अंतर्गत 839 करोड़ लागत की योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास

# पशु विज्ञान विश्वविद्यालय परिसर बाहरी लोगों से पूरी तरह सुरक्षित रखने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के प्रांगण से पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग अंतर्गत 839 करोड़ रूपये से अधिक लागत की विभिन्न योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय अंतर्गत 143 करोड़ रूपये की लागत से कुल 13 भवनों, 116 करोड़ 52 लाख रूपये की लागत से कुल 27 योजनाओं से संबंधित राज्य एवं जिलास्तरीय संसाधन एवं प्रशिक्षण केंद्र एवं पशु चिकित्सालयों, 7 करोड़ 7 लाख रूपये की लागत से कॉम्फेड अंतर्गत पूर्णिया में कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण केंद्र एवं दुग्ध उत्पाद निर्माण संयंत्र का विस्तारीकरण एवं गयाजी में प्रशिक्षण केंद्र, 1 करोड़ 6 लाख रूपये की लागत से किशनगंज, बांका एवं पूर्णिया जिला में पंचायत एवं प्रखण्डस्तरीय कुल 5 मत्स्य बाजार सहित कुल 282 करोड़ 65 लाख रूपये की लागतवाली अन्य विकास योजनाओं का उद्घाटन शामिल है। इसके अतिरिक्त 279 करोड़ 14 लाख रूपये की लागत से कॉम्फेड अंतर्गत डेयरी, दुग्ध चूर्ण, दही संयंत्रों एवं पटना के कॉम्फेड मुख्यालय में केंद्रीकृत इंटीग्रेटेड कंट्रोल एवं कमांड सेंटर, 246 करोड़ 6 लाख रूपये की लागत से पशु चिकित्सालयों, जिलास्तरीय संसाधन एवं प्रशिक्षण केंद्रों, गोट सीमेन स्टेशन, टेकुना, गयाजी एवं बिहार पशु चिकित्सा परिषद् के प्रशासनिक भवन सहित कुल 25 योजनाओं, 44 करोड़ 46 लाख रूपये की लागत से 11 जिलों में पंचायत एवं प्रखंड स्तरीय मत्स्य बाजार एवं अन्य मात्स्यिकी आधारभूत संरचनाओं का शिलान्यास शामिल है। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय परिसर में अवस्थित संजय गांधी डेयरी प्रौद्योगिकी संस्थान के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने कार्यशाला, द्रव यांत्रिक लैब, विभागाध्यक्ष कक्ष, उपकरण लैब, सम्मेलन कक्ष, पी0जी0 लैब, यू0जी0 लैब, समिति कक्ष आदि का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना का परिसर बाहरी लोगों से पूरी तरह सुरक्षित रहे, इसके लिए चारो ओर से परिसर की चहारदीवारी की ऊंचाई को और अधिक बढ़ायें। यहां के नवनिर्मित भवनों पर पर्याप्त संख्या में सोलर प्लेट भी अधिष्ठापित कराएं ताकि प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

## केंद्रीय विद्यालय, खगौल में अमृत भारत ट्रेन विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दानापुर।** पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल क्षेत्र के अंतर्गत स्थित केंद्रीय विद्यालय, खगौल में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अतुल कुमार के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के बीच अमृत भारत ट्रेन विषय पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दानापुर मंडल ट्रेनों के परिचालन के साथ-साथ अपने सामाजिक जिम्मेदारी को निभाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान देता रहता है। इसी कड़ी में स्कूल के विद्यार्थियों के बीच अमृत भारत ट्रेन को लेकर उनकी उत्सुकता को देखते हुए केंद्रीय विद्यालय खगौल में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में सब ने एक से एक पेंटिंग बनाई। अमृत भारत ट्रेन पर आधारित इस पेंटिंग कंपटीशन में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार क्रमशः दसवीं की छात्रा आनंदी कुमारी, कुमारी इशिका एवं नौवीं की छात्रा कुमारी शैली को मिला। प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती स्निग्धा की निगरानी में स्कूल के आर्ट टीचर सुबोध कुमार एवं दानापुर मंडल के मुख्य कल्याण निरीक्षक एकलव्य कुमार ज्योति की उपस्थित में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 84 वीं संयुक्त बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय, हाजीपुर में आज क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 84 वीं संयुक्त बैठक का आयोजन संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा कि मुख्यालय, हाजीपुर डी क्षेत्र में है और यहां सभी हिंदी जानते हैं। पूर्व मध्य रेल पर राजभाषा का प्रयोग-प्रसार निरंतर बढ़ रहा है। इस तिमाही में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उनके द्वारा अंतर्विभागीय राजभाषा चलशील्ड प्रशासन विभाग को प्रदान किया गया। यह शील्ड वरिष्ठ उप महाप्रबंधक पंकज कुमार ने प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में राजभाषा पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने रेल मंत्री के हिंदी दिवस संदेश का वाचन भी किया और सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वे अपना ज्यादातर कार्य हिंदी में ही करें ताकि भारत सरकार की राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। महाप्रबंधक ने कहा कि अपनी भाषा की सेवा राष्ट्र सेवा है। कार्यक्रम दो सत्रों में चला। बैठक को संबोधित करते हुए अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार ने कहा कि भारतीय रेल का राष्ट्रीय महत्व है। उन्होंने बताया कि जो हिंदीत्तर-भाषी हैं उन्होंने राष्ट्रभाषा की ज्यादा सेवा की है। केरल से लेकर दक्षिण भारत के कई क्षेत्रों में हिंदी के विकास और प्रचार-प्रसार में रेल का बड़ा योगदान है। इस अवसर पर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक विजय कुमार ने महाप्रबंधक के हिंदी दिवस संदेश का वाचन किया एवं उम्मीद जताई कि महाप्रबंधक के कुशल नेतृत्व में पूर्व मध्य रेल राजभाषा के प्रयोग-प्रसार में अग्रणी रहेगा।

## जीएसटी सुधार से मिडिल क्लास को मिला बड़ा उपहार : मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि एनडीए के जीएसटी सुधार से नवरात्रि में मिडिल क्लास को बड़ा उपहार मिला है। करोड़ों मिडिल क्लास परिवारों के लिए यह 'बचत उत्सव' उनके त्योहारों के इस मौसम में उनके लिए बड़ा राहत लेकर आया है। श्री पाण्डेय ने कहा कि निश्चिततौर पर आत्मनिर्भर और विकसित भारत का सशक्त आधार स्वदेशी बनेगा। टैक्स रिफॉर्म से न केवल भारतीय अर्थव्यवस्था को बल्कि देश के समेकित व समावेशित विकास को भी गति मिलेगी। इससे सालाना देश के उपभोक्ताओं का कुल बचत औसतन 2.30 लाख करोड़ रुपये का होगा। उन्होंने कहा कि मध्य वर्ग अगर 5 हजार की स्टेशनरी की खरीदारी करेगा तो उसे 600 की बचत होगी।

## मंत्रोच्चार और शंख की ध्वनि के बीच बिहार भाजपा चुनाव प्रबंधन कार्यालय का उद्‌घाटन

# चुनाव में प्रबंधन की अहम भूमिका, भाजपा हर मोर्चे पर तैयार : डॉ. दिलीप जायसवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रबंधन को लेकर चुनाव प्रबंधन कार्यालय का आज शुभारंभ कर दिया गया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने संयुक्त रूप से मंत्रोच्चार और शंख की ध्वनि के बीच नारियल फोड़कर चुनाव प्रबंधन कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रमुख राधामोहन शर्मा भी उपस्थित रहे। इस क्रम में उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष को पूरी तैयारी की जानकारी दी। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि चुनाव में प्रबंधन की भूमिका सबसे बड़ी होती है। चुनाव को लेकर बनी समितियों में समन्वय स्थापित कर कार्य करना बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि भाजपा आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर पूरी तरह तैयार है। चुनाव को लेकर सभी समितियां और विभाग बन गये हैं और कार्य प्रारंभ कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह कार्यालय चुनाव की समाप्ति तक कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रबंधन कार्यालय का कार्य बूथस्तर तक होगा जिससे आसानी से एनडीए दो तिहाई बहुमत के साथ फिर से सरकार बना सके। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि विधानसभा चुनाव में कुछ ही दिन शेष हैं तथा भाजपा विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। हम सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा, एनडीए की जीत के लिए कार्य करना है। भाजपा व्यक्ति से बड़ा दल और दल से बड़ा प्रदेश और देश के मंत्र पर चलती है। इस मौके पर भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के सह संयोजक शोभा सिंह, योगेंद्र शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलू, रणवीर कुमार, सूरज पांडे, प्रवक्ता नीरज कुमार, भाजपा नेत्री सजल झा, सी.डी. शर्मा, राजीव कुमार सहित प्रदेश पदाधिकारी, महिला मोर्चा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नशा से दूर रहें नौजवान : प्रेम कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नशा मुक्त युवा विकसित भारत की मजबूत कड़ी है उक्त बातें ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित यूथ समिट को संवोधित करते हुये प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि भारत दुनिया का युवा देश है। आज का युवा इस लिए शिक्षा प्राप्त करना चाहता है ताकि उसे अच्छी नौकरी मिले जिससे भोग परक जीवन जीने का आनंद उठाया जा सकता। इसी आनंद के तलाश में असफल होने पर वह अवैध तरीके से धन कमाने की चेष्टा करता है जो उसके जीवन में जहर घोलता है। युवाओं में बढ़ती नशा के लत चिंता का विषय है। वही अवकाश प्राप्त आई आर एस एम के प्रसाद ने बताया कि शुद्धता मनुष्य की चरित्र निर्माण के लिए आवश्यक है। उन्होंने प्रेम, शांति और भाईचारा को लेकर हर व्यक्ति को प्रयत्न करना ही चाहिए। वीआईटी के एनएसएस समन्वयक प्रो श्री धर ने सोशल मीडिया और सिनेमा के दुष्प्रभाव पर विस्तार से प्रकाश डाला साथ ही युवाओं के नैतिक पतन का कारण बताया।

## वोट और हक चोरी के खिलाफ बिहार देगा भारत को नई दिशा : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी मुख्यालय, सदाकत आश्रम में आज आयोजित संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने पूरे प्रदेश और देशवासियों को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नवरात्रि शक्ति, साहस और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है और यह पर्व अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी इसी भावना के साथ संविधान, किसानों और आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए नई लड़ाई का संकल्प ले रही है। राजेश राम ने बताया कि आगामी कांग्रेस वर्किंग कमिटी की विस्तारित बैठक 24 सितम्बर 2025 को पटना स्थित सदाकत आश्रम में आयोजित होगी और यह बैठक ऐतिहासिक महत्व की है क्योंकि यही वह धरती है जहां स्वतंत्रता संग्राम के दौरान डॉ. राजेंद्र प्रसाद, महात्मा गांधी और पंडित नेहरू जैसे नेताओं ने आंदोलन की रणनीति बनाई थी। उन्होंने कहा कि आज जब लोकतंत्र, संविधान और जनता के अधिकारों पर खतरा है तो इस धरती से कांग्रेस नई लड़ाई की शुरुआत करेगी और बिहार की जनता की आवाज को पूरे देश तक पहुंचाएगी। राजेश राम ने अपने संवाद में बिहार की समस्याओं पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, पलायन, शिक्षा और स्वास्थ्य की बदहाली, किसानों की दुर्दशा और महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार ने जनता को त्रस्त कर दिया है। लाखों नौजवान रोजगार की तलाश में पलायन कर रहे हैं, किसान अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं पा रहे और महिलाओं की सुरक्षा लगातार खतरे में है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नीतीश-मोदी सरकारें इन गंभीर मुद्दों पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही हैं, बल्कि सिर्फ वोट बैंक की राजनीति पर ध्यान दे रही हैं। कांग्रेस पार्टी इन समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर उठाएगी और सीडब्ल्यूसी की विस्तारित बैठक से यह सुनिश्चित करेगी कि बिहार से उठी यह आवाज पूरे देश में गूंजे। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार में पिछले दो दशकों से और केंद्र सरकार ने पिछले 11 वर्षों में, जनता के हर वर्ग के अधिकारों का हनन किया गया है। किसानों के हक़ की चोरी हुई जमीनें अडानी को 1 में दी गईं।

## जैन धर्मावलंबियों ने मनाया 22वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का ज्ञान कल्याण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जैन धर्मावलंबियों ने पटना के दिगम्बर जैन मंदिरों में मनाया जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का ज्ञान कल्याण। पटना के मीठापुर, कदमकुआं, मुरादपुर, गुलजारबाग, गुरारा, कालीबीबी का कटरा सहित सभी दिगम्बर जैन मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान नेमिनाथ का ज्ञान कल्याणक श्रद्धा एवं भक्ति से मनाया। प्रातः से ही श्रद्धालुगण मंदिर पहुंचने लगे। भगवान का अभिषेक किया गया। अभिषेक के बाद शांतिधारा की गई। फिर भगवान का अर्ध्य चढ़ाया गया। फिर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। मुरादपुर दिगम्बर जैन चैत्यालय में सुबोध जैन फंटि एवं अन्य ने शांतिधारा एवं पूजन किया। मीठापुर दिगम्बर जैन मंदिर में भी पूजा अर्चना की गई।

## अग्रसेन सेवा न्यास ने किया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा आज शक्तिधाम, बैंक रोड, पटना में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। मौके पर न्यास के अध्यक्ष अमर अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा प्रत्येक माह को यह चिकित्सा शिविर आयोजित होता है। अग्रवाल ने बताया कि आज के इस चिकित्सा शिविर में कुल 155 से अधिक मरीजों ने अपनी जांच करवाई। अग्रवाल ने बताया कि सभी मरीजों को निःशुल्क चाय बिस्कुट दिया गया। शिविर में डॉ बी के अग्रवाल द्वारा हेपेटाइटिस की जांच की गई। शिविर में इसके अतिरिक्त हेपेटाइटिस 'बी' की जांच के लिए 25 मरीजों का खून लिया गया। मौके पर शिविर में 75 मरीजों के आंखों की जांच प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शशि मोहनका द्वारा किया गया। इनमें 14 मरीजों का मोतियाबिंद काफी बढ़ा हुआ था। इन सभी का निःशुल्क फेको विधि द्वारा आपरेशन श्याम मंदिर, न्यूबहादुरपुर के पास स्थित श्री बालाजी नेत्रालय में किया जाएगा। आज 20 मरीजों को निःशुल्क चश्मा भी उपलब्ध कराया गया। मौके पर डॉ सुनील अग्रवाल ने चेस्ट एवं सामान्य बीमारी के करीब 32 मरीजों की जांच की वहीं डॉ रचना जैन ने 10 महिला मरीजों की जांच की। आंखों के अतिरिक्त मधुमेह की जांच डॉ सुभाष कुमार के द्वारा की गयी जिसमें 29 लोगों में मधुमेह पाया गया। सभी मरीजों को मधुमेह की दवा निःशुल्क दी गयी।

## संजीवनी लाइफ केयर में प्रोस्टेट कैंसर को लेकर जागरूकता अभियान आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पटना हवाईअड्डा के पास स्थित संजीवनी लाइफ केयर अस्पताल में आज प्रोस्टेट कैंसर को लेकर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। अस्पताल के वरिष्ठ मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुदीश कुमार ने इस अवसर पर प्रोस्टेट स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला और पुरुषों को समय रहते जांच कराने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि दुनियाभर में नवंबर माह को प्रोस्टेट कैंसर जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है जिसका उद्देश्य प्रोस्टेट कैंसर की प्रारंभिक पहचान, रोकथाम और इलाज को लेकर लोगों में समझ बढ़ाना है। डॉ. कुमार ने कहा कि 50 वर्ष की उम्र के बाद पुरुषों को प्रोस्टेट की नियमित जांच करानी चाहिए और यदि पेशाब में किसी भी तरह की दिक्कत हो तो इसे नजरअंदाज न करें। उन्होंने स्वस्थ आहार और जीवनशैली को भी प्रोस्टेट स्वास्थ्य के लिए जरूरी बताया। टमाटर, बेरीज, मछली, जैतून का तेल और अनाज जैसे आहार से लाभ होता है। साथ ही प्रोस्टेट-विशिष्ट एंटीजन और डिजिटल रेक्टल एग्जामिनेशन जैसे शुरुआती जांच परीक्षणों से बीमारी का समय पर पता लगाया जा सकता है।

# पटना में आरके सिन्हा के लिए मांगी दुआएं

## 75वें जन्मदिन पर भंडारा और खाद्य सामग्री का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भाजपा के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व राज्यसभा सांसद आर के सिन्हा के 75वें जन्मदिन के अवसर पर उनके आवास अन्नपूर्णा भवन में भंडारा का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त आदि चित्रगुप्त मंदिर पटना सिटी में जरूरतमंदों के बीच खाद्य सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर पूर्व सांसद के निजी सचिव मनीष किशोर ने बताया कि हालांकि आरके सिन्हा इस वक्त इलाज के लिए सिंगापुर में हैं, लेकिन उनके समर्थकों ने उनकी अनुपस्थिति में जन्मदिन को सेवा और श्रद्धा के साथ मनाया। इस बार उनके जन्मदिन के अवसर पर पूरे भारत एवं विदेशों में रहने वाले उनके कर्मचारी और प्रशंसकों द्वारा मंदिर या स्थानों पर उनके शीघ्र स्वास्थ कामना हेतु प्रार्थना और पूजा की जा रही है। सबने मिलकर प्रार्थना की कि आरके सिन्हा जल्द स्वस्थ होकर लौटें और पहले की तरह बिहार की सेवा में सक्रिय हों। इस अवसर पर अभिषेक सिंह, आनंद प्रसाद, रणवीर कुमार, वार्ड पार्षद अभिजीत, संजय राय, सुधीर मुखिया, राजेश मुखिया, मंडल अध्यक्ष अमित यादव, दीनदयाल पटेल, राज्यवर्धन शर्मा, रामप्रवेश प्रसाद, सुशील सिन्हा, भानु, नीरज वर्मा, पी के वर्मा, अशोक प्रसाद, चिंतामणि, चंदन, संजय, प्रियरंजन, अरविंद सिन्हा, अनिकेत, राहुल, अमित, सुजीत वर्मा, कुसुमलता वर्मा, मदन पासवान सहित कई कार्यकर्ताओं ने अपनी भागीदारी देकर सेवा दी।

## कृषि विभाग को मिला 'स्कॉच गोल्ड अवार्ड' बिहार कृषि ऐप को मिली राष्ट्रीय पहचान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नई दिल्ली में आयोजित स्कॉच अवार्ड्स के 102वें संस्करण में कृषि विभाग को प्रतिष्ठित स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान राज्य सरकार द्वारा विकसित अभिनव 'बिहार कृषि ऐप' को किसानों की सुविधा, सशक्तिकरण और कृषि क्षेत्र में डिजिटल नवाचार के लिए प्रदान किया गया है। 'बिहार कृषि ऐप' राज्य के किसानों के लिए एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो उन्हें खेती से संबंधित आवश्यक और उपयोगी जानकारियां एक ही मंच पर उपलब्ध कराता है। इस ऐप के माध्यम से किसानों को फसल प्रबंधन की आधुनिक तकनीक, सरकारी योजनाओं की ताजा जानकारी, बाजार भाव, प्रशिक्षण सामग्री तथा तकनीकी सहयोग जैसी सेवाएं आसानी से प्राप्त होती है।

## चित्रांश एकता मंच महिला समिति ने किया डांडिया महोत्सव का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राजधानी पटना के एस.के.पुरी, बोरिंग रोड में चित्रांश एकता मंच महिला महिला समिति ने डांडिया महोत्सव का भव्य आयोजन किया। माता रानी के सबसे बड़े पर्व नवरात्र के अवसर पर हर जगह डांडिया और गरबा की धूम रहती है। हर कोई रंग- बिरंगे खूबसूरत पारंपरिक परिधानों में सज- धज कर माता का स्वागत करने के लिए तैयार रहता है। मान्यता है कि इस नवरात्रि पर दुर्गा माता अपने मायके आती हैं जिनके स्वागत के लिए दुर्गा पूजा और डांडिया डांस का आयोजन किया जाता है। चित्रांश एकता मंच महिला महिला समिति ने इस मौके पर डांडिया महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गयी। रंग-बिरंगे परिधानों में महिलाओं ने जमकर डांडिया पर डांस किया। इस दौरान कोई गरबा की मस्ती में डूबा नजर आया तो कोई गीतों की मधुर धुन पर जमकर डांडिया खनकाते नजर आया। रंग-बिरंगे और लुभावने परिधानों में सजी-संवरी महिलाओं ने इस अवसर पर गरबा और डांडिया नृत्य का आनंद लिया और भक्ति गीतों पर जमकर मौज मस्ती की। सभी लोगों ने पूरे उत्सव से मिलकर भाग लिया और एक-दूसरे को नवरात्रि की बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान नगाड़े संग ढोल बाजे- ढोलीड़ा ढोल रे बजा, डाक बाजा, रंगीलो मारो ढोलना, छुगाडा तारा गीत पर महिलाएं खूब झूमीं। इस महोत्सव का आयोजन अनिता सिन्हा, संगीता प्रसाद, विभा सिन्हा, हेमा सिन्हा और नंदा जी और उनकी टीम की सदस्यों ने मिलजुलकर किया। कार्यक्रम के दौरान विजय लक्ष्मी, नीता, तूलिका श्रीवास्तव, रंगोली श्रीवास्तव, प्रीति सिन्हा, आरती वर्मा, आराधना रंजन, नीलम सिन्हा समेत कई अन्य महिला उपस्थित रहीं। आयोजकों ने बताया कि डांडिया का आयोजन हममें भारतीय संस्कृति और सभ्यता के प्रति समर्पण का भाव जगाता है। नवरात्रि का पर्व महिलाओं में समाज की बुराइयों, रुढ़ियों को दूर करने का संकल्प करने का संदेश देता है। डांडिया कार्यक्रम सामाजिक परंपरा और धार्मिक आस्था के साथ साथ हमें मानसिक और शारीरिक स्तर पर ऊर्जा देता है। ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन होने से हमारी संस्कृति सहित परंपराओं को पहचान मिलती है जो आने वाली पीढ़ी में एक मार्गदर्शक बनने में सहायक होती है।

## टेंडर हर्ट्स इंटरनेशनल स्कूल में दुर्गा पूजा उत्सव, डांडिया और नवदुर्गा रूपांकन ने मोहा मन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** लायन्स क्लब ऑफ पटना संस्कृति द्वारा टेंडर हर्ट्स इंटरनेशनल स्कूल परिसर में दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने नवदुर्गा का रूप धारण कर भारतीय संस्कृति एवं परंपरा का जीवंत प्रस्तुतीकरण कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के बीच डांडिया प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने गरबा मेशअप पर उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के विजेताओं में नीतू राज नंदनी, अक्षिता, अनुष्का, कृति प्रियांशी, श्रेया, विदुषी और नव्या का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। इसके अलावा महिषासुर वध का प्रभावशाली मंचन भी प्रस्तुत किया गया जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



# दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ पूजा-2025
## के अवसर पर
# भारतीय रेल की पहल



**दिनांक 21.09.2025 से 30.11.2025 तक चलाई जा रही है विशेष रेलगाड़ियाँ**

| रेलगाड़ी सं. | स्टेशन | | तिथियाँ | | आवृत्ति | चलने के दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | से | तक | से | तक | | |
| 08439 | पुरी | पटना जं. | 13.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 08440 | पटना जं. | पुरी | 14.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 02811 | भुवनेश्वर | यशवन्तपुर जं. | 13.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 02812 | यशवन्तपुर जं. | भुवनेश्वर | 15.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 08581 | विशाखापत्तनम | एसएमवीटी बेंगलुरु | 14.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 08582 | एसएमवीटी बेंगलुरु | विशाखापत्तनम | 15.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 08547 | विशाखापत्तनम | तिरुपति | 12.09.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 08548 | तिरुपति | विशाखापत्तनम | 13.09.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 08579 | विशाखापत्तनम | चर्लपल्ली | 12.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 08580 | चर्लपल्ली | विशाखापत्तनम | 13.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03230 | पटना जं. | पुरी | 25.09.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 03229 | पुरी | पटना जं. | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 03208 | बक्सर | क्यूल | 21.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 03207 | क्यूल | बक्सर | 21.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 03209 | झाझा | दानापुर | 21.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 03210 | दानापुर | झाझा | 21.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 05297 | पाटलिपुत्र | बलिया | 01.10.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 05298 | बलिया | पाटलिपुत्र | 01.10.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 03215 | पटना जं. | थावे जं. | 01.10.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 03216 | थावे जं. | पटना जं. | 01.10.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 03677 | धनबाद जं | गोरखपुर जं. | 21.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03678 | गोरखपुर जं | धनबाद जं. | 22.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 03043 | हावड़ा जं. | रक्सौल जं. | 27.09.25 | 15.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03044 | रक्सौल जं. | हावड़ा जं. | 28.09.25 | 16.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03511 | आसनसोल जं. | पटना जं | 19.10.25 | 09.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03512 | पटना जं. | आसनसोल जं. | 19.10.25 | 09.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03131 | सियालदह | गोरखपुर जं. | 30.09.25 | 18.11.25 | द्वि–साप्ताहिक | मंगलवार, गुरुवार |
| 03132 | गोरखपुर जं | सियालदह | 01.10.25 | 19.11.25 | द्वि–साप्ताहिक | बुधवार, शुक्रवार |
| 03527 | आसनसोल जं. | गोरखपुर जं. | 26.09.25 | 07.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 03528 | गोरखपुर जं. | आसनसोल जं. | 27.09.25 | 08.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03007 | हावड़ा जं. | खातीपुरा | 28.09.25 | 02.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03008 | खातीपुरा | हावड़ा जं. | 30.09.25 | 04.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 03109 | कोलकाता टर्मिनल | वडोदरा जं. | 30.09.25 | 25.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 03110 | वडोदरा जं. | कोलकाता टर्मिनल | 02.10.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 03417 | मालदा टाउन | उधना जं. | 27.09.25 | 08.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03418 | उधना जं. | मालदा टाउन | 29.09.25 | 10.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 03187 | कोलकाता टर्मिनल | मधुबनी | 30.09.25 | 25.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 03188 | मधुबनी | कोलकाता टर्मिनल | 01.10.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 03465 | मालदा टाउन | दीघा | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03466 | दीघा | मालदा टाउन | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03101 | सियालदह | मालतीपाटपुर | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 03102 | मालतीपाटपुर | सियालदह | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03135 | सियालदह | पटना जं. | 05.10.25 | 16.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03136 | पटना जं. | सियालदह | 05.10.25 | 16.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03430 | मालदा टाउन | चर्लपल्ली | 30.09.25 | 11.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 03429 | चर्लपल्ली | मालदा टाउन | 02.10.25 | 13.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 04131 | कानपुर सेंट्रल | एसएमवीटी बेंगलुरु | 21.09.25 | 09.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 04132 | एसएमवीटी बेंगलुरु | कानपुर सेंट्रल | 24.09.25 | 12.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 07019 | जयपुर जं. | हैदराबाद | 28.09.25 | 23.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07020 | हैदराबाद | जयपुर जं. | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07029 | अगरतला | चर्लपल्ली | 22.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07030 | चर्लपल्ली | अगरतला | 26.09.25 | 24.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 07053 | काचीगुडा | बीकानेर जं. | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 07054 | बीकानेर जं. | काचीगुडा | 23.09.25 | 25.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 07075 | हैदराबाद | गोरखपुर जं. | 22.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07076 | गोरखपुर जं. | हैदराबाद | 28.09.25 | 23.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07191 | काचीगुडा | मदुरै जं. | 22.09.25 | 20.10.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 07192 | मदुरै जं. | काचीगुडा | 24.09.25 | 22.10.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 07193 | हैदराबाद | कोल्लम जं. | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 07194 | कोल्लम जं. | हैदराबाद | 22.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 07230 | हैदराबाद | कन्याकुमारी | 24.09.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 07229 | कन्याकुमारी | हैदराबाद | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07651 | जालना | छपरा | 27.08.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 07652 | छपरा | जालना | 29.08.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07153 | नरसापुर | एसएमवीटी बेंगलुरु | 03.10.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07154 | एसएमवीटी बेंगलुरु | नरसापुर | 04.10.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 07005 | चर्लपल्ली | रक्सौल जं. | 06.10.25 | 24.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 07006 | रक्सौल जं. | चर्लपल्ली | 09.10.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 07717 | तिरुपति | हिसार | 01.10.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 07718 | हिसार | तिरुपति | 05.10.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07017 | चर्लपल्ली | तिरुपति | 28.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07018 | तिरुपति | चर्लपल्ली | 29.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 07131 | तिरुपति | नरसापुर | 28.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07132 | नरसापुर | तिरुपति | 29.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 07233 | चर्लपल्ली | नरसापुर | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 07234 | नरसापुर | चर्लपल्ली | 28.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07445 | काकीनाडा टाउन | लिंगमपल्ली | 22.09.25 | 24.11.25 | त्रि–साप्ताहिक | सोम, बुध, शुक्र |
| 07446 | लिंगमपल्ली | काकीनाडा टाउन | 27.09.25 | 29.11.25 | त्रि–साप्ताहिक | मंगल, गुरु, शनि |
| 07447 | काकीनाडा टाउन | चर्लपल्ली | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 07448 | चर्लपल्ली | काकीनाडा टाउन | 28.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07605 | तिरुपति | अकोला जं. | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07606 | अकोला जं. | तिरुपति | 28.09.25 | 23.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07609 | जालना | तिरुपति | 23.09.25 | 24.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 07610 | तिरुपति | जालना | 24.09.25 | 25.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 07521 | कड़पा | गुंतकल जं. | 22.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 07522 | गुंतकल जं. | कड़पा | 22.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 07057 | पूर्णा जं. | जालना | 28.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07058 | जालना | पूर्णा जं. | 25.09.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 07281 | पूर्णा जं. | जालना | 22.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 07282 | जालना | नांदेड़ | 22.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 07012 | तिरुपति | चर्लपल्ली | | 27.09.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07011 | चर्लपल्ली | तिरुपति | | 26.09.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 07055 | काचीगुडा | नागरसोल | | 25.09.25 | एक फेरा | गुरुवार |
| 07056 | नागरसोल | काचीगुडा | | 26.09.25 | एक फेरा | शुक्रवार |
| 07046 | चर्लपल्ली | नाहरलगुन | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 07047 | नाहरलगुन | चर्लपल्ली | 23.09.25 | 02.12.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 08611 | संतरागाछी जं. | अजमेर जं. | 22.09.25 | 24.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 08612 | अजमेर जं. | संतरागाछी जं. | 25.09.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 02863 | संतरागाछी जं. | यशवन्तपुर जं. | 25.09.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 02864 | यशवन्तपुर जं. | संतरागाछी जं. | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 08845 | संतरागाछी जं. | सिकंदराबाद जं. | 19.09.25 | 03.10.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 08846 | सिकंदराबाद जं. | संतरागाछी जं. | 20.09.25 | 04.10.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 08109 | संतरागाछी जं. | पटना जं. | 18.10.25 | 01.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 08110 | पटना जं. | संतरागाछी जं. | 19.10.25 | 02.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 08629 | रांची | गोरखपुर जं. | 18.10.25 | 01.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 08630 | गोरखपुर जं | रांची | 19.10.25 | 02.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 08865 | नेताजी एस.सी. बोस इतवारी जं. | शालीमार | 27.09.25 | 01.10.25 | प्रतिदिन | शनि, रवि, सोम, मंगल, बुध |
| 08866 | शालीमार | नेताजी एस.सी. बोस इतवारी जं. | 28.09.25 | 02.10.25 | प्रतिदिन | शनि, रवि, सोम, मंगल, बुध |
| 06085 | एर्नाकुलम जं. | पटना जं. | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 06086 | पटना जं. | एर्नाकुलम जं. | 22.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 06055 | पोत्तनूर जं. | बरौनी जं. | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 06056 | बरौनी जं. | पोत्तनूर जं. | 09.09.25 | 02.12.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 06063 | कोयंबटूर जं. | धनबाद जं. | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 06064 | धनबाद जं. | कोयंबटूर जं. | 22.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 01667 | रानी कमलापति | दानापुर | 27.09.25 | 01.11.25 | द्वि–साप्ताहिक | शनिवार, मंगल |
| 01668 | दानापुर | रानी कमलापति | 28.09.25 | 02.11.25 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, बुध |
| 01701 | जबलपुर | दानापुर | 26.09.25 | 05.11.25 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शुक्र |
| 01702 | दानापुर | जबलपुर | 27.09.25 | 06.11.25 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, शनिवार |
| 09821 | सोगरिया | दानापुर | 27.09.25 | 01.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 09822 | दानापुर | सोगरिया | 29.09.25 | 03.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 02192 | रीवा | रानी कमलापति | 27.09.25 | 01.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 02191 | रानी कमलापति | रीवा | 27.09.25 | 01.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 01704 | रीवा | डॉ. अम्बेडकर नगर | 27.09.25 | 25.10.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 01703 | डॉ. अम्बेडकर नगर | रीवा | 28.09.25 | 26.10.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 09059 | उधना जं. | खोरधा रोड जं. | 01.10.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 09060 | खोरधा रोड जं. | उधना जं. | 03.10.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 09025 | वलसाड | दानापुर | 06.10.25 | 24.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 09026 | दानापुर | वलसाड | 07.10.25 | 25.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 09045 | उधना जं. | पटना जं. | 03.10.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 09046 | पटना जं. | उधना जं. | 04.10.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 09007 | वलसाड | खातीपुरा | 02.10.25 | 30.10.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 09008 | खातीपुरा | वलसाड | 03.10.25 | 31.10.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 09031 | उधना जं. | जयनगर | 05.10.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 09032 | जयनगर | उधना जं. | 06.10.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 09343 | डॉ. अम्बेडकर नगर | पटना जं. | 02.10.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 09344 | पटना जं. | डॉ. अम्बेडकर नगर | 03.10.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 09195 | वडोदरा जं. | मऊ | 06.10.25 | 24.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 09196 | मऊ | वडोदरा जं. | 07.10.25 | 25.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 09043 | बांद्रा टर्मिनस | बढ़नी | 05.10.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 09044 | बढ़नी | बांद्रा टर्मिनस | 06.10.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 09117 | उधना जं. | सूबेदारगंज | 03.10.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 09118 | सूबेदारगंज | उधना जं. | 04.10.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 09075 | मुंबई सेंट्रल | काठगोदाम | 01.10.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 09076 | काठगोदाम | मुंबई सेंट्रल | 02.10.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 09185 | मुंबई सेंट्रल | कानपुर अनवरगंज | 05.10.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 09186 | कानपुर अनवरगंज | मुंबई सेंट्रल | 06.10.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 09039 | उधना जं. | धनबाद जं. | 03.10.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 09040 | धनबाद जं. | उधना जं. | 05.10.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |

**भारतीय रेल**
www.indianrailways.gov.in
हमें फॉलो करें /RailMinIndia

# मगध विश्वविद्यालय एनएसएस का स्वच्छता अभियान 13वें दिन भी जारी




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** राष्ट्रीय सेवा योजना, मगध विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के 13वें दिन भी स्वच्छ एवं सुन्दर परिसर के लिए श्रमदान जारी रहा। इस अभियान का उद्देश्य परिसर को स्वच्छ, सुन्दर और स्वस्थ बनाना है। साथ ही छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को जागृत करना है। अभियान की शुरुआत कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही, कुलसचिव डॉ. बी. के. मंगलम और अधिष्ठाता, छात्र कल्याण प्रो. ब्रजेश कुमार राय ने श्रमदान कर की थी। इसके बाद से लगातार विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न हिस्सों में सफाई अभियान जारी है। शुरूआत में स्टूडेंट इन्फॉर्मेशन सेंटर के सामने उपेक्षित पार्क की सफाई की गई थी जिसमें शिक्षकों-शिक्षकेतर कर्मचारियों और छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। अभियान के 13वें दिन एनएसएस स्वयंसेवकों ने ओवल गार्डन, बुद्धा पार्क, राजनीति विज्ञान विभाग, शिक्षा संकाय भवन और आसपास के पार्कों में झाड़ियों की सफाई की और खरपतवार नाशक दवाओं का छिड़काव किया। इस अवसर पर एनएसएस समन्वयक डॉ. पिंटू कुमार स्वयं उपस्थित रहे और श्रमदान कर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बताया कि यह 15 दिवसीय अभियान 24 सितम्बर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना दिवस पर संपन्न होगा। समापन कार्यक्रम मन्नु लाल केंद्रीय ग्रंथालय स्थित सभागार में आयोजित होगा जिसमें मगध विश्वविद्यालय के कुलपति, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय गया के एनएसएस समन्वयक और एनएसएस से जुड़े अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले छात्रों में संतोष कुमार सोनू, प्रकाश कुमार, गुलशन कुमार, रवि कुमार, उज्ज्वल कुमार, सुजीत कुमार, आकाश कुमार और प्रशांत कुमार सहित बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवक एवं विभिन्न विभागों के छात्र शामिल रहे। यह अभियान न केवल विश्वविद्यालय परिसर को स्वच्छ और सुंदर बना रहा है, बल्कि छात्रों को समाज सेवा, अनुशासन और जन-जागरूकता से भी जोड़ रहा है जो आने वाले समय में उनके व्यक्तित्व विकास और सामाजिक योगदान का आधार बनेगा।

# शेरघाटी निबंधन कार्यालय में स्टांप पेपर की कालाबाजारी, गरीब-मध्यमवर्गीय लोग परेशान

## एसडीओ ने जांच कर कार्रवाई करने का दिया आश्वासन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी(गया)।** शेरघाटी निबंधन कार्यालय में स्टांप पेपर की कालाबाजारी का मामला सामने आया है। निर्धारित मूल्य पर स्टांप पेपर मिलना आम लोगों के लिए मुश्किल हो गया है। जरूरतमंदों को मजबूरी में कई गुना अधिक कीमत पर स्टांप खरीदना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार निबंधन कार्यालय के बाहर धनेश्वर और विकास नामक स्टांप वेंडर 100 का स्टांप 300 में, 500 का स्टांप 700 में और 1000 का स्टांप 1200 से लेकर 1600 तक बेच रहे हैं। डुमरिया प्रखंड के छक्रबंधा से आई महिला रिंकी देवी ने बताया मैं जन्म प्रणाम पत्र के लिए 100 का स्टांप लेने आई थी, लेकिन वेंडर ने 300 मांगा। बहुत निवेदन करने पर भी वह 150 में देने को तैयार नहीं हुए। आखिरकार मुझे खाली हाथ वापस लौटना पड़ा। वहीं, स्थानीय निवासी योगेंद्र प्रसाद ने कहा हमें रजिस्ट्री कार्य के लिए 500 का स्टांप चाहिए था, लेकिन वेंडर ने 700 लिए। हमारी मजबूरी थी, इसलिए हमें महंगे दाम पर ही लेना पड़ा। आम नागरिकों के अनुसार स्टांप पेपर की यह कालाबाजारी गरीब और मध्यमवर्गीय लोगों पर सबसे ज्यादा असर डाल रही है। अतिरिक्त पैसे देने से उनकी आर्थिक परेशानी और बढ़ रही है।

# दैनिक जनता दरबार में डीएम ने आवेदकों की समस्याओं को सुना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के डीएम शशांक शुभंकर के द्वारा सोमवार को दैनिक जनता दरबार का आयोजन किया गया।जिसमें आए सभी आमजनों की समस्या को सुना गया एवं संबंधित विभाग के अधिकारी को इसके तत्काल निवारण हेतु जरुरी दिशा निर्देश दिया गया। डीएम ने कहा कि जनता दरबार आम जनता की सरकार तक सीधी पहुंच है। इसका उद्देश्य जनसमस्याओं का संवेदनशील, पारदर्शी और त्वरित समाधान है। जनता दरबार में आवेदन को द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु अनुरोध किया गया जिस पर डीएम ने संबंधित सीओ एवं थाना प्रभारी को जनता दरबार में सुनवाई कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में अवैध कब्जा जमाबंदी इत्यादि से संबंधित आवेदकों के आवेदन का निष्पादन हेतु संबंधित सीओ को निर्देशित किया गया। कई आवदेकों द्वारा अधिग्रहण भूमि का मुआवजा के संबंध में आवेदन दिया गया। डीएम ने जिला भू अर्जन पदाधिकारी एवं संबंधित सीओ को मामले की जांच करते हुए यथाशीघ्र नियमानुसार मुआवजे राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया गया। आवेदक ने आवेदन देते हुए कहा कि वह नीमचक बथानी क्षेत्र का रहने वाला है, आवास विहीन है, आवास योजना का लाभ हेतु सभी पात्रता रखता हूं, डीएम ने उप विकास आयुक्त जो जांच करते हुए आवास योजना का लाभ दिलवाने का निर्देश दिए। जनता दरबार में कुछ भूमिहीन महिला ने डीएम के समक्ष आकर आवेदन दिया है। डीएम ने एडीएम राजस्व को जांच करते हुए उन्हें भूमि उपलब्ध करवाने का निर्देश दिए हैं। अन्य आवेदनों को भी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को समस्या निदान हेतु उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# विशेष छापेमारी अभियान में 25 अवैध बालू लदे ट्रैक्टर जब्त



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** अवैध खनन व परिवहन पर पूर्णतः रोकथाम लगाने के उद्देश्य से गया पुलिस द्वारा लगातार विशेष छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को पुलिस को सूचना मिली कि मनोहरपुर बालू घाट पर अवैध खनन व परिवहन किया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी टिकारी के नेतृत्व में कई थाना क्षेत्रों की पुलिस टीम गठित कर छापेमारी की गई। मनोहरपुर घाट पर पहुंची पुलिस को देख अवैध खननकर्ता भागने लगे। मौके पर छापेमारी कर विशेष टीम ने कुल 25 अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर लिया।

# जदयू नेता हुए डीएम से सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** पितृपक्ष मेला महासंगम 2025 के सफल आयोजन के समापन पर हरिदास सेमिनरी प्रेसगृह में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सम्मान कार्यक्रम में जलपूर्ति, सफाई एवं विद्युत कोषांग के सदस्य सह जदयू नेता डॉ. जितेंद्र कुमार को डीएम शशांक शुभंकर द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डॉ. कुमार ने कहा कि डीएम शशांक शुभंकर के कुशल नेतृत्व में और पुलिस, नगर आयुक्त, सफाई कर्मचारी शहर के प्रबुद्ध नागरिकों के सहयोग से पितृपक्ष मेला सफल रहा है। डॉ. कुमार ने मेला महासंगम के सफलता के लिए जिला प्रशासन को बधाई दी है।

# हत्यारोपित झोला छाप डॉक्टर गिरफ्तार, गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** टिकारी थाना की पुलिस ने हत्या के आरोपी झोलाछाप डॉक्टर को गिरफ्तार कर जेल भेजा। गिरफ्तार झोला छाप डॉक्टर की पहचान औरंगाबाद जिला के उपहारा थाना क्षेत्र के बाजितपुर ग्राम निवासी कामेश्वर यादव के पुत्र विकास कुमार के रूप में हुई। टिकारी एसएचओ चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि टिकारी थाना कांड संख्या 331/24 के नामजद अभियुक्त विकास कुमार को गुप्त सूचना के आधार पर टिकारी थाना क्षेत्र के पंचदेवता ग्राम से गिरफ्तार किया गया। विकास के विरुद्ध रेवई ग्राम की एक महिला की मौत को लेकर आरोप लगाया गया था। जानकारी हो कि विकास कुमार बहेलिया बिगहा मुहल्ले में अवैध क्लिनिक चलाता था। इसी क्रम में एक महिला की बच्चेदानी का ऑपरेशन करने के दौरान नस कटने से मौत हो गई थी। मामले को लेकर विकास कुमार को एससी एसटी एक्ट के तहत नामजद अभियुक्त बनाया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ कर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

# राज्यव्यापी दिव्यांगजन खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** सोमवार को हरिहर सुब्रमण्यम स्टेडियम गांधी मैदान, गया में मगध प्रमंडल के अंतर गया, औरंगाबाद, जहानाबाद एवं अरवल जिला के दिव्यांग खिलाड़ियों के बीच राज्यव्यापी दिव्यांगजन खेल प्रतियोगिता 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, गया एवं जिला प्रशासन, गया द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से डीपीओ(आईसीडीएस) रश्मि वर्मा, सहायक निदेशक जिला दिव्यागजन सशक्तिकरण कोषांग अविनाश कुमार, सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग आकाश, जिला खेल पदाधिकारी सुरभि बाला, दीप जला कर एवं तिरंगा गुबारा उड़ा कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर गया प्रमंडल के 200 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जिनमें 150 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न खेल विधाओं में सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रतियोगिता में दिव्यांग महिला खिलाड़ियों की भी उत्साहजनक भागीदारी रही। प्रतियोगिता के संचालन में सहायक निदेशक, जिला दिव्यागजन शशक्तिकरण कोषांग गया, बिहार पारा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के जिला समन्वयक, शारिरिक शिक्षक एवं बड़ी संख्या में वालंटियर्स की सराहनीय भूमिका रही।

# आम सभा का आयोजन कर आमजनों को किया जागरूक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** सोमवार को नगर परिषद टिकारी द्वारा राष्ट्रव्यापी अभियान अंगीकार 2025 के तहत नगर के वार्ड में आम सभा का आयोजन कर आमजनों को जागरूक किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत आवासीय लाभ व अन्य सुविधाओं को हर पात्र परिवार तक पहुंचाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा अंगीकार 2025 की शुरुआत की गई है। नप के म्युनिसिपल सिविल इंजीनियर बबलू बादल ने बताया कि सोमवार को वार्ड संख्या चार में आम सभा की गई व वार्डवासियों को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0, सूर्य घर योजना व मुख्यमंत्री महिला ग्राम योजना की जानकारी विस्तार से दी गई व इसकी पात्रता की जानकारी दी गई। बबलू बादल ने बताया कि अभियान के तहत पात्र परिवारों को योजना की विस्तृत जानकारी, पंजीयन, ऋण सुविधा व पहले से स्वीकृत घरों के शीघ्र निर्माण की प्रक्रिया को गति दी जाएगी। सरकार का लक्ष्य है कि अंगीकार 2025 के माध्यम से हर शहरी गरीब परिवार को पक्का घर, ऊर्जा, स्वास्थ्य और समान दिलाया जाए। अभियान आगामी 31 अक्टूबर तक चलाई जाएगी। श्री बादल ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत परिवारों को छत पर सौर पैनल लगाकर सस्ती, स्वच्छ बिजली और 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करने के लिए एक सरकारी पहल है। इस योजना के तहत 2 किलोवाट तक की सौर प्रणाली के लिए 60% और 2 से 3 किलोवाट की प्रणाली के लिए 40% सब्सिडी मिलती है जिसकी ऊपरी सीमा 3 किलोवाट तक है। योजना का उद्देश्य घरों को बिजली के बिल से राहत देना और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना है। आमसभा के दौरान बबलू बादल के साथ वार्ड पार्षद अनिरुद्ध शर्मा, नप के शशिराम कुमार, खुशबू सिन्हा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पोखरा में कलश भरने गया युवक डूबा, ग्रामीणों ने बचाया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र में स्थित डबुर पोखरा में दशहरा के दिन एक युवक डूबने से बाल-बाल बचा। सोमवार सुबह लगभग 7 बजे की यह घटना है। इसमाइलपुर गांव के रहने वाले उत्तम कुमार उर्फ छोटू (24) कलश में पानी भरने पोखरा पहुंचे थे। पानी भरते समय वह गहरे पानी में डूब गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उत्तम को पानी से बाहर निकाला और इसमाइलपुर स्थित एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया। चिकित्सकों के अनुसार शरीर में पानी जाने से उत्तम की स्थिति शुरुआत में चिंताजनक थी, लेकिन प्राथमिक उपचार के बाद अब वह खतरे से बाहर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पोखरा की अधिक गहराई के कारण ऐसी दुर्घटनाएं होती रहती हैं।


**बिहार सरकार**

**समाहरणालय, औरंगाबाद**
**(जिला योजना कार्यालय)**

Phone No:-06186-222096
Email:aurangabad.dpo-bih@gov.in

**-: अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :-**

आकांक्षी जिला कार्यक्रम योजनान्तर्गत, औरंगाबाद जिले के अतरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (APHCs) में RO + 20 Lt. Water Cooler एवं स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्रों (HWCs) में ट्रिपल सीटर वेटिंग चेयर तथा विद्यालयों में अधिष्ठापित पुस्तकालयों के लिए विकास के लिए विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति हेतु योग्य फर्म/आपूर्तिकर्त्ताओं से अलग-अलग लिफाफों में मुहरबंद तकनीकी एवं वित्तीय निविदा आमंत्रित की जाती है।

मुहरबंद निविदाएं दिनांक 27.09.2025 को 03:00 बजे अप0 तक जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद में प्राप्त किये जाएंगे एवं उसी दिन अप0 04:00 बजे अध्यक्ष, निविदा/क्रय समिति के कार्यालय कक्ष में निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी, जिसमें निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है। निश्चित तिथि एवं समय समाप्त होने के पश्चात् प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

**विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।**

**PR- 015478 ( Planning ) 2025-26**

**जिला योजना पदाधिकारी, औरंगाबाद।**

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**


# भव्य कलश यात्रा निकाली गई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** हर साल की तरह इस साल भी दुर्गा पूजा समिति नवयुवक क्लब कौड़िया की ओर से सोमवार को सेनानी नदी से कलश स्थापना करायी गई। सुबह बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने शंकर मंदिर के पास से कलश यात्रा में भाग लिया। इस मौके पर पूजा कमेटी के सचिव अमर परमार सिंह, अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष गोलू कुमार, अभिमन्यु पांडे, नीरज कुमार, अंगद, विवेक, मुनारीक पासवान समेत कई लोग मौजूद रहे। वहीं चन्दैनी गांव से पहुंचे बबलू गुप्ता ने जानकारी दी कि यहां भी विधिवत कलश स्थापना की जा चुकी है। कलश यात्रा के दौरान भक्तिमय माहौल रहा और पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास देखने को मिला।

# जदयू महानगर अध्यक्ष ने किया शेरघाटी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों का दौरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जदयू महानगर अध्यक्ष राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल की अगुवाई में जदयू के कार्यकर्ताओं के साथ शेरघाटी विधानसभा, 226 के अंतर्गत गीसिंडी, पीड़ासिन, बारी पंचायत व स्थानीय इलाकों का सोमवार को दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिये। इसके अलावा निर्धन, गरीबों व असहाय के लिए वृद्धावस्था, विधवा पेंशन व इन्दिरा आवास दिलाने के लिए प्रयासरत हैं। श्री बरनवाल ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। स्थानीय लोगों ने सड़क खराब, नालियों की सफाई की कमी, स्ट्रीट लाइट, पेयजल आपूर्ति, बिजली व्यवस्था, जर्जर विद्युत तार और कचरा प्रबंधन जैसी प्रमुख समस्याओं को उठाया। इन सभी बिंदुओं को सूचीबद्ध कर संबंधित विभागों तक पहुंचाने का आश्वासन भी उनके द्वारा दिया गया। जनसम्पर्क करते हुए केन्द्र एवं राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया एवं सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया। बूथ स्तर तक पार्टी की मजबूती के लिए लोगों से संपर्क कर रहे हैं।

# कलश स्थापना से नवरात्रि का शुभारंभ

**वजीरगंज(गयाजी)।** क्षेत्र में दुर्गा पूजा का शुभारंभ कलश स्थापना के साथ सोमवार को विभिन्न पूजा स्थलों एवं घरों एवं मंदिरों में हो गया। इसी दरम्यान तरवां में भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें ढोल-बाजे के साथ माता के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान हो गया।

# एनडीए सम्मेलन की तैयारियों को लेकर भाजयुमो गयाजी (पूर्वी) की बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** सर्किट हाउस, गया में भारतीय जनता युवा मोर्चा, गयाजी (पूर्वी) की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को आयोजित हुई। बैठक में आगामी 23 सितम्बर को गया के ऐतिहासिक गांधी मैदान में दोपहर 1 बजे आयोजित होने वाले एनडीए सम्मेलन की तैयारियों को लेकर गहन चर्चा की गई।बैठक में मध्य प्रदेश से पधारे विस्तारक संजय बारारे तथा भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील सिन्हा ने उपस्थित युवा कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान किया।उन्होंने कहा कि गया की धरती पर होने वाला यह सम्मेलन न केवल बिहार बल्कि सम्पूर्ण देश की राजनीति के लिए एक ऐतिहासिक अवसर सिद्ध होगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे पूरी ऊर्जा और जोश के साथ सम्मेलन को सफल बनाने में जुटें। संजय बारारे के प्रेरणादायी विचारों और सुनील सिन्हा के मार्गदर्शन ने युवा कार्यकर्ताओं में अभूतपूर्व उत्साह और जोश का संचार किया। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा गयाजी (पूर्वी) जिला महामंत्री सागर सचदेवा ने विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए बताया कि युवा मोर्चा सम्मेलन की सफलता के लिए हर स्तर पर सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव और वार्ड-वार्ड तक युवाओं को जागरूक कर सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में जिलेवार जिम्मेदारियों का भी बंटवारा किया गया। विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से आने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मेलन स्थल पर युवाओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने का कार्य सौंपा गया। साथ ही सम्मेलन के दिन व्यवस्था, प्रचार-प्रसार, परिवहन और अनुशासन जैसी जिम्मेदारियों के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया। स्थानीय युवाओं ने उत्साहपूर्वक अपनी जिम्मेदारियां स्वीकार करते हुए भरोसा दिलाया कि गया गांधी मैदान का यह सम्मेलन अभूतपूर्व सफलता प्राप्त करेगा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की नीतियों और संकल्पों को जनता तक पहुंचाने में युवा मोर्चा पूरी प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ कार्य करेगा। बैठक में भाजपा युवा मोर्चा गयाजी (पूर्वी) के पदाधिकारीगण और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे, जिन्होंने सम्मेलन को सफल बनाने के लिए अपनी-अपनी जिम्मेदारियां निभाने का संकल्प लिया।

# रेलवे ट्रैक से मिला 12 वर्षीय बच्चे का शव

**वजीरगंज(गयाजी)।** गया-किउल रेलखंड पर वजीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरा हॉल्ट के पकरा पुल के निकट रेलवे ट्रैक के बीच में सोमवार की सुबह एक अज्ञात बच्चे का शव ग्रामीणों ने देखा जिसके बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंची तथा उसकी पहचान में जुट गई। दो-तीन घंटे बाद उसके शव की पहचान गरीबन चौधरी के 12 वर्षीय पुत्र अंश कुमार के रूप में की गई। प्रभारी थानाध्यक्ष एएसआई माला कुमारी ने बताया कि परिजनों के अनुसार बच्चा दिमागी रूप से कमजोर था और स्वतः ही ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत होने तथा पोस्टमार्टम नहीं कराने की बात कह शव अपने साथ गांव लेकर चले गये। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अंश एक गरीब परिवार का सदस्य था, उसके पिता अपना पुश्तैनी कार्य के अलावे मजदूरी करते हैं।

## आंती थाना में नए थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव का भव्य स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना में नए थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव का जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में आंती मुखिया प्रतिनिधि संजय कुमार यादव, सामाजिक कार्यकर्ता पुण्यदेव यादव, चबूरा मुखिया संजय यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। सभी ने नए थानाध्यक्ष को माला पहनाकर, बुके और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।


**नाम परिवर्तन**



मैं सैयद मुमताज अहमद पिता स्व. सैयद कुतुबुद्दीन, मुहल्ला-नावाडीह ईदगाह, वार्ड सं. 22 औरंगाबाद-824101 (बिहार) राज्य का स्थाई निवासी हूं।
मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरे नाबालिग पुत्र का नाम सैयद असद मुमताज (पुराना नाम) स्कूल में दर्ज कराया गया था जिसका जन्म तिथि- 14-08-2014 है। मैं तथा मेरी पत्नी नाजनी प्रवीण विचार-विमर्श कर अपने नाबालिग पुत्र मोहम्मद असद (नया नाम) के नाम से उसके सभी उद्देश्यों के लिए नया नाम चुना है तथा अब से मेरा पुत्र मोहम्मद असद (नया नाम) के रूप में जाना जाएगा। मेरा पुत्र मोहम्मद असद (नया नाम) इसके बाद सभी अभिलेखों, कार्यों, लेखों, कार्यवाहियों, लेन-देनों में, निजी और सभी अवसरों पर अपने पूर्व नाम के स्थान पर मोहम्मद असद नाम का प्रयोग और हस्ताक्षर करेगा। नाम परिवर्तन से संबंधित शपथ- पत्र संख्या- 20437 दिनांक- 19.09.2025 है।

**शपथकर्ता**
**सैयद मुमताज अहमद**
माता : नाजनी प्रवीण
नगर पार्षद वार्ड सं. 22 -सह- जिला उपाध्यक्ष जद. (यू.) महिला प्रकोष्ठ, औरंगाबाद



**बिहार सरकार**

**बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0**
**(बिहार सरकार का उपकम)**
**परियोजना निदेशक का कार्यालय, औरंगाबाद।**
Mobile No- 8292763916,E-mail-duda.aurangabad.bihar@gmail.com

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**निविदा आमंत्रण सूचना (ई-टेंडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in)**

निविदा संख्याः-12/2025-2026

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का नाम एवं पता | : परियोजना निदे शक, बुडको, (औरंगाबाद ) गया समाहरणालय परिसर में डी0आर0डी0ए0 के सामने, गया। |
| 2 | निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि | : दिनांक- 26/09/2025 |
| 3 | निविदा कागजात डाउनलोड करने की अवधि | : दिनांक 26/09/2025 से 30/09/2025 के 17.00 बजे तक। (on website www.eproc2.bihar.gov.in) |
| 4 | प्री बीड मीटिंग का समय स्थान/तिथि | : दिनांक- 27.09.2025 समय 13.00 बजे स्थान- कार्यालय कक्ष, परियोजना निदेशक. बुडको, (गया) |
| 5 | संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | : दिनांक-30.09.2025 के 17.00 बजे तक (on website www.eproc2.bihar.gov.in) |
| 6 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि/समय | : दिनांक- 02.10.2025 के 17.00 बजे के बाद (on website www.eproc2.bihar.gov.in) |
| 7 | वित्तीय बीड खोलने की तिथि/समय | : तकनीकी बीड के निष्पादन के पष्चात। (on website www.eproc2.bihar.gov.in ) |
| 8 | अग्रधन, सभी शपथ-पत्र, Existing Committment (मूल में), परिमाण विपत्र के मूल्य का बैंक ड्राफ्ट जमा करने की अंतिम तिथि/समय एवं स्थान | : दिनांक-02.10.2025 के 17.00 बजे तक 1. मुख्य महाप्रबंधक, बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि० (बुडको) बेस्ट बोरिंग केनाल रोड, राजापुर पुल, पटना-800001, बिहार, पटना का कार्यालय। 2. परियोजना निदेषक, औरंगाबाद, बुडको का कार्यालय। गया समाहरणालय परिसर में डी0आर0डी0ए0 के सामने, गया। |

9 कार्य का विवरणः-

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (रू0 में) | Bid Processing Fee (Through online payment) (अप्रत्यर्पणीय) (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि (इन्कुलिंडिग मोनसून अवधि माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर परिषद औरंगाबाद अंतर्गत वार्ड सं0 20 हनुमान नगर राम विनय सिंह, (बरौली) के मकान से नितेश के घर होते हुए हनुमान मंदिर के सामने वाला रोड, तक पी0सी0सी0 पथ एवं नाली निर्माण कार्य। | 27,91,465.00 | 55,900.00 | 11,800.00 | As Per Eproc | 3 माह |

नोटः- 1. Bidders should submit Bid Processing fee through on line payment as per amount generated on website www.eproc2.bihar.gov.in

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**PR. No. 015443 (B&C) 25-26**

**परियोजना निदेशक,**
औरंगाबाद, बुडको

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

संपादकीय

# 'वैश्विक गांव' में उभरती विभाजक रेखाएं

कभी जिस अंग्रेजी सत्ता की बाबत कहा जाता था कि उसका सूरज कभी नहीं डूबता, उसी ब्रिटेन के लाखों मूल निवासी अगर पिछले दिनों 'यूनाइट द किंगडम' के नारों के साथ प्रवासियों के विरुद्ध रैली निकालते नजर आए तो संदेश साफ है कि विश्व को एक गांव के रूप में देखने-दिखाने के सपने बिखरने लगे हैं. पिछली शताब्दी के अंतिम दशक में आर्थिक उदारीकरण के नाम पर वैश्विक गांव का नारा दिया गया था.

भारत समेत तमाम देशों ने अर्थव्यवस्था ही नहीं, सोच और समझ की दृष्टि से भी अपने खिड़की-दरवाजे पूरी दुनिया के लिए खोल दिए. विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की शर्तों के दबाव में आर्थिक उदारीकरण को गति मिली, लेकिन सभी जानते हैं कि उसके मूल में अपने उत्पादों के लिए दुनिया भर के बाजार हासिल करने की अमेरिकी रणनीति काम कर रही थी.  इसलिए भी, अमेरिका के वैचारिक विरोधियों ने अर्थव्यवस्था के उस उदारीकरण और वैश्वीकरण का विरोध किया.

कुछ परंपरागत क्षेत्रों पर नकारात्मक असर के अलावा उससे लाभ भी मिला, लेकिन साढ़े तीन दशक बाद अब विश्व व्यवस्था फिर वापस अपने-अपने दायरे में लौटने को बेताब दिख रही है. विडंबना यह कि इसकी शुरुआत भी अमेरिका से ही हुई. अमेरिका को फिर महान बनाने और अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने के नारे के साथ, चार साल बाद, दूसरी बार राष्ट्रपति बनने में सफल रहे डोनल्ड ट्रम्प की नीतियों का भले ही अब अमेरिका में भी विरोध होने लगा हो, लेकिन 'स्थानीय बनाम प्रवासी' का मोर्चा खोलने की राजनीति यूरोप समेत दूसरे देशों में भी रंग दिखाने लगी है.

ये पश्चिमी देश हर तरह के उदारीकरण के लिए जाने जाते रहे हैं. इसलिए भी वे प्रवासियों की पसंद की सूची में ऊपर रहे हैं. प्रवासियों को वहां बेहतर जीवन स्तर मिला तो उन्होंने भी उनके सर्वांगीण विकास में अपना योगदान दिया. अब अचानक वे ही प्रवासी इन देशों को अपने मूल निवासियों और अंततः राष्ट्रीय हितों के लिए खतरा नजर आने लगे हैं. अगर अमेरिका सरीखे विश्व के सबसे पुराने लोकतंत्र और मजबूत अर्थव्यवस्थावाले उदार समाज में राष्ट्रवाद डोनाल्ड ट्रम्प को दूसरी बार राष्ट्रपति बनवानेवाला 'ट्रम्प कार्ड' बन सकता है तो फिर ब्रिटेन, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया समेत अन्य देशों के राजनेता उसे क्यों नहीं आजमाना चाहेंगे?

इस विश्वव्यापी समस्या का अधिक चिंताजनक पहलू यह भी है कि अवैध प्रवासियों के विरुद्ध मुखर होते इस विरोध की आंच अंततः वैध प्रवासियों तक भी पहुंचेगी, क्योंकि उनके चलते मूल निवासियों के लिए रोजगार के घटते अवसरों और बढ़ती मुश्किलों की बहस शुरू हो चुकी है. यह सच है कि पढ़ाई के लिए ऑस्ट्रेलिया जानेवाले भारतीय छात्र वहां की अर्थव्यवस्था में लगभग छह अरब डॉलर का सालाना योगदान देते हैं.

यह भी कि ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भारतीय पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन कोई भी प्रवासी मूलतः अपने बेहतर जीवन के लिए विदेश जाता है, न कि उस देश को बेहतर बनाने में योगदान देने. सत्ता राजनीति अपनी सुविधा के लिए इस तथ्य को छिपा जाती है कि कम वेतन पर स्थानीय पेशेवर न मिलने अथवा उतने कुशल स्थानीय पेशेवर न मिलने से ही प्रवासी पेशेवरों को इन देशों की कंपनियां नौकरी देती हैं, न कि धर्मार्थ भाव से. जरूरत यह भी समझने-समझाने की है कि परस्पर आदान-प्रदान से ही भविष्य में बेहतर दुनिया बनेगी, संकीर्ण सोच से नहीं.

# बिहार की नई रफ्तार है अमृत भारत एक्सप्रेस

## अमृत भारत एक्सप्रेस से बिहार की गतिशीलता को मिला नया आयाम



**ए. के. चन्द्रा**




अमृत भारत एक्सप्रेस सिर्फ ट्रेन नहीं, बल्कि एक नये और आत्मविश्वासी बिहार की पहचान है।

दशकों से बिहार की कहानी निरंतर आवाजाही की रही है ङ्क परीक्षाओं के लिए निकलते छात्र, काम पर जाने वाले मज़दूर, धार्मिक या पारिवारिक आयोजनों में शामिल होने वाले परिवार। ट्रेनें इन यात्राओं का सहारा थीं, लेकिन अधिकतर समय भीड़भाड़ वाले डिब्बों, धीमी कनेक्टिविटी और लंबी कतारों हमेशा साथ थीं।

अब यह तस्वीर बदल रही है। अमृत भारत एक्सप्रेस बिहार को भारत की रेल क्रांति के केंद्र में ला रही है। यह सचमुच जनता की ट्रेन है। जिसका किराया मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के बराबर है, लेकिन आराम और सुरक्षा कहीं बेहतर। डिब्बे और सीटें नई व आरामदायक हैं, साफ-सुथरे बायो-वैक्यूम टॉयलेट, चार्जिंग प्वाइंट और आधुनिक सुरक्षा प्रणाली से सुसज्जित।लंबी दूरी की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए पैंट्री कार भी मौजूद है।दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, अमृतसर या बेंगलुरु जाने वाले रोज़मर्रा के बिहारवासियों के लिए यह यह ट्रेन सम्मानजनक, किफ़ायती और भरोसेमंद अनुभव देती है।

### जनता की ट्रेन- आराम, गरिमा और किफ़ायत

प्रीमियम ट्रेनों के मुकाबले जो कई लोगों की पहुँच से बाहर हैं, अमृत भारत सचमुच आम जनता की ट्रेन है।यह हर यात्री की जेब के अनुकूल है। जो दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े शहरों की यात्रा को आधुनिक स्पर्श देती है।

किफ़ायती आधुनिकता- स्लीपर क्लास का किराया पुराने मेल ट्रेनों से थोड़ा ही ज़्यादा है, लेकिन आराम कई गुना बेहतर है।

बेहतर अनुभव- यात्री सुगम यात्रा, आरामदायक सीटिंग, आधुनिक बायो-वैक्यूम शौचालय और सुविधाजनक चार्जिंग प्वॉइंट्स का लाभ उठाते हैं।

सुरक्षा और सुविधा-ट्रेनें उन्नत सुरक्षा प्रणालियों और पैंट्री कार से लैस हैं, जो सुरक्षित और आरामदायक सफ़र सुनिश्चित करती हैं।

बिहार के लोगों के लिए यह नयी सेवा गर्व का विषय है, क्योंकि यह किफ़ायत और आधुनिक यात्रा को जोड़ती है।

### बिहार- राष्ट्रीय रेल नेटवर्क का केंद्र

बिहार केवल भागीदार नहीं है ङ्क वह नेतृत्व कर रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर शुरू हुई पहली 14 अमृत भारत सेवाओं में से 10 बिहार से जुड़ी हैं ङ्क यह राज्य की केंद्रीय भूमिका का सबूत है। पटना, दरभंगा, सहरसा, सीतामढ़ी, गया और मोतिहारी जैसे शहर अब बड़े व्यापारिक और सांस्कृतिक केंद्रों से और मजबूत जुड़ाव में हैं।

जोगबनी से ईरोड तक की ट्रेन इसका उदाहरण है- 3,129 किलोमीटर की दूरी तय करती हुई यह ट्रेन बिहार के उत्तर-पूर्वी कोने से तमिलनाडु के औद्योगिक इलाक़े तक पहुँचती है। यह सिर्फ एक रेल मार्ग नहीं, बल्कि मज़दूरों, छात्रों और परिवारों के लिए अवसरों का पुल है।

### बिहार से जुड़ी अमृत भारत सेवाओं की सूची

- 15557/15558- दरभंगा ङ्क आनंद विहार टर्मिनल (दिल्ली)
- 15567/15568- बापूधाम मोतिहारी ङ्क आनंद विहार टर्मिनल (दिल्ली)
- 14047/14048-सीतामढ़ी ङ्क दिल्ली
- 22361/22362- राजेंद्रनगर टर्मिनल (पटना) ङ्क दिल्ली
- 13697/13698-गया ङ्क दिल्ली
- 11015/11016- सहरसा ङ्क लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुंबई)
- 14627/14628-सहरसा ङ्क चेहर्ता (अमृतसर)
- 15561/15562-दरभंगा ङ्क गोमती नगर (लखनऊ)
- 16601/16602-जोगबनी ङ्क इरोड
- 13433/13434-मालदा टाउन ङ्क एसएमवीटी बेंगलुरु (बिहार होकर)
- 13435/13436- मालदा टाउन ङ्क गोमती नगर (लखनऊ) (बिहार होकर)

ये सेवाएँ राज्य की उन्नत कनेक्टिविटी को सशक्त रूप से दर्शाती हैं। प्रवासी मज़दूरों, छात्रों और परिवारों के लिए ये ट्रेनें केवल यातायात का साधन नहीं, बल्कि अवसर और आकांक्षाओं की सेतु हैं।

### आर्थिक वृद्धि और स्थानीय समृद्धि का इंजन

अमृत भारत एक्सप्रेस का प्रभाव केवल यात्रियों की सुविधा तक सीमित नहीं है; यह पूरे राज्य की अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार कर रही है।

किसानों और व्यापारियों के लिए बाज़ार तक पहुँच- पार्सल वैन की सुविधा से किसान और छोटे व्यापारी अपने उत्पाद, वस्त्र और हस्तशिल्प बड़े बाज़ारों तक आसानी से भेज पा रहे हैं।

स्थानीय कारीगरों को मंच- समानांतर चल रही अमृत भारत स्टेशन योजना से स्थानीय कलाकारों को मधुबनी पेंटिंग्स, भागलपुरी सिल्क और पारंपरिक मिठाइयों जैसे उत्पादों को प्रदर्शित करने का अवसर मिल रहा है।

स्थानीय अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन- स्टेशन पर बढ़ते यात्रियों से रिक्शा चालकों, चाय बेचने वालों और छोटे होटलों तक को व्यापार बढ़ने का लाभ मिल रहा है।

### बिहार का अप्रयुक्त पर्यटन संभावनाओं का खुलना

बिहार का पर्यटन क्षेत्र, जिसमें अपार संभावनाएँ छिपी हैं, अब नए सिरे से उभरने को तैयार है। नई सेवाएँ राज्य के समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों को देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए और सुलभ बना रही हैं।

बौद्ध सर्किट- गयाङ्कदिल्ली सेवा ने बोधगया, जो बौद्ध धर्म का सबसे पवित्र स्थल है। देश की राजधानी से उस उस यात्रा को एक रात में पूरा किया जा सकता है। इससे नालंदा जैसे अन्य स्थलों की यात्रा भी आसान हो गई है।

रामायण सर्किट- सीतामढ़ी तक ट्रेन सेवा, माता सीता की जन्मस्थली, रामायण सर्किट को और सुदृढ़ करती है।

सांस्कृतिक आदान-प्रदान- जिस प्रकार बिहार से यात्री अब अमृतसर के स्वर्ण मंदिर या हरिद्वार के घाटों तक आसानी से पहुँच सकते हैं, वैसे ही वहाँ के लोग भी बिहार की सांस्कृतिक धरोहर का अनुभव प्राप्त कर सकते हैं।

गतिशील राज्य, उज्ज्वल भविष्य

सबसे बढ़कर, अमृत भारत ने बिहार के माहौल और गति को बदल दिया है। वर्षों तक बिहार को अधोसंरचना में पिछड़ा माना गया। युवाओं को अवसरों की ओर ले जाता हुआ, परिवारों को जोड़ता हुआ और गाँवों को राष्ट्रीय बाज़ारों से मिलाता हुआ अब यह रेल आधुनिकीकरण का केंद्र है।

सहरसा या मोतिहारी से हर प्रस्थान केवल यात्रियों को नहीं, बल्कि प्रगति का वादा लेकर चलता है।

पटरियों पर दौड़ती लोहे की ट्रेनें केवल परिवहन नहीं बल्कि परिवर्तन हैं। बिहार में अमृत भारत केवल ट्रेन नहीं है। यह उस नए युग का प्रवेश द्वार है जहाँ आधुनिक, सर्वसमावेशी और किफ़ायती रेल सेवाएँ लोगों को रोज़गार, पर्यटन और सपनों को गंतव्यों से जोड़ने में मदद कर रही हैं।

(लेखक आईआरएसएमई (सेवानिवृत्त), पूर्व प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (उत्तर रेलवे) एवं पूर्व प्रधान कार्यकारी निदेशक, रेलवे बोर्ड हैं)

अध्यात्म

## मन को शांत रखने के उपाय



एक सेठ के पास अपार धन-संपत्ति थी, किंतु फिर भी उसके मन को शांति न थी। एक दिन किसी व्यक्ति ने बताया कि अमुक नगर में एक साधु रहता है। वह लोगों को ऐसी सिद्धि देता है, जिससे मनचाही वस्तु प्राप्त हो जाती है।

सेठ उस साधु के पास के पास जाकर बोला, महाराज मेरे पास बहुत पैसा है, लेकिन मन की शांति नहीं है। साधु ने कहा कि, बेटा जैसा मैं करूं उसे चुपचाप देखते रहना। इससे तुम्हें मन में शांति करने की युक्ति मिल जाएगी।

अगले दिन साधु ने सेठ को कड़ी धूप में बिठाए रखा और खुद कुटिया में चले गए। सेठ गर्मी से बेहाल हो गया, मगर चुप रहा। दूसरे दिन साधु ने उसे कुछ भी खाने पीने को नहीं दिया और स्वयं तरह-तरह के पकवान खाता रहा, सेठ इस दिन भी चुप रहा।

तीसरे दिन सेठ गुस्से में वहां से जाने लगा तो साधु बोला, क्यों, क्या हुआ? इस बात पर सेठ बोला, महाराज, मैं यहां बड़ी आशा लेकर आया था, किंतु मुझे यहां निराशा ही मिली।

इस बात के उत्तर पर साधु ने कहा, मैनें तो तुम्हें शांति की युक्ति बता दी, पहले दिन जब मैनें तुम्हें धूप में बैठने के लिए कहा और मैं स्वयं कुटिया में बैठा तो, तुम्हें बताया कि मेरी छाया तुम्हारे काम नहीं आएगी।

यह तुम्हें समझ नहीं आने पर मैनें तुम्हें भूखा रखा और खुद भरपेट खाया। उससे मैनें तुम्हें समझाया कि मेरी साधना से तुम्हें सिद्धि नहीं मिलेगी। उसी तरह शांति भी तुम्हें अपनी मेहनत और पुरुषार्थ से ही मिलेगी। मैं तुम्हारे मन को शांत नहीं कर सकता। उसके लिए तुम्हें खुद ही मन की शांति प्रदान करने वाले काम करने होंगे। यह सुनकर सेठ की आंखे खुल गई और वह साधु से आशीर्वाद लेकर अपने घर चला गया।

आपकी परेशानी, सिर्फ आपके मन की एक स्थिति है। इससे छुटकारा पाने के लिए मन को शांत रखते हुए सही उपायों पर काम भी आपको ही करना होगा।

# दिखावे की दौड़ में खो गई 'कम में खुश रहने की सोच' युवाओं को सादगी क्यों लग रही है बोझ?

**तेजी से बदलती दुनिया, करिअर की दौड़, सामाजिक दबाव और लगातार खुद को साबित करने की जरूरत ने उन्हें भीतर से असंतुलित कर दिया है। यही कारण है कि अब कई युवा 'डिजिटल डिटाक्स' यानी तकनीक से दूरी, ध्यान और एकाग्रता, 'सोलो ट्रैवल' यानी अकेले पर्यटन करना और टिकाऊ जीवनशैली जैसे विकल्पों की ओर मुड़ रहे हैं। वे सादगी की ओर लौटना तो चाहते हैं, लेकिन बिना 'त्याग' की भावना के। उन्हें एक ऐसी जीवनशैली चाहिए, जो उन्हें 'कम में भी ज्यादा' का अनुभव दे, पर वह मजबूरी न लगे।**

**अविनाश जोशी**

दिखावे के दौर में कहीं न्यूनतमवाद भी है, जो एक जीवनशैली है। यह सादगी, संयम और भौतिक वस्तुओं की न्यूनतम आवश्यकता की बात करती है। यह विचारधारा कहती है कि कम चीजों में भी सच्चा सुख है और जब हम अनावश्यक वस्तुओं, लालसाओं और दिखावे से खुद को दूर करते हैं, तभी हम भीतर से पूर्ण हो पाते हैं। मगर आज की युवा पीढ़ी इस विचारधारा को अपनाने से कतरा रही है। उनके लिए न्यूनतमवाद केवल एक दार्शनिक आदर्श बनकर रह गया है, जिसे वे व्यवहार में लाना नहीं चाहते। आखिर ऐसा क्यों है?

वर्तमान समय का युवा एक नई दुनिया में जी रहा है। एक ऐसी दुनिया, जो विकल्पों से भरी हुई है। सोशल मीडिया, ई-वाणिज्य, डिजिटल कारोबार और अनगिनत ब्रांड ने युवाओं को यह विश्वास दिला दिया है कि अधिक पाना ही जीवन की उपलब्धि है। आए दिन नया फोन, नया फैशन, नया चलन- यह सब उसकी मानसिकता का हिस्सा बन चुका है। ऐसे में जब कोई उसे कहता है कि 'कम में जीना सीखो', तो यह उसके लिए एक अव्यावहारिक सलाह लगती है।

जिस न्यूनतमवाद को एक समय बुद्धिजीवियों और आत्मिक संतुलन चाहने वालों ने अपनाया था, अब एक पुरानी सोच के रूप में देखा जाने लगा है। आज का युवा घूमना और अनुभव करना चाहता है, प्रयोग करना चाहता है और उन सभी चीजों का हिस्सा बनना चाहता है, जो उसकी उम्र एवं समय के साथ चल रही हैं।

डिजिटल युग में युवा हर पल एक चमकती हुई दुनिया से जुड़ा है। सोशल मीडिया पर दूसरों की जिंदगी की झलकियां उसे अपनी जिंदगी से असंतुष्ट कर देती हैं। हर किसी के पास कुछ नया, आकर्षक और आधुनिक है। ऐसे में अगर वह खुद को सीमित रखता है, तो उसे डर होता है कि वह इस दौड़ में पीछे न रह जाए। यह डर युवाओं को हर बार कुछ और पाने की दिशा में धकेलता रहता है। इसके अलावा, आधुनिक समाज में भौतिक वस्तुएं केवल जरूरत नहीं रहीं, बल्कि 'स्टेटस सिंबल' या हैसियत के दिखावे का प्रतीक बन चुकी हैं। कौन-सी कार चलाते हैं, किस ब्रांड के कपड़े पहनते हैं, कहां घूमने जाते हैं- इन सब बातों से एक व्यक्ति की कामयाबी तय होती है। ऐसे माहौल में जब एक युवा खुद को सीमित वस्तुओं तक ही बांधने की सोचता है, तो उसे लगता है कि वह अपनी पहचान को ही कमजोर कर रहा है।

उसे यह भय सताता है कि कहीं उसका सरल जीवन उसकी प्रगति में बाधा न बन जाए। न्यूनतमवाद को लेकर एक और समस्या यह भी है कि इसे अक्सर 'त्याग' या 'संकोच' के रूप में देखा जाता है। जबकि वास्तव में इसका मूल उद्देश्य संतुलन है। मगर आज की भाषा में त्याग का अर्थ अक्सर मजबूरी या गरीबी से जोड़ दिया जाता है। युवाओं को लगता है कि जब दुनिया सारी सुविधाएं दे रही है, तो वे क्यों पीछे रहें। क्यों वे उस विचार को अपनाएं, जो उन्हें कुछ न करने, न खरीदने, न चाहने की सलाह देता है? हालांकि, यह भी उतना ही सच है कि आज की युवा पीढ़ी मानसिक रूप से थकी हुई है।



तेजी से बदलती दुनिया, करिअर की दौड़, सामाजिक दबाव और लगातार खुद को साबित करने की जरूरत ने उन्हें भीतर से असंतुलित कर दिया है। यही कारण है कि अब कई युवा 'डिजिटल डिटाक्स' यानी तकनीक से दूरी, ध्यान और एकाग्रता, 'सोलो ट्रैवल' यानी अकेले पर्यटन करना और टिकाऊ जीवनशैली जैसे विकल्पों की ओर मुड़ रहे हैं। वे सादगी की ओर लौटना तो चाहते हैं, लेकिन बिना 'त्याग' की भावना के। उन्हें एक ऐसी जीवनशैली चाहिए, जो उन्हें 'कम में भी ज्यादा' का अनुभव दे, पर वह मजबूरी न लगे।

न्यूनतमवाद को लेकर यह बदलाव भी ध्यान देने योग्य है कि अब इसका स्वरूप पारंपरिक नहीं रह गया है। आज के युवा 'न्यूनतम' का अर्थ केवल वस्तुओं से नहीं, बल्कि समय, ऊर्जा और भावनाओं की दिशा से भी जोड़ने लगे हैं। वे चाहते हैं कि उनके पास कम रिश्ते हों, पर सच्चे हों; कम काम हो, पर सार्थक हो; कम शोर हो, पर भीतर की शांति हो।  मगर ये सब तभी संभव होगा जब न्यूनतमवाद को एक जटिल जीवनशैली के रूप में प्रस्तुत न कर, मुक्त जीवन के रूप में दिखाया जाए। अगर समाज, शिक्षा और मीडिया इसे त्याग या अभाव के रूप में दिखाना बंद करें और इसकी प्रस्तुति को अधिक सकारात्मक, आकर्षक और व्यावहारिक बनाएं, तो शायद युवा भी इसे अपनाने में रुचि लें। जब तक यह विचार एक पुराने युग की सोच के रूप में प्रस्तुत होता रहेगा, तब तक यह युवा पीढ़ी के मन को छू नहीं पाएगा।

### आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

शेयर मार्केट से होने वाले नुकसान की भरपायी करने के लिये दिन अच्छा है। दर्शन एवं साहित्य के प्रति आप अत्यन्त आकर्षित रहेंगे।

**वृषभ**

कार्यक्षेत्र में अपनी छवि को लेकर चिन्तित रहेंगे। वाहन में कुछ खराबी आ सकती है। नयी तकनीक को सीखने का प्रयास कर सकते हैं।

**मिथुन**

आज आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। दिखावे की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिये। नये काम की शुरुआत करने के लिये दिन अत्यधिक शुभ है।

**कर्क**

आपके कार्यों से परिजन नाराज होंगे। किन्तु आपको उनसे झगड़ने के बजाय उन्हें अपनी बातें मनानी चाहिये। आप लोगों की सहायता करने के लिये उधार दे सकते हैं।

**सिंह**

किसी मांगलिक समारोह की योजना बना सकते हैं। छात्रों का पढ़ाई में प्रदर्शन बहुत शानदार रहेगा। आपको नौकरी में उच्च पद प्राप्त हो सकता है।

**कन्या**

कारोबारियों को बड़ा निवेश करने से बचना चाहिये। घर में उत्साह का वातावरण रहेगा। अनुशासनहीनता पूर्ण व्यवहार से आपको बचना चाहिये।

**तुला**

मार्केटिंग के लिये दिन श्रेष्ठ है। आप प्रतिष्ठा के कारण अत्यधिक लोकप्रिय रहेंगे। बच्चों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। ललित कलाओं का आनन्द ले सकते हैं।

**वृश्चिक**

विदेश से नौकरी के अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। आपके साहस और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आपकी आर्थिक स्थिति सबल रहेगी।

**धनु**

नये प्रकल्पों को लेकर आप अत्यन्त सक्रिय रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ा पद दिया जा सकता है। वैवाहिक जीवन में सम्वादहीनता हो सकती है। आपनी वाणी में मिठास रहेगी।

**मकर**

आज शरीर में थकावट महसूस होगी। अकारण लोगों से विवाद होने की आशंका है। धैर्यवान होकर सभी कार्य करें। लेन-देन में त्रुटि होने के कारण आर्थिक नुकसान हो सकता है।

**कुंभ**

व्यवसाय में बड़े अनुबन्ध हो सकते हैं। धन कमाने के नये स्रोत बना सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिल सकता है।

**मीन**

बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक कार्यों को लेकर भागदौड़ करनी पड़ सकती है। उच्च अधिकारी आपको चुनौतियों वाला काम सौंप सकते हैं।

# कलश स्थापना के साथ नौ दिवसीय शारदीय नवरात्र शुरू

## पहले दिन मां शैलपुत्री की हुई पूजा-अर्चना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** शक्ति की आराधना और आध्यात्मिक ऊर्जा का महापर्व शारदीय नवरात्रि सोमवार से प्रारंभ हो गया है। पूरे नौ दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में मां दुर्गा के नौ दिव्य स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाएगी और मां दुर्गा की भक्ति में पूरा देश डूबा रहेगा। आज पहले दिन प्रतिपदा तिथि पर शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना के साथ मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना धूमधाम से की गई। मान्यता है कि इन नौ दिनों में व्रत, पूजा और साधना करने से साधक को देवी की असीम कृपा प्राप्त होती है और उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। कलश स्थापना के साथ



ही जिले में नौ दिवसीय दुर्गा पूजा हर्षोल्लास के साथ प्रारंभ हो गया। जिला मुख्यालय सहित अन्य दुर्गा मंदिरों में शुभ मुहूर्त में कलश की स्थापना कर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना विधि-विधान एवं निष्ठा के साथ प्रारंभ की गयी। कुछ स्थानों पर भव्य कलश यात्रा भी निकाली गयी। नवरात्रा पर्व को लेकर अहले सुबह से ही श्रद्धालु महिलाएं व पुरुष स्नान कर कलश की स्थापना व माता के पूजन में जुट गये थे। वहीं मंदिरों में विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दुर्गा पूजा का शुभारंभ किया गया। मौके पर कई श्रद्धालुओं ने पूरे दिन का उपवास भी रखा। नवरात्र के दूसरे दिन मंगलवार को माता के द्वितीय स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-आराधना की जायेगी।

### शारदीय नवरात्रि महत्व

हिंदू धर्म में शारदीय नवरात्रि का पर्व एक उत्सव के रूप में मनाया जाता है, जिसकी धूम दशहरे तक बनी रहती हैं। यह अवधि देवी मां दुर्गा को समर्पित है, जिसमें उनके नौ दिव्य स्वरूपों की विधि पूर्वक आराधना की जाती है। शास्त्रों के मुताबिक शारदीय नवरात्रि में देवी का आगमन पृथ्वी पर होता है और वह भक्तों पर अपनी विशेष कृपा बरसाती है। नवरात्रि मां दुर्गा की पूजा, भक्ति, भजन-कीर्तन और देवी के प्रति भावनाएं व्यक्त करने का शानदार अवसर है। कहते हैं कि यदि नवरात्रि के नौ दिनों में सच्चे भाव से माता के नाम का स्मरण किया जाए, तो व्यक्ति के कष्टों का निवारण शीघ्र ही होता है। चूंकि नवरात्रि हिंदू धर्म के बड़े तीज-त्योहारों में से एक है, इसलिए घरों से लेकर पूजा-पंडाल सहित मंदिरों में पूजा-पाठ का भव्य आयोजन किया जाता है।

### माता की सवारी

शास्त्रों के अनुसार नवरात्रि का आरंभ जिस वार को होता है, उसके आधार पर देवी का वाहन तय होता है। इस वर्ष नवरात्रि सोमवार से प्रारंभ हो रही है, इसलिए मां दुर्गा का आगमन हाथी (गज) पर हो रहा है। हाथी पर माता का आगमन अत्यंत शुभ माना जाता है। यह अच्छी वर्षा, सुख-समृद्धि और राष्ट्र में उन्नति का सूचक है। इससे देश में अन्न-धन के भंडार भरे रहते हैं और खुशहाली आती है।

# स्वच्छता ही सेवा-2025 अभियान को सफल बनाने का लिया गया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले में स्वच्छता ही सेवा-2025 अभियान को सफल बनाने हेतु जिले के प्रखंड विकास पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा अन्य स्थानीय पदाधिकारी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। इस अभियान के तहत नागरिकों से अपील की गई कि वे घर से निकलने वाले कचरे को सही तरीके से अलग-अलग करें और उसका उचित निष्पादन करें।प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलासगंज और मखदुमपुर, तथा प्रखंड मखदुमपुर के 20 सूत्री अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने प्रखंड



कार्यालय से अपील की कि युवा और विद्यालयों के छात्र-छात्राएं इस अभियान में व्यापक रूप से भाग लें। उन्होंने कहा, ल्युवा हमारे कल का भविष्य हैं। स्वच्छता हमारे जीवन का अहम हिस्सा है, इसके बिना जीवन अधूरा है। इस दौरान अपील के साथ ही उपस्थित लोगों ने स्वच्छता के लिए शपथ भी ली। इस शपथ में यह संकल्प लिया गया कि वे अपने घर पर कचरे को अलग-अलग डस्टबीन में रखेंगे। साथ ही नालियों, तालाबों और आहार में कचरा फेंकने से बचेंगे और दूसरों को भी ऐसा करने नहीं देंगे। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य किशोरियों को स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता और माहवारी शिक्षा संबंधी जानकारी देकर उन्हें जागरूक करना है, ताकि वे सशक्त परिवार और समाज का हिस्सा बन सकें।


**बिहार सरकार**

## कार्यालय, अंचल अधिकारी, देव औरंगाबाद

Mob - 9031672200, Email -co.deo.aura@gmail.com

### अल्पकालीन निविदा

देव कार्तिक छठ मेला, 2025 दिनांक–25.10.2025 से 28.10.2025 तक मनाया जाना है। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के लिए लाईट, साउण्ड एवं पंडाल भाड़े पर लगाने के लिए दर निर्धारण हेतु इच्छुक फर्मो/आपूर्तिकर्ता से निम्नलिखित कार्यो हेतु मुहरबन्द द्वि–लिफाफा प्रणाली में दिनांक–**10.10.2025** के अपराह्न **12:00** बजे तक विहित शर्तो के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक–**11.10.2025** को अपराह्न **12:00** बजे प्रखण्ड सभागार, देव में खोली जायेगी। निविदा के समय निविदादाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे ।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

अंचल अधिकारी,
देव

PR. No. 015664 (District) 25-26

**नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।**


# बाइक सवार दो युवक घायल

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना जिले के जानीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-98 पर चकमूसा नकटी भवानी गांव के पास मंगलवार को दो चारपहिया वाहनों में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक मोटरसाइकिल भी चपेट में आ गई, जिस पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पुलिस की मदद से एम्स पटना में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एनएच-98 पर विपरीत दिशा से आ रही एक स्कॉर्पियो और दूसरे चारपहिया वाहन में सीधी टक्कर हो गई. इसी दौरान एक मोटरसाइकिल भी हादसे की चपेट में आ गई।

# स्व की जागृति से ही भारत विश्व गुरु बनेगा : डा. संतोष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** चेतना (प्रज्ञा प्रवाह) तेघरा इकाई के तत्वावधान में सामुदायिक भवन, पिढ़ोली, तेघरा, बेगूसराय में 'भारत का स्व' विषय पर मासिक व्याख्यानमाला आयोजित की गयी। मासिक व्याख्यानमाला का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर एवं भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। व्याख्यानमाला में आए हुए अतिथियों का एवं उपस्थित विद्वतजनों का स्वागत सेवानृवित्त पुलिस उपाध्यक्ष सुनील कुमार ने किया। व्याख्यानमाला को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता चेतना (प्रज्ञा प्रवाह) के प्रान्त सहसंयोजक उत्तर बिहार डॉ. संतोष कुमार अनल ने कहा की भारत वर्ष के स्वधर्म एवं स्वत्व की अनुभूति अनन्त काल से चली आ रही है। हमारे स्वभाव, स्वराज्य तथा स्वदेश से आगे बढ़ते हुए सर्वोदय एवं वासुदेव कुटुम्बकम की ओर वढ़ना है। स्व को जागृत कर अपने राष्ट्र को पुनः समृद्धशाली एवं पूरे मनोयोग के साथ भारत को विश्व शक्ति बनाने की तरफ अग्रसर होना है। चेतना (प्रज्ञा प्रवाह) इस यज्ञ में समस्त समाज की जागरूक एवं सक्रिय भागीदारी का आग्रह करती है। मासिक व्याख्यानमाला में विषय प्रवेश जिला सहसंयोजक अशोक प्रसाद सिंह ने किया। व्याख्यानमाला को सम्बोधित करते हुए बेगूसराय विभाग सहसंयोजक चेतना (प्रज्ञा प्रवाह) राजेश कुमार सिन्हा, अधिवक्ता ने कहा कि चेतना (प्रज्ञा प्रवाह) एक वैचारिक भारतीय संगठन है जो भारत की सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत की गहरी समझ और सराहना को बढ़ावा देने के लिए कार्य करती है। चेतना (प्रज्ञा प्रवाह) उदात्त जीवन मूल्यों के आधार पर राष्ट्र जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में युगानुकूल पुर्नरचना की दिशा में भारतीयत्व में विश्वास रखने वाले वैचारिक लोगों का समूहों का एवं प्रबुद्धजनों का एक सांगठनिक तंत्र की रचना करना है। व्याख्यानमाला में संरक्षक पूर्व विधायक तेघरा ललन कुंवर, जिला अध्यक्ष शिवचंद्र प्रसाद सिंह,महेंद्र मालाकार, सेवानिवृत्त शिक्षक ब्रह्मदेव पासवान, दिल्ली विश्वविधालय के छात्र कृष्ण कुमार, त्रिभुवन नारायण सिन्हा आदि ने अपने विचार रखा। मासिक व्याख्यानमाला की अध्यक्षता डॉ. जर्मन सिंह ने किया एवं संचालन जिला संयोजक नन्द किशोर सिंह ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन तेघरा इकाई के संयोजक डॉ. कैलाश प्रसाद पोद्दार ने किया। मासिक व्याख्यानमाला के पूर्व आधे घंटे की चेतना, प्रज्ञा प्रवाह बेगूसराय जिला की आवश्यक बैठक हुई जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शतवार्षिकी पर आगे की कार्य योजना एवं चेतना प्रज्ञा प्रवाह की जिला संगठन की मजबूती एवं विस्तार पर विस्तृत चर्चा की गयी एवं चेतना (प्रज्ञा प्रवाह) तेघरा इकाई के संयोजक पद पर डॉ. कैलाश प्रसाद पोद्दार को मनोनीत किया गया। इस बैठक में अगली मासिक व्याख्यानमाला हिन्दुत्त्व विषय पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया।


**बिहार सरकार**

**योजना एवं विकास विभाग**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमण्डल, औरंगाबाद।**

**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 09/2025–26**

**(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)**

1.कार्यों की विवरणी (योजना/शीर्ष/मद का नाम) : – **बिहार महादलित विकास मिशन।**

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण – विपत्र का मूल्य (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में) | बीड प्रोसेसिंग शुल्क (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 1 | मदनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत बनिया के ग्राम सोनपुर टोला में सामुदायिक भवन–सह–वर्कशेड का निर्माण कार्य। | 29.66 | 59400.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 6 माह |
| 2 | मदनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत बनिया के ग्राम काशीनगर टोला में सामुदायिक भवन–सह–वर्कशेड का निर्माण कार्य। | 29.66 | 59400.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 6 माह |
| 3 | मदनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत महुआवाँ के ग्राम भईयाराम बिगहा टोला में सामुदायिक भवन–सह–वर्कशेड का निर्माण कार्य। | 29.66 | 59400.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 6 माह |
| 4 | बारूण प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत कंचनपुर के ग्राम अदमा टोला में सामुदायिक भवन–सह– वर्कशेड का निर्माण कार्य। | 29.66 | 59400.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 6 माह |
| 5 | हसपुरा प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत धुसरी के ग्राम निखरपुर टोला में सामुदायिक भवन–सह–वर्कशेड का निर्माण कार्य। | 29.66 | 59400.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 6 माह |
| 6 | हसपुरा प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत डिंडिर के ग्राम डिंडिर टोला में सामुदायिक भवन–सह–वर्कशेड का निर्माण कार्य। | 29.66 | 59400.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 6 माह |
| 7 | गोह प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत डिहुरी के ग्राम राजपुर टोला में सामुदायिक भवन–सह–वर्कशेड का निर्माण कार्य। | 29.66 | 59400.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 6 माह |
| 8 | कुटुम्बा प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत मटपा के ग्राम सांडी में सामुदायिक भवन–सह–वर्कशेड का निर्माण कार्य। | 29.66 | 59400.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 6 माह |
| 9 | कुटुम्बा प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत कुटुम्बा के ग्राम बदरपुर में सामुदायिक भवन–सह–वर्कशेड का निर्माण कार्य। | 29.63 | 59300.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 6 माह |
| 10 | ओबरा प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत डिहरा के ग्राम डिहरा टोला में सामुदायिक भवन–सह–वर्कशेड का निर्माण कार्य। | 29.63 | 59300.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 6 माह |
| 11 | ओबरा प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत बेल के ग्राम सिुहुरी टोला में सामुदायिक भवन–सह–वर्कशेड का निर्माण कार्य। | 29.66 | 59400.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 6 माह |
| | **कुल योग :–** | **326.20** | | | | |

2. विज्ञापन निर्गत करने की तिथि : दिनांक – 19.09.2025
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 06.10.2025 को 10.00 बजे पूर्वाहन से। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 11.10.2025 समय 3.00 बजे अपराह्न । (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 13.10.2025 समय 3.30 बजे अपराह्न (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
6. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में सूचित किया जायेगा। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
7. निविदा खोलने का स्थान : सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर
8. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन

**विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।**

**PR- 015558 ( Planning ) 2025-26**

**कार्यपालक अभियंता**
**स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन,**
**कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद।**

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**


# नई जीएसटी दरों के लागू होने से बाजार में लौटेगी रौनक : दिलीप मिश्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** प्रदेश भाजपा के लघु उद्योग प्रकोष्ठ के सह संयोजक दिलीप मिश्रा ने नवरात्र के पहले दिन से जीएसटी रिफॉर्म लागू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार प्रकट करते हुए कहा है कि नई जीएसटी दरों के लागू होने से बाजार में रौनक लौटेगी। उन्होंने सोमवार को यहां एक बयान जारी कर कहा कि व्यापारी हो या खरीददार सभी लोगों में उत्साह का माहौल है और सुबह से ही बाजार में रौनक दिखाई दे रही है। रोजमर्रा की जरूरत की नब्बे प्रतिशत वस्तुओं की दरों में कटौती होगी



और कंस्ट्रक्शन उद्योग में रफ्तार पकड़ेगा आम आदमी को तीन से पांच हजार रुपए का प्रति महीना बचत होगा। दशहरा, दिवाली एवं छठ सहित शादी ब्याह के अवसर पर लोग जमकर खरीदारी कर पाएंगे। श्री मिश्र ने कहा कि नई जीएसटी दरों के लागू होने से जीडीपी में 20 लाख करोड़ का इजाफा होगा। जो देश को तीसरी अर्थव्यवस्था बनने में मददगार साबित होगा। देश का विकास दर रफ्तार पकड़ेगा और आम आदमी को अपने संसाधन जुटाने में पहले की तुलना में ज्यादा सहूलियत होगी। इस क्रांति कारी टैक्स स्लैब के बदलाव के लिए लोकप्रिय प्रधानमंत्री को देश की 140 करोड़ जनता हृदय से आभार प्रकट करती है। सह संयोजक ने कहा कि भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ की ओर से विभिन्न बाजारों के दुकानों में घूम-घूम कर जीएसटी कर स्लैब में होने वाले बदलाव से लोगों को अवगत कराया जाएगा।

# अनियंत्रित ऑटो ने किशोर को कुचला, घटनास्थल पर हुई मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** सोमवार की देर शाम मखदुमपुर- विसुनगंज पथ पर विसुनगंज बाजार के समीप अनियंत्रित ऑटो रिक्शा ने एक किशोर को कुचल दिया जिससे किशोर की मौत हो गई। मृत किशोर विसुनगंज बाजार निवासी शंकर विश्वकर्मा का 14 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार बताया जाता है। जानकारी के अनुसार किशोर बाजार के बगीचा के समीप सड़क किनारे टहल रहा था। इसी दौरान अनियंत्रित ऑटो रिक्शा ने उसे कुचल दिया। वहीं घटना के बाद परिजनों ने आनन फानन में इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मखदुमपुर लाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इस बाबत मृतक के पिता शंकर विश्वकर्मा ने बताया कि उनका दो पुत्र है। जिसमें एक पुत्र नीतीश है जो कोचिंग से आने के बाद शाम के समय घूमने निकला था। तभी ऑटो ने उसे कुचल दिया। वहीं पुलिस ने ऑटो रिक्शा को जप्त करते हुए चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल जहानाबाद भेज रही है। वही घटना के बाद अस्पताल का माहौल गमगीन हो गया। परिजनों के चीत्कार से उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गई।

# कलश स्थापना के साथ शिवाजीनगर में नवरात्रा शुरू



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर प्रखंड क्षेत्र में सोमवार से शारदीय नवरात्रा का शुभारंभ बड़े ही हर्षोल्लास एवं श्रद्धा-भक्ति के साथ हुआ। प्रखंड के विभिन्न मंदिरों, पूजा पंडालों एवं घर-आंगनों में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कलश स्थापना की गई बंधार चौक दुर्गा मंदिर, बाघोपुर, शिवाजीनगर, बल्लीपुर गांव, बहादुरपुर, हबका, रहटौली, बंदा, दसौत, छतौनी, जानकीनगर, लक्ष्मीनिया और धरमपुर सहित कई जगहों पर भक्तों ने पारंपरिक विधि-विधान के अनुसार माता रानी की पूजा-अर्चना आरंभ की। स्थानीय पंडितों ने मंत्रोच्चारण और वैदिक रीति से कलश स्थापना करवाई पहले दिन भक्तों ने मां शैलपुत्री, जो माता दुर्गा के प्रथम स्वरूप माने जाते हैं, की पूजा-अर्चना की। सुबह से ही मंदिरों और पंडालों में भक्तों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। जगह-जगह मां के जयकारे और वैदिक मंत्रों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु 'या देवी सर्व भूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता...' जैसे मंत्रों के साथ देवी की आराधना में लीन दिखाई दिए नवरात्र प्रारंभ होते ही पूरा क्षेत्र भक्ति रस में डूब गया है। महिलाएं, पुरुष और बच्चे सभी माता की सेवा-सजगता में जुट गए हैं। कई घरों में महिलाएं अखंड ज्योति प्रज्वलित कर माता की आराधना कर रही हैं भक्तों ने बताया कि नवरात्र केवल धार्मिक उत्सव ही नहीं, बल्कि यह आत्मशुद्धि और साधना का पर्व है। आने वाले नौ दिनों तक प्रतिदिन माता के विभिन्न स्वरूपों की पूजा की जाएगी और भक्तजन उपवास रखकर देवी की साधना में तल्लीन रहेंगे शिवाजीनगर सहित आस-पास के क्षेत्रों में नवरात्र की शुरुआत के साथ ही उत्साह और आस्था का माहौल देखने को मिल रहा है।

# राज्यव्यापी दिव्यांगजन खेल प्रतियोगिता के लिए जहानाबाद से 18 खिलाड़ी रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार राज्य समाज कल्याण विभाग, पटना, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं बिहार पारा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में राज्यव्यापी दिव्यांगजन खेल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया जा रहा है। बिहार सरकार द्वारा यह अभिनव पहल राज्य के दिव्यांग खिलाड़ियों को उनके पसंदीदा खेलों में भाग लेने और अपने कौशल का प्रदर्शन करने का मंच प्रदान करती है।

इस प्रतियोगिता में तीन प्रमुख खेल विधाओं पैरा एथलेटिक्स, पैरा बैडमिंटन और पैरा स्विमिंग का आयोजन किया जा रहा है। इन खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ी अपनी शारीरिक और बौद्धिक क्षमता से परे अपने जुनून को आगे बढ़ाने और स्वयं को अभिव्यक्त करने का अवसर प्राप्त



कर रहे हैं। इस उद्देश्य से जहानाबाद जिले से 18 दिव्यांगजन खिलाड़ियों ने राज्य स्तर पर भाग लेने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण किया। सभी खिलाड़ियों को सहायक निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग द्वारा हरी झंडी दिखाकर सोमवार को आयोजन स्थल के लिए बस द्वारा रवाना किया गया। यह प्रतियोगिता बिहार सरकार की ल्मेडल लाओ, नौकरी पाओङ्क योजना के अंतर्गत आयोजित की जा रही है। यह प्रतियोगिता केवल खेल आयोजन नहीं है, बल्कि समाज में समावेशी विकास को बढ़ावा देने और हर बच्चे को अवसर प्रदान करने की दिशा में एक सशक्त पहल है। प्रतियोगिता का आयोजन गयाजी के बिपार्ड परिसर में किया जा रहा है। राज्य के सभी कोनों से आए बच्चे अपनी व्यक्तिगत चुनौतियों से ऊपर उठकर एक साथ आ रहे हैं, एक-दूसरे से मिल रहे हैं, प्रतिस्पर्धा के माध्यम से सीख रहे हैं और अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर रहे हैं।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के मोदनगंज, हुलासगंज, तथा मखदुमपुर परियोजना के अंतर्गत पोषण माह 2025 के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाया गया, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अपने मताधिकार का सही और समय पर प्रयोग करने के लिए जागरूक करना था। यह अभियान आईसीडीएस हुलासगंज, मोदनगंज एवं मखदुमपुर के माध्यम से संचालित किया गया। अभियान के दौरान कुरुआ पंचायत, मोदनगंज में विशेष रूप से मतदान केंद्र संख्या-94 के अंतर्गत नागरिकों को मतदान के महत्व और प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम का नेतृत्व बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने किया, जिन्होंने उपस्थित नागरिकों और युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हर नागरिक का मतदान करना केवल उनका अधिकार नहीं बल्कि जिम्मेदारी भी है, और यही लोकतंत्र की मजबूती सुनिश्चित करता है।कार्यक्रम में ग्रामीणों, युवाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### मां भवानी की जल यात्रा में हजारों कुंवारी लड़कियां जलग्रहण कीं



**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रत्येक साल की भांति इस साल भी मां भवानी की कलश यात्रा भव्य रूप में निकाली गई,जिसमें हजारों की संख्या में कुंवारी लड़कियां माथे पर कलश लिए जलग्रहण करने निकली, पुरूष महिलाओं के हाथों में माता के पताका, झण्डा,लाल पीले वस्त्रों में सजी लोगों ने राम जानकी मंदिर श्यामपुर बाजार से होकर चौक चौराहों पर भ्रमण करते हुए शामपुर नौलखा पुल पर विश्राम कर मंत्रोच्चार के बीच जल ग्रहण किया गया,बाजे,डीजे से माता के गीत भजन के साथ दुर्गा पूजा पंडाल पर पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया गया, पूजा कमिटी के सदस्यों में मोनू कुमार,शनि कुमार, बीर बहादुर प्रसाद,राजन कुमार बाबा,छोटू कुमार,रजनी कान्त सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

### विधायक ने सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया



**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचानें के लिए भाजपा कार्यकताओं में जोश लगी हुई है सैकड़ों कार्यकर्ता के साथ भाजपा विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा ने आदापुर प्रखंड के विशुनपुरवा कलवारी मंझरिया,बैरैया टोला,के आसपास के क्षेत्रों में पहुंच कर लोगों का जन समस्याओं को सुना गया, वहीं सरकार की उपलब्धियों में मोदी जी के प्रशंसा करते हुए उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों की सराहना की गई, सात निश्चय के तहत शिक्षा में बढ़ते संभावना,नदी गली विकास, ग्रामीण सड़कों का विस्तार, शौचालय का निर्माण, वैसे अनगिनत विकास कार्यों का ब्योरा लोगों को बतायी गयी, विधायक के साथ आदापुर मंडल अध्यक्ष नितेश कुमार पटेल,दिलीप कुशवाहा, मुक्ति नारायण साह, ब्रजेश पटेल,रामलाल मंडल, शिवशंकर पासवान, मुन्ना पटेल, हीरालाल साह, सहित एनडीए के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**मैनाटाड़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुरुषोत्तमपुर थाना के नकछेद बहुअरवा गांव के पास नौखनिया नदी रेल पुल पर ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई।मृतक की पहचान नकछेद बहुअरवा गांव निवासी बंगाली कुशवाहा का पुत्र सनोज कुमार कुशवाहा (21) बताया जाता है।

### मधुमक्खियों के हमले में पांच जख्मी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय गोपाला ब्रह्म स्थान परिसर में मधुमक्खियों के हमले से पांच लोग घायल हो गए। घायलों में शिवम दुबे, जिउत पासवान (प्रकाश नगर), अंकित कुमार (कचहरी रोड), करण कुमार (पुरानी बाजार), और गोविंद कुमार (भोजपुर) शामिल हैं। घटना के दौरान मधुमक्खियों ने अचानक हमला किया, जिससे परिसर में अफरातफरी मच गई। सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. एहसान फिरोज ने प्राथमिक उपचार किया। जिउत पासवान की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें जीएमसीएच रेफर किया गया।

### विभिन्न जगहों पर दो युवकों ने की आत्महत्या

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के सैदपुर और अजुआ गांव में सोमवार सुबह दो युवकों, भोज राम और तारकेश्वर पांडेय, ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। सैदपुर निवासी भोज राम अपने दोस्त के प्रेम प्रसंग और अपहरण मामले में फंसने के डर से तनाव में था। वहीं, अजुआ गांव में रहने वाले तारकेश्वर पांडेय, जो मूलतः केहुनिया गांव के थे, जमीन विवाद और मानसिक परेशानी के कारण आत्महत्या की। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए बेतिया जीएमसीएच भेजा गया है और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे।

### आरडब्ल्यूडी बेतिया के अधीक्षण अभियंता निलंबित

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ग्रामीण कार्य विभाग अंचल बेतिया के अधीक्षण अभियंता अमल प्रकाश को राज्य सरकार ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उनके उपर निविदा के निष्पादन में अनियमितता बरतने का आरोप है। यह कार्रवाई मुख्य अभियंता भागलपुर के सचिव रहते की गयी अनियमितता के आरोप में की गयी है। राज्य सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग के संयुक्त सचिव अभय झा की ओर से इस संबंध में संकल्प भी जारी कर दिया गया है।

### डांडिया महोत्सव का आयोजन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चित्रांश एकता मंच महिला समिति ने नवरात्रि के अवसर पर भव्य डांडिया महोत्सव का आयोजन किया। रंग-बिरंगे परंपरागत परिधानों में सजी महिलाओं ने गरबा और डांडिया नृत्य का आनंद लिया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें ढोल और भक्ति गीतों पर महिलाएं खूब झूमीं।आयोजन में अनिता सिन्हा, संगीता प्रसाद, विभा सिन्हा, हेमा सिन्हा, नंदा जी और उनकी टीम के साथ विजय लक्ष्मी, नीता, तूलिका श्रीवास्तव, रंगोली श्रीवास्तव, प्रीति सिन्हा, आरती वर्मा, आराधना रंजन, नीलम सिन्हा सहित कई महिलाओं ने हिस्सा लिया। आयोजकों ने कहा कि यह महोत्सव भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देता है और सामाजिक बुराइयों को दूर करने का संदेश देता है।



### दुर्गा पूजा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जीतना थाना परिसर में सोमवार को दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में पंचायत प्रतिनिधि,पूजा समिति के लाइसेंसधारी शामिल हुए।थानाध्यक्ष ने कहा कि सभी पूजा समितियों को निर्धारित तिथि से पहले लाइसेंस बनवाना होगा। बिना लाइसेंस पूजा या जुलूस की अनुमति नहीं मिलेगी। उन्होंने जुलूस में धारदार हथियार या आपत्तिजनक वस्तुओं पर रोक लगाई है।

**विसर्जन जुलूस के दौरान विशेष सतर्कता**

पुलिस प्रशासन पूजा पंडालों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था करेगा। सीसीटीवी कैमरे, वॉच टावर और पर्याप्त पुलिस बल तैनात किए जाएंगे। विसर्जन जुलूस के दौरान विशेष सतर्कता बरती जाएगी।

**संदेहास्पद गतिविधि की सूचना थाने में दें**

जनप्रतिनिधियों को अपने क्षेत्रों में निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। किसी भी संदेहास्पद गतिविधि की सूचना तुरंत थाने को देनी होगी। नियम तोड़ने वालों और शांति भंग करने की कोशिश करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।बैठक में जेडीयू प्रखण्ड अध्यक्ष उमाकांत प्रसाद, समिति रामविश्वाश यादव, सरपंच रामाधार शाह, डबलू यादव, संतोष यादव, ऋषि कुमार,जटाशंकर यादव समेत कई प्रतिनिधि मौजूद थे। सभी ने प्रशासन को पूरा सहयोग देने का वादा किया।

### मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर यज्ञशाला के मैदान का लिया गया जायजा

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत बंजरिया प्रखंड के बंजरिया थाना के पास यज्ञशाला के मैदान में विकास पुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार सरकार के आगमन के पूर्व संध्या पर पूर्वी चंपारण जिला बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति प्रभारी मंत्री एवं शिक्षा मंत्री सुनील कुमार बिहार सरकार के साथ तैयारी का समीक्षा करते हुए साथ में भावी प्रत्याशी 11 सुगौली विधानसभा क्षेत्र सतीश कुमार पूर्व एमएलसी सह प्रदेश महासचिव जदयू बिहार उपस्थित रहे।

### नेपाली शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पताही पुलिस ने थाना क्षेत्र के गोनाही गांव से एक शराब तस्कर को 139 बोतल नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान शिवहर जिले के पिपराही थाना क्षेत्र के बेलवाघाट निवासी गोलू कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष बबन कुमार ने बताया कि शराब व शराब कारोबारियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत उक्त तस्कर को गिरफ्तार कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

# चंपारण सत्याग्रह की भूमि है यहां से कांग्रेस जन आंदोलन का आगाज करेगी : डा अखिलेश सिंह



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रियंका गांधी की मोतिहारी आगमन की तैयारी को लेकर सोमवार को समीक्षात्मक बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय गांधी आश्रम में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह ने किया। बैठक की को संबोधित करते हुए डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि आगामी 26 सितम्बर को दोपहर 1 बजे महात्मा गांधी जी की कर्मभूमि मोतिहारी में प्रियंका गांधी जी के आगमन होगा । उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी जी का यह दौरा चंपारण की ऐतिहासिक धरती पर एक नई ऊर्जा का संचार करेगा। यह सत्याग्रह की भूमि है और यहां से कांग्रेस पुनः जनआंदोलन का आगाज करेगी । उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी जी का चंपारण आगमन न केवल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत होगा बल्कि जनता को यह संदेश देगा कि कांग्रेस आज भी गांधी जी के मूल्यों और सिद्धांतों पर दृढ़ता से कायम है। संबोधन में बिहार प्रभारी सचिव सुशील कुमार पासी ने कहा कि 26 सितम्बर का यह ऐतिहासिक दिन साबित करेगा कि चंपारण की जनता कांग्रेस के साथ मजबूती से खड़ी है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ईण शशिभूषण राय उर्फ गप्पू राय ने कहा कि प्रियंका गांधी जी का यह दौरा चंपारण की राजनीति को नई दिशा देगा। कुमार आशीष ने कहा कि प्रियंका गांधी जी की लोकप्रियता और करिश्मा जन-जन तक पहुंच रहा है। वही कैसर अली खान ने कहा कि गांधी जी की कर्मभूमि पर प्रियंका गांधी जी का आगमन ऐतिहासिक होगी । बैठक में सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि 26 सितम्बर को गांधी मैदान, मोतिहारी में आयोजित कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाया जाएगा । मौके पर शैलेन्द्र शुक्ला, मनोज सिंह,शैलेन्द्र कुमार सिंह, प्रो. विजय शंकर पाण्डेय, बर्खत खां, संगम त्रिपाठी, ओमप्रकाश कुशवाहा सहित बड़ी संख्या अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर किया गया सूखा राशन का वितरण

**कोटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के 189 आँगनबाड़ी केंद्रों पर सोमवार को जिलाधिकारी एवं आईसीडीएस के निर्देश के आलोक में टेक होम राशन वितरण किया गया । टीएचआर वितरण से पहले आईसीडीएस निदेशक के निर्देश पर सेविका ने केंद्र पर विकास समिति की बैठक बुलाई । बैठक में आंगनवाड़ी विकास समिति के सदस्यों को टीएचआर वितरण से संबंधित सभी लाभुकों को इसकी जानकारी दी गई । विकास समिति की बैठक में सेविका ने लाभुकों को क्रय मूल्य एवं सामग्री की मात्रा की जानकारी दी गई। बैठक के बाद समिति के देख रेख में सेविका आंगनबाड़ी केन्द्र पर टीएचआर वितरण किया गया । टीएचआर वितरण में कुपोषित बच्चे, अति कुपोषित बच्चे, गर्भवती महिलाओं एवम प्रसूति महिलओ के बीच सूखा राशन वितरण किया गया।इस दौरान महिला पर्यवेक्षिका शिवांगी कुमारी, स्वेता गौतम ,रेणु कुमारी ज्योति कुमारी अपने अपने सेक्टर में टीएचआर वितरण का निरीक्षण करती रही ।वही जिलाधिकारी के निर्देश पर आंगनवाड़ी केंद्रों के टीएचआर वितरण के जांच हेतु टीम गठित की गई थी । सीडीपीओ अर्चना कुमारी ने बताया कि सभी केंद्र पर टीएचआर वितरण किया गया।



# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत मदरसा छात्राओं की स्वास्थ्य जांच

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पश्चिम चम्पारण के बेतिया में श्स्वस्थ नारी सशक्त परिवारश अभियान के अंतर्गत जिले के सभी प्रखंडों में स्कूली बालिकाओं की स्वास्थ्य जाँच की जा रही है। इसी कड़ी में बगहा-1 प्रखंड के मदरसा कासीमूल उलूम, बसंतपुर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 150 से अधिक छात्राओं की एनीमिया, वजन आदि की जाँच की गई। जिला समन्वयक डॉ. रंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क मेडिकल कैंप लगाया गया, जिसमें चिकित्सकों ने छात्राओं को स्वास्थ्य परामर्श दिया। भारत सरकार के निर्देश पर 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस राष्ट्रव्यापी अभियान में महिलाओं और बालिकाओं के स्वास्थ्य व पोषण पर जोर दिया जा रहा है। 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं को एचपीवी टीका भी दिया जा रहा है। शिविर में महावारी स्वच्छता, पोषण और स्वस्थ जीवनशैली के उपायों पर डॉ. रंजन मिश्रा, डॉ. प्रभात कुमार और प्रधानाध्यापक हयात अहमद ने जानकारी दी। दवाइयों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर डॉ. अंजुम आरा, शिक्षक मो. वलीउल्लाह, फार्मासिस्ट साकेत बिहारी, काउंसलर राजकिशोर शर्मा, एएनएम रेणु कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री करेंगे 1100 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास, उदघाटन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प.चंपारण का दौरा अब तय हो गया है। वे मंगलवार को वाल्मीकिनगर एवं बेतिया दोनो जायेंगे। मुख्यमंत्री वाल्मीकिनगर में जिले में क्रियान्वित करीब 1100 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास उदघाटन करेंगे। जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियां पुरी कर ली गयी है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को जिले के वाल्मीकिनगर में 1100 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास एवं उदघाटन करेंगे। वाल्मीकिनगर में वे लक्षित समूह लाभार्थियों के साथ संवाद करेंगे। इसमें जीविका समूह की दीदियां एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थी शामिल रहेंगे। इसके बाद विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण भी करेंगे। शिलान्यास स्थल वाल्मीकिनगर भवन परिसर को बनाया गया है। इसके बाद वे हेलिकाप्टर से बेतिया के बड़ा रमना के मैदान में पहुंचेंगे। यहां के प्रेक्षागृह में आयोजित एनडीए के कार्यकताओं से संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सभी तरह की तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिलाधिकारी धर्मेद्र कुमार ने बताया कि वाल्मीकिनगर में मुख्यमंत्री के द्वारा योजनाओ का शिलान्यास एवं उदघाटन किया जाना है। उसके बाद बेतिया के प्रेक्षागृह में एनडीए कार्यकताओं के साथ संवाद प्रस्तावित है। इस दौरान 114 योजनाओं का शिलान्यास करेंगे।

**कार्यक्रम की तैयारी पूरी**



# विधानसभा चुनाव को लेकर इंडो नेपाल के अधिकारियों के बीच बैठक, कॉर्डिनेशन पर हुई चर्चा



**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी विधान सभा चुनाव 2025 को लेकर जीतना थाना परिसर में रविवार एसएसबी सहित इंडो नेपाल के अधिकारि और दर्जनों थाना अध्यक्ष के साथ आपसी कॉर्डिनेशन को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक की अध्यक्षता सीकरहना डीएसपी उदय शंकर कुमार ने की. बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य इंडो नेपाल के आपसी कॉर्डिनेशन को बरकरार रखना है. इस आपसी कॉर्डिनेशन के तहत शराब तस्करी, मानव तस्करी, मादक पदार्थ, तस्करी आपराधिक गतिविधि जैसे मुद्दों पर आपसी सहयोग को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई. जिससे दोनों देशों के आपसी कॉर्डिनेशन मजबूत हो. बताया कि शराब, आपराधिक गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए एक दूसरे का सहयोग आवश्यक है. आपसी सहयोग के बिना इंडो नेपाल के असामाजिक तत्वों, मानव तस्करी, शराब तस्करी एवं आपराधिक मामलों पर नकेल कसना मुश्किल प्रतीत होता है. अगर प्रशासनिक दृष्टिकोण से इन मामलों से संबंधित मुद्दों को एक दूसरे को जानकारी देकर सहयोग करेंगे तो निश्चित रूप से आपसी कॉर्डिनेशन और मजबूत होगा. बताया कि यह मार्ग इस मामले की सफलता हेतु बेहतर और श्रेयस्कर है. जिसका होना जरूरी है. बैठक की व्यवस्थापक जितना थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने की बैठक में उपस्थित नेपाल पुलिस एवं नेपाल एपीएफ एसएसबी सहित पुलिस ने बताया दोनों देशों के आपराधिक सहित अन्य मामलों में सफलता और पूर्ण रूपेण नकेल कसने के लिए एक दूसरे को जानकारी देना और आपसी सहयोग अत्यंत आवश्यक है. एक दूसरे के सहयोग के बिना सभी इन बिंदुओं पर लगाम पूर्ण विराम नहीं लगा सकते हैं. एसएसबी 71 वीं बटालियन के अधिकारियों ने बताया कि इंडो नेपाल के आपसी सहमति और सहयोग ही इन बिंदुओं का बेहतर मार्ग हो सकता है. इससे आपराधिक गतिविधि पर पाबंदी होगी और कॉर्डिनेशन मजबूत होगा. मौके पर सिकरहना एसडीओ साकेत कुमार, झरोखर थाना अध्यक्ष मो असलम, कुंडवा चैन पुर थाना अध्यक्ष मनीष कुमार,पचपकरी थाना अध्यक्ष पूजा कुमारी,घोड़ासहन थाना प्रभारी संजीव कुमार ढाका अंचलाधिकारी अर्चिता कुमारी, बनकटवा अंचलाधिकारी अतुल कुमार बादल सहित दर्जनों थाना अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

# पोषण माह के तहत महिलाओं को दिये गये टिप्स

फोटो 22 बेतिया 3 प्रशिक्षण में भाग लेती महिलांए

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** केवीके माधोपुर ने पोषण माह के तहत सोमवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें 45 महिलाओं ने भाग लिया। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अभिषेक प्रताप सिंह के मार्गदर्शन और डॉ. हर्षा बी. आर. के संचालन में सहजन के पौधे वितरित किए गए। वैज्ञानिकों डॉ. चेलपूरी रामुलु, डॉ. जगपाल, और डॉ. सौरभ दुबे ने सहजन के पोषक गुणों, जैसे विटामिन, प्रोटीन, आयरन और मिनरल्स की जानकारी दी, जो कुपोषण दूर करने और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक है। महिलाओं को सहजन को आहार में शामिल करने और घर के आसपास पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को पोषण के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ परिवार निर्माण को बढ़ावा देना था। प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना की और सहजन को अपने भोजन में शामिल करने की प्रतिबद्धता जताई। वैज्ञानिकों ने इस आयोजन को सामुदायिक जागरूकता और कुपोषण उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। केवीके माधोपुर का यह प्रयास पोषण और स्वास्थ्य सुधार में अहम भूमिका निभा रहा है।



### आजीविका को बढ़ावा देने के लिए मशरुम उत्पादन प्रशिक्षण

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कृषि विज्ञान केंद्र मधोपुर ने ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के लिए चार दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अभिषेक प्रताप सिंह और पौध संरक्षण विशेषज्ञ डॉ. सौरभ दुबे के नेतृत्व में आयोजित इस ऑन-कैंपस कार्यक्रम में लगभग 30 किसानों, विशेषकर महिलाओं, ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य मशरूम उत्पादन की वैज्ञानिक तकनीकों, जैसे बीज इनोकुलेशन, सब्सट्रेट प्रबंधन, तापमान और नमी नियंत्रण, तथा कटाई प्रक्रिया की जानकारी देना था। वैज्ञानिकों ने बताया कि कम लागत में मशरूम उत्पादन से अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है। इफको प्रतिनिधि सुजीत कुमार ने तकनीकी मार्गदर्शन के साथ-साथ वित्तीय सहायता की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। महिलाओं ने घरेलू स्तर पर मशरूम उत्पादन शुरू करने की योजना बनाई। डॉ. सिंह ने किसानों को आत्मनिर्भर बनने और इसे व्यावसायिक मॉडल के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इसे कृषि विविधीकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में मील का पत्थर बताया। किसानों ने इस पहल को ग्रामीण आजीविका सुधार का उत्कृष्ट साधन माना। केवीके मधोपुर का यह प्रयास कृषि नवाचार और सतत विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम है।

# मेगा रोजगार मेला में 700 से अधिक युवाओं को मौके पर मिली नौकरी

**भाजपा युवा नेत्री नेहा सिंह के द्वारा कराया गया रोजगार मेला का आयोजन ● रोजगार की तलाश में 3000 से अधिक लोगों ने लिया हिस्सा**



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के अनुग्रह नारायण सिंह महाविद्यालय के प्रांगण में शनिवार को भाजपा की युवा नेत्री नेहा सिंह के द्वारा विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया गया इस रोजगार मेला में राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय लगभग दर्जन भर से अधिक कंपनियों के प्रतिनिधि ने हिस्सा लिया । इस रोजगार मेले में बाढ़ मोकामा बख्तियारपुर के अलावे बेगूसराय शेखपुरा समेत विभिन्न इलाकों से 3000 से अधिक लोग शामिल हुए रोजगार मेला में विभिन्न कंपनियों द्वारा चयन के आधार पर 700 से अधिक युवाओं और युवतियों को तत्काल रोजगार उपलब्ध कराए गए। जिन्हें भाजपा नेत्री नेहा सिंह ने ऑफर लेटर प्रदान किया। इससे पूर्व रोजगार मेले का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्य श्यामा राय,भाजपा नेत्री नेहा सिंह, भाजपा के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र प्रसाद, जदयू के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर शंकर सिंह, भाजपा नेता राजेश कुमार राजू, हम जिलाध्यक्ष धनंजय मांझी ने फीता काट कर किया। मौके पर , सुरेंद्र चौबे समेत लोजपा हम पार्टी के नेतागण उपस्थित थे ।

**3500 युवाओं ने कराया निबंध 700 को मिली मौके पर नौकरी खिल उठे चेहरे जब हाथ में मिला ऑफर लेटर**

अनुग्रह नारायण सिंह महाविद्यालय में आयोजित रोजगार मेले में सुबह से ही नौकरी पाने के लिए युवाओं की भारी भीड़ मौजूद थी।इस मेले में लगभग 3000 से ज्यादा युवाओं और युवतियों ने हिस्सा लिया मेले में शामिल हुए विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की कंपनी के प्रतिनिधियों ने साक्षात्कार एवं अन्य प्रक्रियाओं के आधार पर मेले में शामिल हुए कुल 700 से अधिक युवक और युवतियां को नौकरी के लिए चयन किया । कंपनी के द्वारा चयन होने के बाद चयनित प्रतिभागियों को भाजपा नेत्री नेहा सिंह ने जैसे ही ऑफर लेटर प्रदान किया कइयों के चेहरे खिल उठे तो कइयों की आंखें खुशी से नम हो गयी। एक साथ 700 युवक और युवतियों का नौकरी के लिए चयन होना एक दिन में बाढ़ के लिए यह अभूतपूर्व क्षण था । कई नौकरी पाने के बाद कई युवाओं ने बताया कि उसने सोचा भी नहीं था कि आज उसे नौकरी मिल जाएगी लेकिन यहां आने के बाद निशुल्क निबंध हुआ और साक्षात्कार के आधार पर उसे नौकरी मिली है मौके पर मौजूद लोगों ने बाढ़ में इस तरह के रोजगार मेला आयोजन को लेकर आयोजकों की प्रशंसा की।

### लहेरिया कट और साइलेंसर खोल बाइक चलाने वाले की होगी भी बाइक जप्त : एसडीपीओ

**चकिया (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना परिसर में दुर्गा पूजा में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शांति समिति की बैठक का आयोजन एसडीपीओ संतोष कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। एसडीपीओ श्री कुमार ने बैठक में शामिल सभी पूजा समितियों के सदस्यों व गणमान्य से आपसी सौहार्द के साथ दुर्गा पूजा को धूमधाम से मनाए। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी पूजा पंडालों के लाइसेंस के लिए 22 सितंबर तक आवेदन दे दें। क्योंकि पुलिस प्रशासन को रूट का सत्यापन सहित कई आवश्यक कार्य करने होते है। कहा कि पूजा पंडालों में सुरक्षात्मक व्यवस्था पर ध्यान देने की विशेष जरूरत है जिससे कोई भी अप्रिय घटना से बचा जा सकता है।

# श्रद्धा के साथ हुई कलश स्थापना : मंत्रोच्चारण से गूंजे मां भगवती के मंदिर





**मैनाटांड/मझौलिया/नरकटियागंज/ बगहा/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वैदिक मंत्रोच्चारण एवं देवी के जयघोष के साथ ही सोमवार से शारदीय नवरात्र श्रद्धा भक्ति से शुरू हुई। इनरवा, पिंडारी मर्जदवा, बिरंची, धोखराहा, रामपुर बेलवाडीह माई स्थान, पुरुषोत्तमपुर आदि जगहों पर मां भगवती की पूजा अर्चना शुरू हुई। माता दुर्गा के प्रथम रूप शैलपुत्री की पूजा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। आचार्य शशि रंजन पांडेय ने कहा कि नवरात्रि की श्रद्धा पूर्वक आराधना करने से मां दुर्गा प्रसन्न होकर सुख शांति प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। मझौलिया प्रतिनिधि के अनुसार महनागनी पंचायत में शारदीय नवरात्र के अवसर पर नवयुवक दुर्गा पूजा समिति ने माँ भगवती स्थान से 5051 कन्याओं के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली। पंडित श्रीकृष्ण तिवारी के मार्गदर्शन में परंपरागत विधि-विधान से आयोजित इस यात्रा में पंचानंद साह और मीरा देवी मुख्य यजमान रहे। कन्याओं ने आकड़ाहा नदी से जल भरकर कलश स्थापना की, और ह्यजय माता दीह्न के जयकारों से वातावरण गूँज उठा। समिति अध्यक्ष अरुण कुमार राय और मुखिया अजय राय ने बताया कि यहाँ पीढ़ियों से नवरात्र धूमधाम से मनाया जाता है। व्यवस्था में सचिन अजय कुमार गुप्ता, बाबूसाहब ओझा, सुभाष भारती, नागेश्वर प्रसाद, डॉ. रामजी प्रसाद, राजू महतो, राकेश कुमार, शम्भू ओझा, अमित कुमार सहित कई सदस्य सक्रिय रहे। नरकटियागंज प्रतिनिधि के अनुसार शारदीय नवरात्र पर पूजा पंडालों एवं मंदिरों से कलशसोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान जयकारा और मंगल ध्वनियों से माहौल भक्तिमय रहा। मुजौना के दुर्गा पूजा पंडाल से 251 कुवारी कन्याओ से साथ कलशसोभा यात्रा निकाली गई। जो कि मुरली, पिपरा समेत अन्य गाव होते हुए बावड़ नदी के घाट पर पहुचीं। इस कलशसोभा यात्रा में किन्नरों का झुंड भी शामिल रहा जो कि माता के भक्ति गीतों पर नृत्य करते हुए झूम रहे थे। बगहा प्रतिनिधि के अनुसार शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।शहर से लेकर ग्रामीण इलाको तक मां शारदे की गूंज से पूरा क्षेत्र गूंजमय रहा।पूजा पंडालों से कलश यात्रा निकली गई जो लोगों का आकर्षण का केंद्र रहा।मदनपुर, बैराटी,नरदेवी,चंडीस्थान के मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की आपार भीड़ पूजा अर्चना के लिए लगी रही।सभी मंदिरों एवं पूजा पंडालों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस बल की तैनाती की गई है।

# करंट की चपेट में आने से हवलदार की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के हुलासगंज प्रखंड अंतर्गत सुकियावां गांव में करंट की चपेट में आने से बिहार पुलिस के हवलदार की मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया गया कि मृतक सुकियावां निवासी 58 वर्षीय रामाश्रय शर्मा सोमवार को कोर्ट बंद होने के कारण छुट्टी में अपने घर आये हुये थे। बताया गया कि वे व्यवहार न्यायालय जहानाबाद में प्रतिनियुक्त थे तथा सोमवार की सुबह घर में बिजली के उपकरणों की साफ सफाई में लगे थे इस दौरान करंट का झटका लगा। अन्य परिजन जब



कमरे में आये तो देखा कि इन्वर्टर वगैरह अलग गिरा हुआ है तथा ये बेहोशी की हालत में थे। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों द्वारा उन्हें हुलासगंज सीएचसी लाया गया जहां से सदर अस्पताल जहानाबाद रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम कराया गया तथा पोस्टमार्टम के बाद शव को पुलिस लाइन ले जाया गया। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि शाम तक शव पैतृक गांव सुकियावां आने के बाद दाह संस्कार की प्रक्रिया शुरू होगी। पुलिसकर्मी रामाश्र शर्मा की मौत की खबर मिलते ही पुलिस विभाग में भी शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में अधिकारी और जवान अस्पताल पहुंचे और गहरी संवेदना प्रकट की। विभागीय साथियों ने बताया कि रामश्रय शर्मा एक इमानदार और अनुशासित जवान थे। उनकी असमय मौत से पुलिस बल ने एक समर्पित सिपाही खो दिया है।

इधर, घटना की खबर मिलते ही गांव में भी मातम पसर गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उनके भतीजे ने बताया कि चाचा बिल्कुल स्वस्थ थे, लेकिन अचानक यह हादसा हो गया। यह हमारे पूरे परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। बताया गया कि कुछ माह पूर्व ही उनका तबादला जहानाबाद हुआ था और उन्हें सिविल कोर्ट की सुरक्षा ड्यूटी पर लगाया गया था। उनके ग्रामीणों ने भी उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। पुलिस प्रशासन द्वारा परिजनों को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया गया है।

## जिलाधिकारी व बीइओ ने मखदुमपुर के दो विद्यालयों का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड के दो विद्यालयों का जिलाधिकारी अलंकृता पांडे एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी सरस्वती कुमारी ने निरीक्षण किया। इस आशय की जानकारी देते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय इस्माइलपुर एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय मठ भगवानपुर का जिलाधिकारी के साथ निरीक्षण किया है। उन्होंने बताया कि दोनों विद्यालयों में भवन निर्माण का कार्य चल रहा है। जिसमें संबंधित पदाधिकारी को जल्द से जल्द काम पूरा करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर यह निरीक्षण किया गया है। दोनों विद्यालयों में भवन निर्माण का कार्य चल रहा है और चुनाव से पहले हर हाल में निर्माण का कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है, ताकि यहां मतदान केंद्र बनाया जा सके तथा चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में कराया जा सके।

# जहानाबाद में पेयजल संकट : नगर परिषद की लापरवाही से भड़का ग्रामीणों का आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना का लाभ जहानाबाद के बभना गांव के लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है। पिछले कई दिनों से पानी की आपूर्ति ठप होने के कारण ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और उन्होंने सोमवार को जहानाबाद–अरवल मुख्य मार्ग को घंटों जाम कर दिया। इस दौरान यातायात पूरी तरह ठप हो गया और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

ग्रामीणों का आरोप है कि नगर परिषद और संबंधित विभाग उनकी समस्या को लेकर पूरी तरह लापरवाह बने हुए हैं। जबकि नल-जल योजना का उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना था, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि पाइपलाइन जगह-जगह से लीक हो चुकी है और मोटर खराब होने पर उसकी मरम्मत में हफ्तों लग जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मोटर का उपयोग कई बार सिंचाई के लिए किया जाता है, जिससे सामान्य सप्लाई बाधित हो जाती है। जल संकट के कारण लोगों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक दिक्कत उठानी पड़ रही है। सड़क जाम की सूचना पर नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम खत्म कराया। हालांकि लोगों ने साफ कर दिया कि यदि जल्द पानी की आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो वे और बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ग्रामीणों का कहना है कि परिषद के अधिकारी सिर्फ कागजों पर सक्रिय हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि लोग बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। नल-जल योजना की विफलता न केवल सरकारी योजनाओं की पोल खोल रही है, बल्कि प्रशासन की संवेदनहीनता को भी उजागर करती है।स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि बभना सहित अन्य प्रभावित इलाकों में पेयजल संकट का स्थायी समाधान निकाला जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि पाइपलाइन की नियमित जांच, मोटर की समय पर मरम्मत और निगरानी व्यवस्था लागू हो, ताकि भविष्य में लोगों को ऐसी समस्या का सामना न करना पड़े।

# नक्सल प्रभावित इलाकों की महिलाएं बन रही आत्मनिर्भर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मदनपुर।** नक्सल प्रभावित गांवों की महिलाएं व्यवसायिक प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन रही है। 1990 के आसपास इलाके में नक्सलियों का आतंक हुआ करता था जिससे लोगों में दहशत का माहौल रहता था। ऐसे में रोजगार की कल्पना करना मुश्किल था। तब प्रियंका स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ने नाबार्ड के सहयोग से स्वयं सहायता समूह का गठन कर गरीब माध्यम वर्गीय महिलाओं को जोड़ स्वरोजगार खाद्य व्यंजन प्रसंस्करण, लहठी चुड़ी, ब्यूटीशियन, सिलाई व बुनाई सहित अन्य लघु उद्योगों का प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार से जुड़ने का काम कर रही है। इन प्रशिक्षित महिलाओं द्वारा खाद्य प्रसंस्करण उत्पादन कर राज्य के हर घर के भोजन की थाल में मदनपुर में बन खाद्य व्यंजन पहुंचाने के लिए प्रयास में लगी हुई हैं। इसी उद्देश्य से महिलाएं खाद्य प्रसंस्करण उत्पादन कर रही हैं और स्वरोजगार कर आर्थिक रूप से स्वाबलंबन बन रहीं हैं। मदनपुर मुख्य बाजार स्थित ठाकुर रोड में प्रियंका स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों द्वारा खाद्य व्यंजन चना बड़ी, आलू बड़ी, मुंग बड़ी, आलू चिप्स, चरौरी, साबुदाना पापड़, सुज्जी पापड़ सहित अन्य खाद्य व्यंजनों की उत्पादनों का निर्माण कर बाजार में बेचती हैं। इज्जत ब्रांड नाम से उत्पाद को बेचा जाता है। खाद्य व्यंजन शुद्ध, स्वादयुक्त, पौष्टिकता से भरपूर रहता है। यहीं वजह है कि इसकी मांग बहुत है। यहां का उत्पाद देश के कई राज्यों हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला, आसाम के की राजधानी, मध्य प्रदेश के ग्वालियर, उड़िया, दिल्ली सहित बिहार के विभिन्न जिलों में नाबार्ड प्रायोजित देश स्तरीय प्रदर्शनी सह मेला में स्टालों के माध्यम से बिक्री किया जाता है। प्रियंका स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के सचिव भरत ठाकुर व प्रशिक्षिका विमला देवी ने बताया कि 1997-98 से महिलाओं का स्वयं सहायता समूह का गठन करना शुरू किए थे और 2014-015 तक किया गया। इस दौरान क़रीब 700 समूहों का गठन किया गया जिसमें 2000 से अधिक महिलाएं शामिल थीं। जो स्वरोजगार कर अपने परिवार को आर्थिक विकास में भूमिका निभा रही हैं। बच्चों के पढ़ाई लिखाई में सहयोग कर रही है। नाबार्ड के उप महा प्रबंधक सह डीडीएम सुशील कुमार सिंह ने बताया है कि औरंगाबाद जिले में सबसे पहले 2003 में प्रियंका स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से 150 स्वयं सहायता समूह का गठन एवं बैंक लिंकेज कराने की जिम्मेदारी दी गई थी, जो सफल रहा।

# जर्जर हसपुरा–देवकुंड रोड को लेकर युवाओं का आक्रोश फूटा

**बाजार बंदी व जाम कर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा–देवकुंड रोड की जर्जर स्थिति को लेकर रविवार को स्थानीय युवाओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत हसपुरा बाजार बंद रहा और सैकड़ों की संख्या में युवा बड़ी खेल मैदान में जुटे। वहां से आक्रोश मार्च निकालते हुए उन्होंने "रोड नहीं तो वोट नहीं" का नारा लगाया और पूरे बाजार का भ्रमण किया। प्रदर्शनकारियों ने जगह-जगह सरकार विरोधी नारेबाजी की और सांसद, विधायक, पूर्व सांसद व पूर्व विधायकों के खिलाफ आक्रोश प्रकट किया। युवाओं का कहना था कि जब तक सड़क का निर्माण नहीं होगा, किसी भी नेता का विरोध किया जाएगा। प्रदर्शनकारी हसपुरा मेन बाजार, दक्षिण मुहल्ला होते हुए बस स्टैंड पहुंचे और सड़क जाम कर दिया। इस दौरान दुकानदारों और ग्रामीणों से भी आंदोलन के समर्थन की अपील की गई।

गौरतलब है कि हसपुरा पुरानी थाना रोड से अमझरशरीफ होते हुए देवकुंड त्रिसंकट चौक तक सड़क की हालत बेहद दयनीय है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने से सड़क पर गाड़ी चलाना मुश्किल हो गया है। खास बात यह है कि इस मार्ग पर अमझरशरीफ में दादा सैयदना साहब का मजार और देवकुंड में बाबा दुधेश्वरनाथ मंदिर स्थित है, जहां साल भर श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है।

इसके बावजूद अब तक सरकार और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से लोगों में नाराजगी गहराती जा रही है। युवाओं ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# एसबीआई लाइफ और बीसीसीआई ने 'थैंक्स-ए-डॉट' पहल के जरिए स्तन कैंसर जागरूकता को दी नई उड़ान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** क्रिकेट की लोकप्रियता और इसकी व्यापक पहुंच का उपयोग सामाजिक बदलाव के लिए करते हुए एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मिलकर स्तन कैंसर जागरूकता को नई दिशा दी है। 'थैंक्स-ए-डॉट' पहल के तहत भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में विशेष गुलाबी जर्सी पहनकर खेला। इस जर्सी पर 'थैंक्स-ए-डॉट' का लोगो अंकित था, जिसने महिलाओं के स्वास्थ्य और स्तन कैंसर की शीघ्र पहचान के महत्व को रेखांकित किया। मैच से पहले आयोजित विशेष समारोह में एसबीआई लाइफ के प्रेसिडेंट व मुख्य वितरण अधिकारी एम. आनंद, बीसीसीआई अधिकारी, एसबीआई लाइफ के ब्रांड एवं सीएसआर प्रमुख रविंद्र शर्मा और स्तन कैंसर से जंग जीत चुकीं अभिनेत्री महिमा चौधरी



की मौजूदगी में कप्तान हरमनप्रीत कौर व टीम की खिलाड़ियों को जर्सी सौंपी गई। इस मौके पर एम. आनंद ने कहा कि एसबीआई लाइफ केवल जीवन ही नहीं, बल्कि सपनों और आकांक्षाओं की रक्षा में विश्वास रखता है। 'थैंक्स-ए-डॉट' पहल महिलाओं को जागरूक और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। महिमा चौधरी ने कहा कि शीघ्र पहचान ही स्तन कैंसर से बचाव की कुंजी है। 'हग ऑफ लाइफ' पहल महिलाओं को हर महीने स्वयं-जांच की याद दिलाने का अनूठा तरीका है।

गौरतलब है कि 2019 में शुरू हुई 'थैंक्स-ए-डॉट' पहल के जरिए महिलाओं को स्वयं-जांच और शुरुआती पहचान के महत्व के बारे में शिक्षित किया जा रहा है। 2023 में इसके तहत 'प्रोजेक्ट हग ऑफ लाइफ' लॉन्च किया गया, जिसमें गर्म पानी की थैलियों पर 3डी गांठें उकेरकर महिलाओं को स्वयं-जांच के लिए प्रशिक्षित किया गया। बीसीसीआई के सहयोग से मैच के दौरान 'डॉट बॉल काउंटर' को 'हग ऑफ लाइफ बैग' के रूप में पेश किया गया। हर 50 डॉट गेंदों पर 200 जरूरतमंद महिलाओं को किट दी जाएगी, जिनके जरिए उन्हें स्वयं-जांच की जानकारी दी जाएगी। एसबीआई लाइफ पूरे वर्ष इस अभियान को जमीनी स्तर पर जारी रखेगा ताकि महिलाओं को सक्रिय आदतें अपनाने और स्तन स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में मदद मिल सके। यह पहल न केवल स्वास्थ्य संबंधी झिझक को तोड़ती है, बल्कि समय रहते खुद की और अपनों की सुरक्षा का संदेश भी देती है।

# रफीगंज में भव्य कलश यात्रा, हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के बड़ी दुर्गा देवी स्थान से सोमवार की सुबह दुर्गा पाठ एवं रामचरितमानस यज्ञ के लिए भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरुआत गाजे-बाजे, घोड़े और आकर्षक झांकियों के साथ हुई। हाथों में कलश लिए हजारों की संख्या में महिलाएं व पुरुष "जय माता दी" के उद्घोष करते हुए बड़ी दुर्गा देवी स्थान से मेन बाजार, स्टेशन रोड, महराजगंज, बस स्टैंड होते हुए धावा नदी स्थित महादेव स्थान पहुंचे। महादेव स्थान पर आचार्य लालभूषण मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं से जलभरी कराई। जलभरी के बाद कलश यात्रा पुनः बस स्टैंड होते हुए बड़ी दुर्गा देवी




स्थान लौटी, जहां यज्ञ की तैयारियां शुरू की गईं। आयोजक शंकर शौंडिक और दिलीप कुमार ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दुर्गा पाठ के लिए जलभरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलश यात्रा में नगर और आसपास के गांवों से उमड़े भक्तों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष सह प्रखंड कार्यान्वयन समिति उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू, दीनानाथ विश्वकर्मा, गिरिजा प्रसाद, प्रदीप उर्फ बाबू प्रसाद, शंकर शौंडिक, पवन गुप्ता, अशोक प्रसाद, रंजीत मिश्र, थानाध्यक्ष शंभू कुमार, क्षेत्रीय प्रभारी शिवदयाल प्रसाद गुप्ता, डॉ. एस.के. वर्मा, भाजपा महामंत्री बालगोविंद साहू सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की भव्यता बनाए रखने के लिए पुलिस बल और एनसीसी के छात्र-छात्राएं भी सक्रिय रहे। श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का अद्भुत उदाहरण बताया।

# संसाधन एवं प्रशिक्षण केंद्र भवन का शिलान्यास, हुलासगंज में प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय भवन का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर-कमलों द्वारा पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर जहानाबाद जिले को दो महत्वपूर्ण सौगातें प्राप्त हुई। मुख्यमंत्री ने अपने कर-कमलों से जिला स्तरीय संसाधन एवं प्रशिक्षण केंद्र भवन, जहानाबाद का शिलान्यास तथा प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय भवन, हुलासगंज का उद्घाटन वीसी के माध्यम से किया। जिला स्तरीय संसाधन एवं प्रशिक्षण केंद्र भवन की स्वीकृत राशि 10.9435 करोड़ रुपये है। यह भवन जिले में विभिन्न योजनाओं के प्रभावी संचालन, अधिकारियों एवं कर्मियों के प्रशिक्षण तथा संसाधनों के केंद्रीकरण का महत्वपूर्ण आधार बनेगा। इससे जिले में प्रशासनिक कार्यों की गुणवत्ता और दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

वहीं, हुलासगंज में स्थापित प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय भवन, जिसकी स्वीकृत राशि 1,11,79,286 रुपये है, ग्रामीण अंचलों में पशुपालकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने की दिशा में एक सशक्त कदम है। इस चिकित्सालय से पशुपालन को बढ़ावा मिलेगा तथा दुग्ध उत्पादन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इस कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय की उपस्थिति में ग्राम प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम में जिला पशुपालन पदाधिकारी तथा जिला मत्स्य पदाधिकारी के साथ लाभार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि जिला स्तरीय संसाधन एवं प्रशिक्षण केंद्र भवन के निर्माण से योजनाओं के क्रियान्वयन में गति आएगी और प्रशिक्षण की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध होगी। वहीं हुलासगंज में प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय के उद्घाटन से पशुपालन क्षेत्र में नई संभावनाएं विकसित होंगी, जिससे सीधे तौर पर ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसानों की आय पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

# स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त नदी ही हमारे पर्यावरण और स्वास्थ्य की आधारशिला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला गंगा समिति, नमामि गंगे, अलंकृता पांडेय के निर्देशानुसार नगर परिषद, जहानाबाद द्वारा वार्ड संख्या-20 स्थित जाफरगंज दरधा नदी किनारे पुल के पास विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत नदी तट से कचरा एवं गंदगी हटाकर स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जिला परियोजना पदाधिकारी, जिला गंगा समिति, नमामि गंगे, जहानाबाद अमित कुमार ने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे नदी किनारे गंदगी



एवं कचरा न फेंके तथा स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय सहयोग करें। कार्यक्रम में जिला गंगा समिति के सदस्य-सह-खनन निरीक्षक मिथलेश कुमार एवं वार्ड संख्या-20 के पार्षद भी शामिल हुए। उन्होंने आमजन को जागरूक करते हुए कहा कि स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त नदी ही हमारे पर्यावरण और स्वास्थ्य की आधारशिला है।

# चोरी का मामला दर्ज, आरोपित को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के गोवर्धन बिगहा चोवड़ा में चोरी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गोवर्धन बिगहा निवासी सुदेश्वर यादव के पुत्र मुन्ना कुमार के रूप में हुई है। इस संबंध में पीड़ित रमेश कुमार सिंह ने रफीगंज थाने में आवेदन देकर बताया कि बीते शुक्रवार की रात जब वे परिवार संग सो रहे थे, तभी पास के घर से शोर की आवाज आई। मौके पर जाकर देखा तो एक अज्ञात व्यक्ति घर में घुसा हुआ था। खोजबीन करने पर वह छत से कूदकर भागने लगा और पास की झाड़ियों में जाकर छुप गया। ग्रामीणों की मदद से उसे पकड़ लिया गया और पुलिस को सूचना दी गई। रमेश कुमार सिंह ने बताया कि जब उन्होंने अपने घर का सीसीटीवी फुटेज देखा तो उसमें वही युवक घर में घुसता नजर आया। इसके बाद घर की तलाशी ली गई तो पाया गया कि 70 हजार रुपये नकद, अलमारी से दो सोने की चेन, बाली और अंगूठी गायब थे। पीड़ित ने दावा किया कि क्षेत्र में पहले भी कई बार चोरी की घटनाएं हुई हैं और इसमें यही युवक संलिप्त रहा है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि चोरी के आरोप में गिरफ्तार मुन्ना कुमार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले की जांच जारी है।

# पवई स्थित झुनझुनवा पहाड़ से निकलती है सुरीली आवाज

**रंजन सिंह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** शहर से छह किलोमीटर दूर पवई पहाड़ पर कुछ चट्टान ऐसे हैं जिन पर चोट करने पर झुनझुने की तरह आवाज निकलती है। प्रकृति की मनोरम छटा के बीच स्थित इस पहाड़ की तलहटी में अंग्रेजकालीन एक किला भी पर्यटन का केंद्र है। कोई भला पत्थरों को ठोकर क्यों मारेगा। पत्थर सामने हो तो लोग संभल जाते हैं लेकिन यहां आकर आपको पत्थर को ठोकर मारने को मजबूर हो जाएंगे। पत्थर पर जैसे ही ठोकर मारी जाती है तो सुरीली आवाज निकलती है। यह कुदरत का करिश्मा नहीं है तो और क्या हो सकता है। बता दें कि पहाड़ में आठ से 10 की संख्या में ऐसे चट्टान हैं जिन पर ठोकर मारने से झुनझुने की आवाज निकलती है। वहीं चटानों से निकलने वाली सुरीली आवाज पर्यटकों को अपनी तरफ आकर्षित करती है। चSानों पर किसी भी पत्थर से चोट करने पर सुरीली आवाज निकलती है। सुरीली आवाज निकलने के कारण



इसे झुनझुनवा पहाड़ कहा जाता है। बता दें यह स्थल औरंगाबाद शहर से छह किलोमीटर दूर बटाने नदी के किनारे स्थित है। पहाड़ के आसपास कई तालाब हैं जो काफी मनोरम है। पर्यटन के मानचित्र पर पवई पहाड़ को स्थान नहीं मिलने से जानने वाले या स्थानीय लोग ही इस मनोरम स्थल में रमते हैं। नववर्ष के साथ अन्य मौकों पर यहां पिकनिक मनाने के लिए भारी भीड़ होती है। जो भी पर्यटक यहां आते हैं वह पहाड़ की चट्टानों पर ठोकर मार संगीतमय आवाज जरूर सुनते हैं। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 1784 में अंग्रेजों की खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले राजा नारायण सिह का किला बटाने नदी के किनारे पहाड़ की तलहटी में स्थिति है। राजा नारायण सिह ने सैनिकों से भरे जहाज को सोन नदी में डूबो दिया था। तब अंग्रेजों ने राजा के किले को ध्वस्त कर दिया था। बताया जाता है कि वन विभाग को उस वक्त एहसास हुआ था कि पहाड़ पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सकता है। दूर-दूर से पर्यटन इस स्थल को देखने पहुंचते हैं। साथ ही पिकनिक मनाने को ले भीड़ भी उमड़ती है। इतना रमणीक स्थल होने के बावजूद अबतक यह स्थल पर्यटन मानचित्र से ओझल है। राज्य सरकार को झुनझुनवा पहाड़ को पर्यटन मानचित्र में शामिल करने की जरूरत है।

# 23 सितंबर को धनगाई पंचायत में जन संवाद यात्रा करेंगे पूर्व सांसद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नबीनगर (औरंगाबाद)।** पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह 23 सितंबर को नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बारून प्रखंड के धनगाई ग्राम पंचायत में दूसरे चरण के तहत 'जन संवाद यात्रा' करेंगे। प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र कुमार यादव ने बताया कि पूर्व सांसद वीरेन्द्र कुमार सिंह का नबीनगर विधानसभा क्षेत्र में पहले चरण के तहत सभी गांवों का दौरा हो चुका है। अब दूसरे चरण की शुरुआत कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व सांसद 23 अगस्त की सुबह 10 :30 कतेया, 11 बजे रामपुर, 11:30



बजे तेलडीहा, 12 बजे बलीकरना, 12:30 बजे भुआपुर, 1 बजे बटुरा, 1:30 बजे शीशो बीघा, 2:00 बजे करहारा, 2:30 बजे परसिया, 3 बजे कल्याणपुर, 3:30 बजे आसखाप, 4 हाथीखाप, 4:30 टिकाधर बिगहा एवं 5 बजे धनगाई गांव में जन संवाद यात्रा करेंगे। उक्त कार्यक्रम में जदयू के सभी वरीय कार्यकर्ता और नेता शामिल होंगे।

# खिलाड़ियों ने ली नशे से मुक्त रहने की शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली एवं खेल विभाग, बिहार के संयुक्त तत्वावधान में जहानाबाद जिले में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत खिलाड़ियों तथा खेल से जुड़े युवाओं ने नशे से दूर रहने की शपथ ली। इस अवसर पर 20 से 22 सितंबर तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम आयोजित किए गए। खेल भवन में संचालित खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर से जुड़े कराटे एवं टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने अपने प्रशिक्षकों के साथ इस अभियान में सक्रिय रूप से जुड़ने का संकल्प लिया। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, मल्लहचक में सॉफ्ट टेनिस एवं स्केटिंग खिलाड़ियों ने भी नशा मुक्ति का प्रण लिया। वहीं, एरोड्रम स्टेडियम, जहानाबाद में जहानाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कर खिलाड़ियों ने इस मुहिम को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इसके अलावा अमैन, जहानाबाद में रग्बी प्रशिक्षकों द्वारा रग्बी खिलाड़ियों को इस अभियान से जोड़ा गया।इन सभी कार्यक्रमों का सफल संयोजन उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा, पूनम कुमारी द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि युवा हमारे देश का भविष्य हैं। उनकी कार्य एवं कौशल क्षमता तभी निखर सकती है जब वे नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहेंगे। आइए, हम सब मिलकर नशा मुक्त जहानाबाद बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। स्वयं भी नशे से मुक्त रहें और अपने समुदाय व समाज को नशे से मुक्त रखने का प्रयास करें।

## भारतमाला एक्सप्रेसवे में काम कर रहा मजदूर घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड के छरियारी गांव के समीप निर्माण हो रहे भारत माला एक्सप्रेसवे में काम कर रहे एक मजदूर घायल हो गया। घायल मजदूर नवादा जिला निवासी विनय कुमार बताया जाता है। इस बाबत मजदूरों के सुपरवाइजर ने बताया विनय छड़ काटने का काम कर रहा था। इसी दौरान छड़ छटक कर उसके चेहरे पर लग गया, जिससे वह घायल हो गया। घायल मजदूर को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मखदुमपुर लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया है।

बिहार सरकार
बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद
आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14
Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in
विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी. (डी.सी.ई.सी.ई.)-2025/19 दिनांक- 22.09.2025
डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2025
सरकारी / निजी क्षेत्र के पॉलिटेकनिक (अभियंत्रण) [PE] कॉलेजों में प्रवेश हेतु
Online Mop-up Round-2 Counselling से सम्बन्धित आवश्यक सूचना
विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.सी.ई.सी.ई.)-2025/18 दिनांक- 17.09.2025 के क्रम में डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2025 के PE कोर्स ग्रुप मे सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों / सम्बन्धित संस्थान के प्राचार्य तथा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि DCECE(PE)-2025 की पूर्व प्रकाशित मेधासूची के आधार पर Online Mop-up Round-2 Counselling में जिन अभ्यर्थी का सीट आवंटन हुआ था (Revised Online Mop-up Round-2 counselling Result में रद्द किये गये नामांकन को छोड़ कर) जो किसी कारण से अपने Reporting Centre पर जा कर Document Verification / Admission नहीं करा पाये हैं, वैसे अभ्यर्थी दिनांक 23.09.2025 से 24.09.2025 तक अपने Mop-up Round-2 Provisional Seat Allotment Order पर छपे Reporting Centre पर उपस्थित होकर Document Verification / Admission की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।
2. विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.सी.ई.सी.ई.)-2025/16 दिनांक- 04.09.2025 की शेष शर्तें एवं नियम यथावत् रहेंगी।
परीक्षा नियंत्रक

पूर्व रेलवे
**निविदा सं. ईएल–एमएलडीटी–टीआरडी–ई–निविदा–075, दिनांक 19.09.2025,** वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता/टीआरडी, पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ.– झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम** : मालदा मंडल के तहत डीओ फ्यूज के माध्यम से पीटी संशोधन व्यवस्था और एचडीपीई पॉलीमर नेट प्रदान करते हुए पोर्टल और टीटीसी बूम से पक्षी के घोंसले की रोकथाम। **निविदा मूल्य :** रु. 1,88,87,235/–, **बयाना राशि:** रु. 2,44,400/–, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **ई–निविदा जमा देने की तिथि एवं समय:** दिनांक 29.09.2025 से 13.10.2025 को 15.00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट :** वेबसाइट **www.ireps.gov.in** सूचना पट: वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता/टीआरडी, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा। MLD-175/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**विधानसभा चुनाव को लेकर डीएम ने इवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण**

# मतदान केन्द्रों के अनुरूप इवीएम/वीवीपैट की संख्या पर्याप्त : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** निर्वाचन आयोग के निदेश के आलोक में इवीएम एवं वीवीपैट का माह सितम्बर का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी उदिता सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं अग्निशमन पदाधिकारी की उपस्थिति में किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा वीवीपैट वेयरहाउस एवं इवीएम वेयरहाउस में भण्डारित एफएलसी ओके मशीन का राजनीतिक दलों की उपस्थिति में अवलोकन किया गया तथा रैण्डम जांच की गई की सभी मशीनें एफएलसी ओके हैं अथवा नहीं। उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि सभी मशीनों का एफएलसी इसीआइएल इंजीनियरों की उपस्थिति में किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा वेयरहाउस में अधिष्ठापित हाइड्रेट एवं अग्निशमन यंत्र के बारे में जानकारी उप निर्वाचन पदाधिकारी से प्राप्त की गई तथा अग्निशमन पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि इनकी कार्यशीलता अवधि की जांच कर लें। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि विधानसभा निर्वाचन संचालन हेतु मतदान केन्द्र के अनुरूप इवीएम / वीवीपैट की संख्या पर्याप्त है, यदि किसी विधानसभा में 15 से अधिक अभ्यर्थियों की संख्या 15 से अधिक होती है तो निर्वाचन विभाग से अतिरिक्त बीयू की अधियाचना की जायेगी जिनका एफएलसी कराकर निर्वाचन में उपयोग किया जायेगा। उक्त निरीक्षण के क्रम में रामचन्द्र ठाकुर, अलख निरंजन, सत्तार अंसारी, प्रिंस राज, नन्दकिशोर पासवान, तेजप्रताप, विजय भारती, मो. साबिर हुसैन, राकेश कुमार राय, राजेश्वर कुशवाहा, फारूक आजाद एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए।

## तीस मिट्रिक टन क्षमता के दुग्ध चूर्ण संयंत्र का शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय औद्योगिक क्षेत्र स्थित शाहाबाद दुग्ध उत्पादन सहयोग समिति लिमिटेड परिसर में 30 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता के दुग्ध चरण संयंत्र परियोजना का शिलान्यास मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को किया। समिति के प्रबंध निदेशक धनंजय कुमार के अनुसार इसके निर्माण पर छह करोड़ 96 लाख 60 हजार खर्च होंगे। उन्होंने बताया कि पटना से ऑनलाइन इस संयंत्र का शिलान्यास किया गया। मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा, पशु व मत्स्य मंत्री रेनू देवी, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के प्रमुख सचिव डॉक्टर एन विजयलक्ष्मी कंफर्ट के प्रबंध निदेशक अभिषेक रंजन भी मौजूद थे। यहां शिलान्यास समारोह में उनके अलावा कार्यपालक मुख्य अधिकारी आनंद अंकित विपणन अधिकारी अभिषेक कुमार उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि पहले से यहां छह लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता के प्रोसेसिंग प्लांट संचालित है जिसमें सुधा के दूध दही पेड़ा पनीर आदि के उत्पादन हो रहे हैं।

## 'रिड्यूस, रीयूज और रिसायकल थीम पर जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 'स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025' के छठे दिन, 22 सितम्बर को रिड्यूस, रीयूज और रिसायकल थीम पर आधारित जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंडल के विभिन्न स्टेशनों, कार्यालय परिसरों और कॉलोनियों में यात्रियों, कर्मचारियों एवं स्थानीय निवासियों को अपशिष्ट प्रबंधन और संसाधनों के सतत उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। डीडीयू जंक्शन पर मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार एवं अन्य शाखा अधिकारियों के साथ स्टेशन के पैसेंजर एरिया में रेलकर्मियों के 'वेस्ट टू आर्ट' प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## डालमिया सीमेंट ने चार सौ अनुभवी कॉन्ट्रैक्टर्स को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारत की प्रमुख सीमेंट मैन्युफैक्चरर कंपनियों में से एक, डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड (डीसीबीएल) ने अपनी प्रमुख पहल 'आप हैं सच्चे विश्वकर्मा' के तहत पूर्वी भारत के 431 वरिष्ठ कॉन्ट्रैक्टर्स के हुनर और समर्पण को सम्मानित किया। इसमें बिहार के 110 अनुभवी कॉन्ट्रैक्टर्स को खास तौर पर उनके दशकों लंबे योगदान के लिए सम्मानित किया गया जिन्होंने घर, समुदाय और निर्माण पेशे के नए जमाने के पेशेवरों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर सभी सम्मानित कॉन्ट्रैक्टर्स को शॉल, स्मृति चिन्ह, दीवार घड़ी और विशेष रूप से तैयार किया गया फोटो एलबम भेंट किया गया जिसमें उनके निर्माण और समुदाय सेवा के सफर का जिक्र शामिल है। इस कार्यक्रम में डालमिया सीमेंट के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ-साथ, डीलर्स, परिवार और कॉन्ट्रैक्टर समुदाय के सदस्य भी शामिल हुए जिससे गर्व और भाईचारे का माहौल बना। इस अवसर पर कंपनी के प्रवक्ता ने कहा डालमिया भारत में, हम अपने वरिष्ठ कॉन्ट्रैक्टर्स के अनुभव और समर्पण को बेहद महत्व देते हैं जिन्होंने दशकों तक उत्कृष्ट निर्माण की मशाल थामे रखी है। उनके हुनर ने आकांक्षाओं को स्थायी वास्तविकताओं में बदल दिया है जबकि उनके मार्गदर्शन ने नए जमाने के कुशल पेशेवर तैयार किए हैं। 'आप हैं सच्चे विश्वकर्मा' पहल के माध्यम से हम न सिर्फ उनके घर और समुदाय के निर्माण में योगदान को सम्मानित करते हैं, बल्कि पेशे में उनके शिक्षक और नेता के रूप में योगदान की भी सराहना करते हैं। हम इस परंपरा को हर साल जारी रखने, उनके योगदान को मनाने और निर्माण समुदाय को एकजुट करने वाले बंधनों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वर्ष 2020 में शुरू की गई 'आप हैं सच्चे विश्वकर्मा' पहल पूर्वी भारत में डालमिया सीमेंट की गतिविधियों के तहत ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल और बिहार में महत्वपूर्ण पहल बन गई है। विगत पांच वर्षों में इसने 2,000 से अधिक वरिष्ठ कॉन्ट्रैक्टर्स को सम्मानित किया, उन्हें अपनी कहानियां साझा करने, युवा पेशेवरों को प्रेरित करने और ज्ञान व सर्वोत्तम प्रथाओं को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का मंच प्रदान किया। यह पहल डालमिया सीमेंट की प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि वह सिर्फ मजबूत इमारतों का ही निर्माण नहीं करता, बल्कि मजबूत समुदाय भी तैयार करता है जो भारत के निर्माण क्षेत्र को सशक्त बनाते हैं।

## प्रत्याशियों के लिए व्यय की अधिकतम सीमा 40 लाख : नोडल पदाधिकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** नोडल पदाधिकारी व्यय एवं अनुश्रवण कोषांग द्वारा आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के लिए निर्वाचन व्यय के संबंध में सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्ष, सचिव के साथ प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। नोडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि बिहार विधानसभा आम निर्वाचन में व्यय की अधिकतम सीमा 40 लाख रूपये है जिसमें अभ्यर्थी का नामांकन से परिणाम की घोषणा तक किए जाने वाला संपूर्ण व्यय सम्मिलित है। नोडल पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन में अभ्यर्थी के लिए वाहनों की संख्या निर्धारित नहीं है, परंतु प्रचार-प्रसार में प्रयोग होने वाले प्रत्येक वाहन का व्यय अभ्यर्थी द्वारा किए गए खर्च में शामिल किया जायेगा। नोडल पदाधिकारी ने बताया कि प्रेस नोट जारी होने की तिथि से आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो जायेगी। आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के 24 घंटे के अंदर सरकारी संपत्ति, 48 घंटे के अंदर सार्वजनिक संपत्ति तथा 72 घंटे के अंदर निजी संपत्ति से प्रचार-प्रसार के लिए लगाए गए सभी पोस्टर, बैनर, कटआउट हटाने होंगे अन्यथा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला बनेगा। राजनीतिक दलों को मीटिंग, रैली एवं जुलूस आदि के लिए संबंधित निर्वाची पदाधिकारी से सिंगल विंडो के माध्यम से अनुमति प्राप्त करनी होगी तथा मीटिंग, रैली एवं जुलूस में संभावित खर्च की सूचना विहित प्रपत्र में देनी होगी। राजनीतिक प्रचार-प्रसार के लिए मुद्रित कराए जाने वाले पंपलेट, हैंडबिल एवं पोस्टर में मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम मुद्रित करवाना आवश्यक है तथा इसमें हुए व्यय की सूचना व्यय एवं अनुश्रवण कोषांग को दी जायेगी। उक्त प्रशिक्षण में रामचन्द्र ठाकुर, अलख निरंजन, सत्तार अंसारी, प्रिंस राज, नन्दकिशोर पासवान, तेजप्रताप, विजय भारती, मो. साबिर हुसैन, राकेश कुमार राय, राजेश्वर कुशवाहा, फारूक आजाद एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सड़क जाम से यात्री परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नासरीगंज(रोहतास)।** थाना क्षेत्र के इटिम्हां गांव में स्थित पंजाब नैशनल बैंक की शाखा में तैनात गार्ड काराकाट थाना क्षेत्र के चिल्हा निवासी मृत्युंजय कुमार सिंह ने काराकाट थाना क्षेत्र के किसुआड़ी गांव निवासी विपिन सिंह के 17 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार सिंह को किसी बात पर हुई तूतू मैं मैं पर गार्ड की पिटाई से गम्भीर रूप से घायल युवक को वाराणसी रेफर कर दिया। घायल युवक के परिजनों ने बिक्रमगंज डिहरी एसएच को घण्टो जाम कर धरना प्रदर्शन किया। जाम कर रहे लोग गार्ड को उपस्थित करने की मांग कर रहे थे तथा वरीय अधिकारियों को बुलाने की मांग पर अड़े थे। घयाल युवकों के परिजनों के अनुसार घायल युवक बैंक में पैसा निकासी को बैंक आया था। किसी बात को ले गार्ड से कहासुनी हो गई जिसपर गार्ड ने अपने थैले से जिसमें टिफिन रखा था उसी से वार कर दिया जिसपर उसके सर में चोट आ गई और वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। स्वयं गार्ड ने ही घायल युवक को इटिम्हां के निजी किलिनीक में भर्ती कराया, जहां से उसे रेफ़र कर दिया गया।परिजन बिक्रमगंज ईलाज के लिए ले जा रहे थे तभी गार्ड फरार होने के फिराक में था। परिजन उसे पकड़ कर बिक्रमगंज ले गए। जहां से युवक को वाराणसी रेफर कर दिया गया। इधर गार्ड को परिजनों की शिकायत पर बिक्रमगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी गार्ड ने बताया कि उक्त युवक एटीएम में पैसा डालने के क्रम में वीडियो बना रहा था, मना करने पर नहीं माना जिसपर बैग में रखे टिफिन से उसके द्वारा मारा गया है। इधर बैंक शाखा प्रबंधक सत्यम कुमार ने बताया कि बैंक के बाहर क्या हुआ उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। उक्त मामला कैसे हुआ।

## दुर्गापूजा में नहीं बजेगा डीजे, बैठक में लिया गया निर्णय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**कुदरा।** दुर्गापूजा को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन कराने के लिए सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में डीजे बजाने पर पूर्णरूप से प्रतिबंध होने व पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की बात कही गई। बैठक में अधिकारियों ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान क्षेत्र में सभी जगहों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। पूजा समिति के सदस्यों को भी सुरक्षा का प्रबंध करना होगा। किसी भी अप्रिय घटना की जानकारी तत्काल पुलिस पदाधिकारी को देनी होगी। किसी भी तरह के असामाजिक तत्वों के पकड़े जाने पर उसके विरोध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी पूजा समिति से डीजे का प्रयोग नहीं करने को कहा गया है। उन्हें पूजा पंडाल के आसपास सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए कहा गया है। बैठक में एसडीएम अनिरुद्ध पांडेय व डीएसपी प्रदीप कुमार, सीओ अंकिता कुमारी, कार्यपालक पदाधिकारी उजाली राज, प्रमुख बीरेंद्र राम, मुख्य पार्षद सुरेंद्र पाल समेत सभी पूजा समिति के सदस्य समेत सैकड़ों की संख्या में समाजसेवी, राजनीतिक दल के सदस्य व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## एसटीएफ ने कुख्यात सौरभ को किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी नगर थाना के पाली मुहल्ले से गया जिले के कुख्यात अपराधी सौरभ गुप्ता को गिरफ्तार किया। एसटीएफ के अनुसार पाली स्थित गली नंबर दो में उस वक्त अफरा- तफरी मच गयी जब पटना से एसटीएफ की टीम ने किराए पर रह रहे पति-पत्नी को फिल्मी अंदाज में गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई उस समय हुई जब पति-पत्नी पाली में एक किराए के मकान में अहले सुबह सोए हुए थे। बताया जाता है करीब एक दर्जन की संख्या में सादे लिबास में आए पकड़े गए अपराधी के साथ लेकर उसके निशानदेही पर पुलिसकर्मियों ने तीन मंजिला मकान को चारों ओर से घेर लिया और घर में प्रवेश करते ही मकान मालिक से किराएदार के कमरे के बारे में पता किया। दरवाजा खटखटाते ही पुलिस ने घर में प्रवेश कर पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया। जानकार बताते हैं कि पति-पत्नी पिछले छह महीने से वहां किराए पर रह रहे थे। पति क्या काम करता था, किसी को जानकारी नहीं थी। किंतु पत्नी शहर के प्रतिष्ठित मॉल में काम करती थी। गिरफ्तार पति-पत्नी के बारे में बताया जाता है कि पत्नी पर आपराधिक मामला नहीं होने पर पूछताछ कर छोड़ दिया गया। एसटीएफ की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार गयाजी जिले के इमामगंज थाना के रानीगंज निवासी सौरभ गुप्ता को विशेष टीम ने गिरफ्तार किया। वह गत मार्च माह में एक आपराधिक घटना को अंजाम देने के बाद फरार था।

## चातुर्मास महायज्ञ में श्रद्धालुओं के लिए होंगे उत्तम प्रबंध



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** चातुर्मास महायज्ञ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए उत्तम प्रबंध किया जाएगा। यज्ञ स्थल पर रास्ता को ठीक कर लाइटिंग लगाई जाएगी। इसका निर्णय कुदरा में आयोजित चातुर्मास महायज्ञ तैयारी समिति की बैठक में लिया गया। विश्ववंद्य जगदाचार्य अस्मादाचार्य विश्वक सेनाचार्य श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज की कृपा से लक्ष्मी प्रप-न्न श्रीमद् जीयर स्वामी जी महाराज के देखरेख में भभुआ के परसिया गांव में 2026 के जेठ पूर्णिमा से प्रारम्भ होगा। इसके पूर्व तैयारी समिति की बैठक का श्रीगणेश भभुआ से हुआ था। बैठक को यज्ञ समिति कुदरा, यज्ञ समिति भभुआ, यज्ञ समिति मोहनियां, यज्ञ समिति नेवरास समेत कई समिति के सदस्यों ने संबोधित कर महायज्ञ को सफल बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए। अध्यक्षता परम भागवत श्रद्धेय राजवंश उपाध्याय व अरुण कुमार त्रिपाठी व संचालन रजनीश ओझा ने किया। कार्यक्रम का श्री गणेश चिंतामणि पांडे के मुखारविंद से उच्चरित मंगलाचरण से हुआ।

## डिहरी में जन सुराज की हुंकार, भ्रष्टाचार के मुद्दे पर एनडीए नेताओं को घेरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** जन सुराज पार्टी की ओर से कल डिहरी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित एक विशेष प्रेस वार्ता में स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एनडीए पर करारा हमला बोला। वक्ताओं ने कहा कि पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर लगातार एनडीए नेताओं के भ्रष्टाचार का पर्दाफाश कर रहे हैं। अशोक चौधरी, सम्राट चौधरी, मंगल पांडेय, दिलीप जायसवाल और संजय जायसवाल जैसे नेताओं पर लगे गंभीर आरोप अब जनता के बीच चर्चा का विषय बन चुका है। बिहार की जनता समझ चुकी है कि भ्रष्टाचार और वादाखिलाफी की वजह से ही राज्य का विकास बाधित हुआ है। प्रेस वार्ता में डिहरी विधानसभा क्षेत्र की जमीनी परेशानियों को प्रमुखता से उठाया गया। डिहरी क्षेत्र में सोन नहर प्रणाली की हालत जर्जर है। किसानों को समय पर पानी नहीं मिल पाता जिससे खेती पूरी तरह बारिश पर निर्भर है। शहर की सड़कों से लेकर ग्रामीण संपर्क मार्ग तक टूटे-फूटे हैं जिससे आवागमन कठिन हो गया है। कई वार्डों और गांवों में पेयजल की किल्लत बनी हुई है, नल-जल योजनाएं अधूरी पड़ी है। स्थानीय अस्पतालों में डॉक्टर और आधुनिक सुविधाओं की भारी कमी है। गंभीर बीमारियों के लिए मरीजों को पटना या बनारस जाना पड़ता है। स्कूलों और कॉलेजों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अभाव है, बच्चों और युवाओं को बेहतर पढ़ाई के लिए बड़े शहरों की ओर जाना पड़ता है।

## नवरात्रि उपवास: आस्था के साथ सेहत का भी ख्याल : डॉ सिम्पी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** शारदीय नवरात्र को मां शक्ति की आराधना की शुरुआत कलश स्थापना के साथ हुई। विभिन्न दुर्गा पूजा समिति द्वारा जलभरी यात्रा निकाली गई। नटराज कला परिषद स्टेशन रोड, शिव कला मंदिर न्यू डिलिया, मयूर नवयुवक क्लब शिवगंज सहित कई पंडालों के लोगों ने जल भरी यात्रा निकाली जो एनिकट में सोन नदी से कलश में जल भरकर कलश स्थापना की। शारदीय नवरात्रि के दौरान लाखों श्रद्धालु मां दुर्गा की आराधना करते हुए नौ दिन तक व्रत-उपवास रखते हैं। धार्मिक दृष्टि से जहां इसे आत्मशुद्धि और भक्ति का मार्ग माना गया है, वहीं चिकित्सक इसे शरीर को डिटॉक्स करने का अवसर बताते हैं।

**हेल्थ टिप्स- नवरात्रि उपवास में क्या करें?**

फल और ताजे जूस का सेवन करें- इससे शरीर को पर्याप्त विटामिन और मिनरल्स मिलते हैं। पानी खूब पिएं-उपवास के दौरान शरीर में पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) न हो। सेंधा नमक का प्रयोग करें-यह सामान्य नमक की तुलना में सेहत के लिए बेहतर है। साबूदाना, समक चावल, कुट्टू और सिंघाड़े का आटा खाएं- यह पेट पर हल्का और पचने में आसान होता है।

भुने हुए मखाने व ड्राई फ्रूट्स-ऊर्जा और प्रोटीन के अच्छे स्रोत हैं। तेल-मसालेदार व तली-भुनी चीजों से बचें -वरना गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। नियमित व्यायाम व योगासन करें-हल्की कसरत, प्राणायाम और ध्यान से शरीर सक्रिय और मन शांत रहता है। अत्यधिक कैफीन या चाय-कॉफी से परहेज करें-यह डिहाइड्रेशन और नींद की समस्या बढ़ा सकती है।

**पर्याप्त नींद लें-** उपवास के साथ-साथ शरीर को आराम भी जरूरी है।

प्राकृतिक चिकित्सक डॉ. सिम्पी का कहना है कि नवरात्रि व्रत एक तरह का नेचुरल डिटॉक्स है, लेकिन इसे सही तरीके से करना जरूरी है। गलत खानपान से शरीर में कमजोरी, चक्कर आना या गैस्ट्रिक समस्या हो सकती है।

**निष्कर्ष :** नवरात्रि व्रत सिर्फ आस्था का पर्व नहीं, बल्कि यह शरीर और मन को स्वस्थ रखने का अवसर भी है। संतुलित फलाहार और योगाभ्यास से भक्त नौ दिन ऊर्जा और सकारात्मकता से भर जाते हैं।

## जलभरी और कलश यात्रा निकाली गई

**चंदनपुरा गांव से निकाली गई भव्य झांकी रही आकर्षण का केंद्र**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**तिलौथू (सासाराम)।** तिलौथू प्रखंड क्षेत्र में नवरात्रि के पहले दिन पूरे क्षेत्र में जलभरी कलश यात्रा निकाली गई जिसमें चंदनपुरा गांव के जलभरी यात्रा में अपनी अद्भुत और भव्य झांकियों से पूरे क्षेत्र का दिल जीत लिया। यात्रा में शामिल झांकियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर स्कूल की प्रतिभाशाली छात्राएं प्रिया कुमारी और वैष्णवी कुमारी ने अपनी प्रस्तुति से वातावरण को भक्ति और उत्साह से भर दिया। विशेष आकर्षण का केंद्र राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ चालक डॉ मोहन भागवत की प्रेरणादायी झांकी जिसे गांव के पूर्व छात्र लकी कुमार, अभिषेक कुमार, सुमित कुमार, दीपक कुमार, ऋतिक सहित अनेक युवाओं ने मिलकर जीवंत रूप प्रदान किया। भगवान महादेव की बाराती, राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की जुगल झांकी, मेघनाथ द्वारा मां का यज्ञ, वासुदेव श्री कृष्णा नदी पार करते झांकी में गांव के युवा रवि कुमार, अभिषेक कुमार, बबलू कुमार, अभिनंदन कुमार, सुजीत पाल ने अपनी लगन और समर्पण से अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया।


**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं. : 123-127, 129-130-एमएलडीटी-25-26, दिनांक 16.09.2025 (सिविल और ब्रिज कार्य),** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर-झलझलिया, जिला - मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं. 123-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम :** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/मालदा, पूर्व रेलवे के अधीन सहायक अभियंता/साहिबगंज के अधिकार क्षेत्र में सकरीगली -साहिबगंज स्टेशनों के बीच किमी 230/8-9 पर पुल संख्या 350 (5X3.05 मीटर) के सहायक कार्यों के साथ अतिरिक्त ओपनिंग के प्रावधान के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 3,20,14,439.03, **क्रम सं. 2, निविदा सं. 124-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम :** वरिष्ठ मंडल अभियंता/III/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/एल/जमालपुर के अधीन अभयपुर स्टेशन पर पीएफ बाउंडरी वॉल, पीएफ शेड और पीएफ सरफेसिंग के प्रावधान के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 3,22,07,579.29, **क्रम सं. 3, निविदा सं. 125-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम :** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/ पूर्व रेलवे/मालदा के अधीन सहायक अभियंता/ भागलपुर के तहत एकचारी स्टेशन के पीएफ सतह के सुधार के साथ-साथ प्लेटफॉर्म रिटेनिंग वॉल की सुरक्षा के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 3,69,55,015.08, **क्रम सं. 4, निविदा सं. 126-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम :** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/मालदा के अधीन सहायक अभियंता/साहिबगंज के अधिकार क्षेत्र में महाराजपुर से सकरीगली में रेलवे साइडिंग के स्थानांतरण के संबंध में सकरीगली में 02 अदद रेल लेवल गुड्स वार्फ, ईंट की दीवार के प्रावधान, रिलीज्ड स्लीपर द्वारा सरफेसिंग और वार्फ के लिए गुड्स स्टोर रूम के निर्माण के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 9,00,49,330.36, **क्रम सं. 5, निविदा सं. 127-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम :** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे/मालदा के अधीन सहायक अभियंता/साहिबगंज के अधिकार क्षेत्र में महाराजपुर से सकरीगली में रेलवे साइडिंग के स्थानांतरण के संबंध में पुल, आरसीसी एप्रोच रोड, मिट्टी भराई के साथ सीसी ड्रेन के निर्माण के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 3,86,80,735.25, **क्रम सं. 6, निविदा सं. 129-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम :** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/ मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/भागलपुर और सहायक अभियंता/ साहिबगंज की शाखा में इलेक्ट्रिक सब-स्टेशन के विस्तार के सिविल कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 1,44,15,507.66, **क्रम सं. 7, निविदा सं. 130-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम :** वरिष्ठ मंडल अभियंता/II/मालदा के अधिकार क्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता/ पी.वे/भागलपुर-I के अधीन घोगा स्टेशन पर ट्रैक मशीन साइडिंग के प्रावधान और आईआरटीएमएम 2019 के पैरा 809 (5) और अनेक्सर 8.11 के अनुसार न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं के लिए भागलपुर स्टेशन यार्ड और बाराहाट स्टेशन पर ट्रैक मशीन साइडिंग की मौजूदा लंबाई के विस्तार के कार्य और सहायक कार्यों के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 2,13,48,287.25, **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 09.10.2025 को 15.30 बजे (प्रत्येक हेतु)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट :** www.ireps.gov.in/ डीआरएम कार्यालय/मालदा टाउन (प्रत्येक हेतु)।

MLD-173/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**दक्षिण पूर्व रेलवे के तहत मेगा ब्लॉक के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

ट्रैक रखरखाव कार्य के लिए, दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल में राउरकेला और कांसबहाल स्टेशनों के बीच अप और डाउन लाइनों पर दिनांक **11.10.2025 से 16.12.2025** तक प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को **5 घंटे 30 मिनट** के लिए निम्नानुसार मेगा ब्लॉक की आवश्यकता होगी: ● कांसबहाल और राउरकेला स्टेशनों के बीच डाउन लाइन पर दिनांक 11/10, 18/10, 25/10, 01/11, 08/11 15/11, 22/11, 29/11, 06/12 और 13/12/2025 (शनिवार) को एवं ● राउरकेला और कांसबहाल स्टेशनों के बीच अप लाइन पर दिनांक 14/10, 21/10, 28/10, 04/11, 11/11, 18/11, 25/11, 02/12, 09/12 और 16/12/2025 (मंगलवार) को। इसके फलस्वरूप निम्नलिखित ट्रेनों को निम्नानुसार नियंत्रित किया जाएगा:-● **निरस्तीकरण: (1) 13288 आरा - दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 14/11, 21/11, 28/11, 05/12 और 12.12.2025)। **(2) 13287 दुर्ग - आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 15/11, 22/11, 29/11, 06/12 और 13.12.2025)। ● **संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू: 13288 आरा - दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 10/10, 17/10, 24/10, 31/10 और 07/11/2025) **राउरकेला** में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी और **13287 दुर्ग - आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 11/10, 18/10, 25/10, 01/11 और 08/11/2025) **राउरकेला** से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी एवं राउरकेला और दुर्ग स्टेशनों के बीच दोनों दिशाओं में सेवा रद्द रहेगी। ● **पुनर्निर्धारण: 17321 वास्को द गामा - जसीडीह साप्ताहिक एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 10/10, 17/10, 24/10, 31/10, 07/11, 14/11, 21/11, 28/11, 05/12 और 12/12/2025) वास्को-द-गामा से 1 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। ● **मार्ग परिवर्तन: 13288 आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 13/10, 20/10, 27/10, 03/11, 10/11, 17/11, 24/11, 01/12, 08/12 और 15/12/2025) कान्ड्रा जं.-गम्हरिया जं.-टाटानगर-गम्हरिया जं.-सिनी जं. के बदले कान्ड्रा जं.-सिनी जं. होकर मार्ग परिवर्तित करेगी। असुविधा के लिए खेद है।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# अपराध पर लगेगा अंकुश : एसएसपी

## धनरूआ को मिली दो नए ओपी की सौगात



नवबिहार टाइम्स सवाददाता

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र में बढ़ रहे अपराध के नियंत्रण को लेकर पुलिस विभाग ने धनरूआ को दो नए ओपी की सौगात दी है। जिसमें नदवां ओपी और बहरामपुर ओपी शामिल है। पटना एसएसपी कार्तिकेय शर्मा, सिटी पूर्वी एसपी परिचय कुमार, एएसपी कोमल मीणा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा है कि अब अपराध पर अंकुश लगेगा, नए नदवां ओपी की कमान अंकित कुमार को दी गई है, वहीं बराहमपुर ओपी में राहुल कुमार को जिम्मेदारी दी गई है। मौके पर डीएसपी कन्हैया कुमार पंचायत के मुखिया शंकर कुमार सिंह, सरपंच क्रांति कुमार सिंह, जिला परिषद चंदन कुमार,पंचायत समिति धर्मेंद्र कुमार, धनरूआ थानाध्यक्ष आलोक कुमार, केवड़ा थानाध्यक्ष संतोष कुमार, मृत्युंजय पांडे, पंकज कुमार, अविनाश कुमार शामिल रहे। बहरहाल नवरात्र के पहले दिन की शुरुआत पर धनरूआ थाना क्षेत्र के नदवां में कृषि भवन में पुलिस चौकी का उद्घाटन किया गया है, जिससे फिलहाल तीन पंचायत जिसमें नदवां पथरहट और बौरही पंचायत के तकरीबन 30 हजार की आबादी को इससे सुरक्षा मिलेगी। नदवां पंचायत के मुखिया शंकर कुमार सिंह ने नदवां मे पुलिस चौकी बनाने पर पुलिस विभाग और सरकार के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि अब अपराध पर अंकुश लगेगा। वहीं बहरामपुर पंचायत मे कृषि भवन मे पुलिस चौकी का भी उदघाटन हुआ। बहरामपुर मे ओपी बनने पर बहरामपुर, विजयपुरा और छाती पंचायतों के ग्रामीणों को इससे लाभ मिलेगा। बहरामपुर पंचायत के मुखिया गुड्डू कुमार ने बताया की यह पंचायत मुख्यालय से काफी दुर पर जिससे अपराध की संभावना बनी रहती थी लेकिन पुलिस चौकी खुल जाने से अपराध पर नियंत्रण होगा। गौरतलब है कि धनरूआ प्रखंड का नदवां और बहरामपुर ओपी पुलिस प्रशासन के लिए अपराध नियंत्रण में काफी सहायक होगा। इन दोनों क्षेत्र के भौगोलिक स्थिति पूर्व से ही ऐसी रही है कि अपराधियों को वारदात को अंजाम देने में यहां काफी सहुलियत होती है। ओपी के खुलने से बदमाशों पर शिकंजा कसा जायेगा। नदवां ओपी और बहरामपुर ओपी धनरूआ थाना क्षेत्र का अंग होगा। अब इस क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश रखने में काफी सहुलियत होगी।

## बाइक की चोरी

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के हिंदुनी गांव नहर पर इलाके में बुधवार दोपहर चोरों ने दिनदहाड़े एक मोटरसाइकिल चोरी कर ली। चोरी की यह वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में एक युवक काले रंग का ड्रेस और हेलमेट पहने मोटरसाइकिल लेकर भागते हुए देखा गया है। चोरी गई मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर है, जो मास्टर रामबाबू यादव के नाम पर रजिस्टर्ड है। पीड़ित ने बताया कि उनका बेटा राजकुमार, जो पोस्ट ऑफिस में पियून के पद पर कार्यरत है, दोपहर में डाक लेकर घर आया था। उसने घर के बाहर नहर किनारे मोटरसाइकिल खड़ी कर रखी थी। थोड़ी देर बाद जब वह बाहर निकला तो मोटरसाइकिल गायब मिली। राजकुमार ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज में देखा कि एक चोर उसकी मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गया। थानाध्यक्ष मोहम्मद गुलाम शाहबाज आलम ने बताया कि चोर की पहचान कर उसे पकड़ने के लिए पुलिस छानबीन कर रही है।

## एक नजर

### नशे से दूर रहें नौजवान : प्रेम कुमार

**दनियावां (पटना) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दनियावां, फतुहा और खुशरूपुर से गहरे जुड़े प्रेम युथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित यूथ समिट को संबोधित करते हुए कहा कि नशा मुक्त युवा विकसित भारत की मजबूत कड़ी है।उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का युवा देश है। आज का युवा इस लिए शिक्षा प्राप्त करना चाहता है ताकि उसे अच्छी नौकरी मिले जिससे भोग परक जीवन जीने का आनंद उठाया जा सके। इसी आनंद की तलाश में असफल होने पर वह अवैध तरीके से धन कमाने की चेष्टा करता है जो उसके जीवन मे जहर घोलता है । युवाओ में बढ़ती नशा के लत चिंता का विषय है। प्रेम, शांति और भाईचारे को लेकर हर व्यक्ति को प्रयत्न करना ही चाहिए। वीआईटी के एनएसएस समन्वयक प्रो श्रीधर ने सोशल मीडिया और सिनेमा के दुष्प्रभाव पर विस्तार से प्रकाश डाला साथ ही युवाओं के नैतिक पतन का कारण बताया। आर्यभट्ट नॉलेज विश्वविद्यालय के प्रो मनीषा ने स्वयं से बदलाव लाने की अपील की। चरित्र निर्माण में माता पिता शिक्षक और समाज का अहम योगदान है। साध्वी पार्वती वहन ने कहा कि सारा ब्रह्मांड हम में ही समाहित है अपने को जागृत करने की जरूरत है। मौके पर संजय भाई, पत्रकार प्रेरणा विजय, हिमांशु शर्मा, आलोक मौजूद रहे।

### दुकानदारों को दिया गया प्रशिक्षण

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर परिषद मसौढी के सम्राट अशोक कन्वेंशन हॉल में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने खाद्य सुरक्षा मानकों को बढ़ावा देने के लिए 'ईट राइट इंडिया' अभियान के तहत स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को 'फ़ूड सेफ्टी ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन' कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षित किया है। यह प्रशिक्षण खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है और यह सुनिश्चित करता है कि खाद्य व्यवसाय संचालन के लिए आवश्यक प्रशिक्षण प्राप्त करें। जिसके माध्यम से स्ट्रीट फूड व्यवसाय से जुड़े संचालकों और कर्मचारियों को खाद्य सुरक्षा और मानकों का प्रशिक्षण दिया जाता है।एफएसएसएआई निरीक्षण, जागरूकता अभियान और कड़े प्रवर्तन के जरिए स्ट्रीट फूड की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करता है। इसके तहत नियमित रूप से निगरानी, निरीक्षण और खाद्य उत्पादों के रैंडम सैंपल की जांच की जाती है।।वहीं ईट राइट इंडिया आंदोलन के तहत एफएसएसएआई ईट राइट स्ट्रीट फूड हब प्रमाणन कार्यक्रम भी चला रहा है, ताकि स्ट्रीट फूड में स्वच्छता और सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाई जा सके। मौके पर मिशन प्रबंधक निकिता सिंह, कार्यक्रम के ट्रेनर समेत अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

### अडानी को जमीन देने के खिलाफ प्रतिवाद मार्च

**पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गरीबों को 3 डिसमिल जमीन देने से इंकार करने वाली बिहार सरकार पर भाकपा माले ने तीखा हमला बोला है। सरकार ने विधानसभा में भाकपा माले विधायक सत्यदेव राम की मांग पर जवाब दिया था कि गरीबों को जमीन नहीं दी जा सकती। लेकिन दूसरी ओर पावर प्लांट के लिए सरकार ने किसानों की 1050 एकड़ जमीन मात्र 1 रुपये प्रति एकड़ की दर से 33 सालों के लिए अडानी को दे दी। जमीन अधिग्रहण किसानों से जबरन किया गया। इसी मुद्दे को लेकर भाकपा माले के आह्वान पर रविवार को पूरे प्रदेश में प्रतिवाद मार्च निकाला गया। पालीगंज में भी इस मार्च की गूंज रही। प्रतिवाद मार्च का नेतृत्व आनंद कुमार (मुखिया संघ अध्यक्ष), सुरेंद्र पासवान, विनीश चौधरी, अविनाश कुमार, अमरसेन दास, मंगल यादव, आशा देवी और सीतापति देवी समेत कई स्थानीय नेताओं ने किया।

### करंट लगने से मौत

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के तकियापर बाइक मिस्त्री को करंट लगाने से मौत हो गई। मृतक का पहचान मो समीर नासरीगंज निवासी के रूप में किया गया है। बताया जाता है कि सोमवार को तकियापर अपने गैरेज में बिजली के तार ठीक करने के दौरान करंट लगाने से गंभीर रूप से झुलस गया था। इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल ले गये। जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

# कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र शुरू



नवबिहार टाइम्स सवाददाता

**दानापुर।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर सोमवार को पूरे विधि विधान व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नगर में देवी मंदिरों व पूजा पंडालों में कलश स्थापना के साथ शक्ति की अधिष्ठात्री देवी की पूजा अर्चना, अराधना व उपासना भक्तों ने की। पूरा नगर मां भगवती की जयकारा से गूंज उठा. नवरात्र के प्रथम दिन विधि-विधान से मां भगवती के नौ रूपों में माता शैलपुत्री स्वरूप की पूजा-अर्चना की गयी। नगर में पवित्र कलश की स्थापना के साथ ही उपासकों-अराधकों द्वारा दुर्गासप्तशती का समवेट पाठ चारों ओर शुरू हो गया। नगर के पेठिया बाजार स्थित प्राचीन दक्षिणेश्वर मां काली मंदिर में ग्यारह कलश स्थापना की गयी। मंदिर के आचार्य राम सागर मिश्र व बृज मोहन मिश्र व शंशाक मिश्रा उर्फ गोलू बाबा ने बताया कि नवरात्र में सुबह व शाम में मां काली की विशेष आरती की जाती है और प्रत्येक दिन मां काली का श्रृंगार किया जाता है और भोग लगाया जाता है। श्री मिश्र ने बताया कि मां काली की पूजा-अर्चना करने से सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। साथ ही श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जाता है। आचार्य गोपाल कुमार मिश्रा ने बताया कि नवरात्र में दुर्गासप्तशती पाठ करने से सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। पूरे नगर में नवरात्र में मां दुर्गा के भक्ति में डूबा गया है। पूजा पंडाल में मूर्तिकार मां दुर्गा की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में दिन-रात जुटे गये है और पंडालों को भी अंतिम रूप देने में कारीगारों जुटे हुए है।

# कलश स्थापना के साथ मां शक्ति की आराधना शुरू

## पहले दिन मां शैलपुत्री की हो रही पूजा



नवबिहार टाइम्स सवाददाता

**मसौढ़ी।** शारदीय नवरात्र को लेकर मां शक्ति की आराधना की शुरुआत हो चुकी है। मसौढ़ी के विभिन्न दुर्गा मंदिरों में मां शक्ति के 9 रूपों की पूजा हो रही है। नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में कलश स्थापना की गई, जहां पर पूरे विधि-विधान के साथ मां शैलपुत्री की पूजा की गई। इस दौरान मंदिरों में भक्तों का जमावड़ा लगा रहा। श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर समेत विभिन्न शक्ति मंदिरों में मां दुर्गा की पूजा अर्चना की जा रही है। श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य गोपाल पांडे ने बताया कि इस बार मां का आगमन हाथी पर रहा है, जो कई मायनो में शुभ संकेत है। पुजारी ने बताया की इस बार अमृत योग का महासंजोग बन रहा है। हर बार मां अलग-अलग वाहन पर सवार होकर आती है, जिससे अनुमान लगाया जाता है कि यह नवरात्रि कैसा रहने वाला है। आने वाले दिन कैसे रहने वाले हैं। इस बार माता रानी हाथी वाहन पर सवार होकर आने वाली है, जो काफी शुभ माना जा रहा है। शास्त्रों की मानें तो जब मां हाथी पर सवार होकर आती हैं तो अपने भक्तों की आर्थिक तंगी दूर कर देती हैं साथ ही अन्न और पैसों से भंडार भर देती हैं ऐसे में इस बार नवरात्र काफी शुभ माना जा रहा है। बहरहाल पहले दिन शैलपुत्री की पूजा हो रही है। कई मायनों में अमृत योग का महासंयोग बन रहा है, खेतों में नई-नई फसलें आने लगी हैं।

## रूपसपुर के नए थानाध्यक्ष ने किया पदभार ग्रहण

**दानापुर।** रूपसपुर थाना में सोमवार को एसएसपी के निर्देशानुसार शशि भूषण सिंह ने नये थानाध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया. पद भार ग्रहण करने के बाद पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर थाना क्षेत्र के बारे में जानकारी हासिल किया। उन्होंने कहा कि अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाया जायेंगा शांति व्यवस्था कायम रखना और नागरिकों क बीच बेहतर कार्य कुशलता व छवि मेरी सर्वाच्च प्राथमिकता होगी।

# मां दक्षिणेश्वरी काली के जयकारों से भक्तिमय हुआ वातावरण

नवबिहार टाइम्स सवाददाता

**दानापुर।** शारदीय नवरात्र के दूसरे के दिन पेठिया बाजार स्थित प्राचीन मां दक्षिणेश्वरी काली मंदिर आरती के समय भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ी। आरती के समय मां दक्षिणेश्वरी काली के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। मंदिर के पुजारी बृज मोहन मिश्र, शंशाक मिश्रा उर्फ गोलू बाबा ने बताया कि शारदीय नवरात्र में मां दक्षिणेश्वरी काली की सच्चे मन की आराधना करने से सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। श्री मिश्रा ने बताया कि 250 साल पूर्व में गंगा नदी किनारे पेठिया बाजार स्थित मां दक्षिणेश्वरी काली मंदिर का बंगाली समुदाय के लोगों ने स्थापित किया था। तब से मां दक्षिणेश्वरी काली का पूजा-अर्चना किया जाता है। उन्होंने बताया कि नवरात्र में आरती के समय महिला, युवती व भक्तों घी के दीया लेकर आरती कर मां दक्षिणेश्वरी काली का आराधना करते है। पूरा माहौल भक्तिमय हो जाता है। श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया जाता है। भक्तों का मान्यता है कि मां दक्षिणेश्वरी काली जी का पूजा-अर्चना करने से सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

**अखिलेश बने भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय प्रभारी :** दानापुर। भाजपा नेता अखिलेश कुमार उर्फ मुटुर साव को वाणिज्य प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय प्रभारी पद पर मनोनीत किया है। सोमवार को पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में वाणिज्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक जगरनाथ प्रसाद गुप्ता ने प्रदेश अध्यक्ष डा दिलीप कुमार जायसवाल व प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसाजिया के निर्देश पर अखिलेश कुमार को मनोनीत किया गया है।

# डेमोंस्ट्रेशन वैन के माध्यम से ग्रामीणों को दी जा रही है इवीएम व वीवीपैट की जानकारी



नवबिहार टाइम्स सवाददाता

**मसौढ़ी।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार व डीएम के दिशा-निर्देशन में मसौढ़ी विधानसभा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान तेज कर दिया गया है। जहां मसौढ़ी प्रखंड के निशियावां, उस्मानचक, नूरा, देवरिया, हसनपुरा, नदौना, नदौल, भगवानगंज, समेत कई पंचायत में ईवीएम डेमोंसट्रेशन वैन के जरिए जागरूकता की जा रही है ताकि मतदान के दिन किसी प्रकार की कठिनाई खासकर बुजुर्ग एवं महिलाओं को न हो। गांव गांव में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में जाकर निर्वाचकों को इवीएम और वीवीपैट के प्रयोग से संबंधित जानकारी दे रही है। इन वैनों के माध्यम से मतदाताओं को हैंडस-आन अभ्यास कराया जा रहा है, ताकि मतदान के दिन उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई न हो। विशेषकर नए मतदाताओं महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्रयास किया जा रहा है कि मतदान प्रक्रिया के प्रति किसी भी तरह का भ्रम दूर हो। अभियान में युवाओं और प्रथम बार वोट करने वाले निर्वाचकों को विशेष रूप से प्रेरित किया जा रहा है। मतदान दिवस से पहले यह डेमो अभ्यास उन्हें ईवीएम और वी वी पैट की प्रयोगात्मक अभ्यास कर आत्मविश्वास प्रदान कर रहा है, साथ ही मतदाताओं के भ्रम को दूर कर वोट डालने की बिल्कुल सरल और पारदर्शी प्रक्रिया से रूबरू कराया जा रहा है। इसके तहत यह दिखाया जा रहा है कि मतदान के बाद वीवीपैट से पर्ची निकलती है जिसे मतदाता देखकर पुष्टि कर सकते हैं कि उनका वोट सही उम्मीदवार को गया है। इससे ग्रामीण शहरी मतदाताओं की शंकाएं दूर होने से मतदाता प्रक्रिया के विश्वास बढ़ रहे हैं। शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य डेमोंसट्रेशन वैन गांव-गांव और मोहल्ले में पहुंचकर लोगों को मतदान का महत्व समझा रही है।

## निकाला गया प्रतिवाद मार्च

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाकपा माले व अखिल भारतीय किसान महासभा के संयुक्त तत्वाधान में राजव्यापी विरोध दिवस के तहत मसौढ़ी में माले कार्यालय से जुलूस निकाला गया, जुलूस थाना रोड होते हुए कपूरी चौक के पास जाकर सभा में तबदील हो गई। इस प्रतिवाद मार्च का नेतृत्व भाकपा माले के मसौढी प्रखंड सचिव राकेश व अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला कमेटी सदस्य निरंजन वर्मा ने की जहाँ एनडीए सरकार कि कॉरपोरेट प्रस्त किसान विरोधी व पर्यावरण विरोधी नीतियों पर अमल कर रही है जिसे सरकार को उखाड़ फेंकना जरूरी है। बदलो सरकार बदलो बिहार के नारे को अमल मे लाने का आह्वान किया, पीएम मोदी का एक पेड़ मां के नाम अडानी के लिए 10 लाख पेड़ काटे जा रहे हैं। 6 रूपये प्रति यूनिट बिजली से सालाना 5000 करोड़ का नुकसान और 10 लाख से ज्यादा पेड़ों की कटाई पर्यावरण की तबाही जिन किसानों की जमीन अडानी को दी गई है उन्हें मुआवजा व अन्य सुविधा नहीं दिया गया।

# फक्कर महतो घाट पर गंदगी का लगा अंबार, लोग परेशान

नवबिहार टाइम्स सवाददाता

**दानापुर।** नगर परिषद क्षेत्र के 40 वार्डों में सफाई के नाम पर प्रति माह करीब सवा करोड़ से अधिक राशि खर्च की जाती है। इसके बाद भी नवरात्र में नगर के प्रमुख नासरीगंज के फक्कर महतो घाट पर गंदगी का अंबार लगा हुआ था। जिससे श्रद्धालुओं कचरे से उठ रहे बदबू के बीच गंगा स्नान करने को विवश है। स्वच्छता ही सेवा अभियान पखवाडा के तहत नगर परिषद प्रशासन ने सफाई अभियान चलाया गया था और फक्कर महतो घाट पर विशेष रूप से स्वच्छता अभियान चलाया गया है। घाट पर कचरे का अंबार लगा हुआ था। यह हाल सिर्फ फक्कर महतो घाट की ही नहीं है। अन्य सभी घाटों का हाल है। घाटों पर केवल झाड़ू लगाकर सफाई कार्य का कोरम पूरा किया जाता है। जो कच्चा घाट हैं वहां की हालत और भी दयनीय है। नगर परिषद क्षेत्र के 40 वार्डों समेत सभी गंगा घाटों की सफाई समेत अन्य कार्यों को निपटान के लिए एडम एजेंसी के साथ करार हुआ है। करार के अनुसार संबंधित एनजीओ को नगर के 40 वार्डो समेत सभी गंगा घाटों पर सफाई कार्य कराना है। परिषद के उपमुख्य पार्षद के प्रतिनिधि राजनाथ उर्फ राजू जयसवाल ने बताया कि परिषद के 40 वार्डों व गंगा घाटों की सफाई के नाम पर पैसा का बंदरबांट हो रहा है। जनता के पैसे बर्बाद किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सफाई के नाम पर करीब सवा करोड़ से अधिक राशि हर माह खर्च किये जाते हैं। इसके लिए जिस एजेंसी से करार हुआ है, वह एकरारनाम के शर्त के अनुसार कार्य कर रहा है या नहीं इसकी जांच कभी नहीं की जाती है। उन्होंने बताया कि इस तरह के मामले में जांच होनी चाहिए। परिषद के ईओ पंकज कुमार ने बताया कि घाट पर से कूडे-कचरा का उठाव किया गया है। उन्होने बताया कि एजेंसी को नवरात्र के मौके पर गंगा घाटों पर विशेष सफाई अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही पूजा पंडालों के पास भी विशेष सफाई अभियान चलायी जा रही है।

# पुनपुन के अकौना में खेल क्लब का शिलान्यास

## युवाओं को पारंपरागत खेलों के प्रति जागरूक करने की पहल

नवबिहार टाइम्स सवाददाता

**मसौढ़ी।** पुनपुन प्रखंड के अकौना पंचायत स्थित रसूलपुर में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत डॉ. राम मनोहर लोहिया खेल क्लब भवन निर्माण कार्य का शुभारम्भ विधान पार्षद रविन्द्र प्रसाद सिंह के द्वारा उनकी पार्षद विकास योजना निधि से किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा कहा गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल क्लब भवन का निर्माण युवाओं को परम्परागत खेलों के प्रति जागरूक करने और खेलकूद से दूरी को कम करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। वहीं पुर्व मंत्री श्याम रजक ने कहा की यह प्रयास न केवल युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाते हैं, बल्कि उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और टीम भावना का भी विकास करते हैं। कार्यक्रम के उपरांत पंचायत अध्यक्ष सुभाष कुमार की अध्यक्षता में जनता दल यूनाइटेड की कार्यकारिणी एवं बूथ अध्यक्षों की संयुक्त बैठक भी संपन्न हुई। इस अवसर पर विधान पार्षद रविन्द्र प्रसाद सिंह, जिला जदयू ग्रामीण अध्यक्ष अशोक सिंह, योगेंद्र प्रसाद सिंह, सुरेन्द्र सिंह (बीस सूत्री सदस्य), रोहित पासवान, फुलवारीशरीफ प्रखंड बीस सूत्री सदस्य राजू रजक, पवन रजक, उमेश प्रसाद, सुभाष कुमार, संगम सिंह सहित जदयू कार्यकर्तागण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।


बिहार सरकार

बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0
(बिहार सरकार का उपकम)
परियोजना निदेशक का कार्यालय, औरंगाबाद।
Mobile No- 8292763916,E-mail-duda.aurangabad.bihar@gmail.com

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा आमंत्रण सूचना (ई–टेंडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in)

निविदा संख्याः–13 / 2025–2026

1 विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : परियोजना निदेशक, बुडको, (औरंगाबाद) गया समाहरणालय परिसर में डी0आर0डी0ए0 के सामने, गया।

2 निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक– 26 / 09 / 2025

3 निविदा कागजात डाउनलोड करने की अवधि : दिनांक 26 / 09 / 2025 से 30 / 09 / 2025 के 17.00 बजे तक । (on website www.eproc2.bihar.gov.in)

4 प्री बीड मीटिंग का समय स्थान / तिथि : दिनांक– 27.09.2025 समय 13.00 बजे स्थान– कार्यालय कक्ष, परियोजना निदेशक. बुडको, (गया)

5 संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि / समय : दिनांक–30.09.2025 के 17.00 बजे तक (on website www.eproc2.bihar.gov.in)

6 तकनीकी बीड खोलने की तिथि / समय : दिनांक– 02.10.2025 के 17.00 बजे के बाद (on website www.eproc2.bihar.gov.in)

7 वित्तीय बीड खोलने की तिथि / समय : तकनीकी बीड के निष्पादन के पष्चात। (on website www.eproc2.bihar.gov.in )

8 अग्रधन, सभी शपथ–पत्र, Existing Committment (मूल में), परिमाण विपत्र के मूल्य का बैंक ड्राफ्ट जमा करने की अंतिम तिथि / समय एवं स्थान : दिनांक–02.10.2025 के 17.00 बजे तक
1. मुख्य महाप्रबंधक, बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि० (बुडको) बेस्ट बोरिंग केनाल रोड, राजापुर पुल, पटना–800001, बिहार, पटना का कार्यालय।
2. परियोजना निदेशक, औरंगाबाद, बुडको का कार्यालय। गया समाहरणालय परिसर में डी0आर0डी0ए0 के सामने, गया।

9 कार्य का विवरणः–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (रू0 में) | Bid Processing Fee (Through online payment) (अप्रत्यर्पणीय) (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि (इन्कुलिंडिग मोनसून अवधि माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर परिषद औरंगाबाद अन्तर्गत एम0जी0रोड से नागा विगहा होते हुए एन0एच0 तक मैफिटक एस्फाल्ट पिच रोड का निर्माण कार्य। | 98,55,060.0 | 1,97,200.00 | 17,700.00 | As Per Eproc | 4 माह |
| 2. | नगर परिषद दाउदनगर अन्तर्गत खुशपाल के घर से अनूप चन्द्रवंशी के घर होते हुए बारूण रोड, तक सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।। | 66,54,321.00 | 1,33,100,00 | 17,700.00 | As Per Eproc | 3 माह |
| 3. | नगर पंचायत, नवीनगर अन्तर्गत वार्ड न0 04 रमेश सिंह के घर से मोहन अग्रवाल के घर तक आर0सी0सी0 नाला निर्माण कार्य। (पुर्न निविदा) | 53,83,039.00 | 1,08,000.00 | 11,800.00 | As Per Eproc | 3 माह |

नोटः– 1. Bidders should submit Bid Processing fee through on line payment as per amount generated on website www.eproc2.bihar.gov.in

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**परियोजना निदेशक,**
औरंगाबाद, बुडको

PR. No. 015545 (B&C) 25-26

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

राज्यसभा सांसद शम्भू शरण पटेल व पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने किया सांसद खेल महोत्सव का उद्घाटन

# खेल की दुनिया में देश का नाम करें ऊंचा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** खेलों के महाकुंभ सांसद खेल महोत्सव के तहत गेट स्कूल के पास इंडोर स्टेडियम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद शम्भू शरण पटेल और विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। राज्यसभा सांसद शम्भू शरण पटेल ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण और छोटे शहरों में छिपी खेल प्रतिभाओं को सामने लाना है। उन्होंने कहा कि देशभर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है ताकि खिलाड़ियों के अंदर ऊर्ज़ा का संचार हो और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिले। उन्होंने कहा कि संभव है किसी गांव में छिपी प्रतिभा इसी मंच से पहचान बनाए और जिला, प्रदेश या देश के लिए खेलकर नाम रौशन करे। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि इस महोत्सव में बैडमिंटन, कुश्ती, कबड्डी, बॉलीबॉल, मलखम सहित कई खेलों का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि जब वे किसी खिलाड़ी को अभिभावक के रूप में पुरस्कृत करते हैं तो उन्हें बेहद खुशी होती है। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे खेल की दुनिया में देश का नाम ऊंचा करें। इस दौरान मलखम खेल दर्शकों का मुख्य आकर्षण बना रहा। प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेता टीमों को मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि द्वारा ट्रॉफी प्रदान की गई। आयोजन में कोच विनोद सिंह, जावेद सिद्दिकी, अवधेश कुमार बिंद, नागेन्द्र कुमार, रविशंकर कुमार, उदय तिवारी, ऋचा कुमारी, विवेक कुमार, शौरभ सिन्हा, चंदन कुमार, अमरनाथ सिंह और विमल मिश्रा का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन संयोजक सह जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेता रविन्द्र शर्मा, मनीष पाठक, सूर्यपत सिंह, अरबिन्द कुमार, पुरूषोत्तम सिंह, अशोक सिंह, विकास सिंह, अनिल सिंह, विनय शर्मा, प्रफुल्ल सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, धीरज पांडेय, विनय सिंह, अनिता सिंह, पूजा सिंह, उषा सिंह, जुलेखा खातून, संध्या कुमारी, हुमायूं अंसारी, सारिका शेखर, मितेन्द्र सिंह, शुभम सिंह, मनोज सिंह, रामकृपाल सिंह, प्रदीप सिंह, उदय तिवारी, अरुण सिंह, प्रितेश सौरभ, रामेश्वर बैठा, संजय गुप्ता, राकेश देवता, प्रभात कुमार, गोलू कुमार, लवकुश कुमार, दीपक कुमार और इंदु देवी सहित नगरवासी, बुद्धिजीवी, समाजसेवी और खेल प्रेमियों की हजारों की भीड़ मौजूद रही।






# नदी में डूबने से किशोर की मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** नवीनगर थाना क्षेत्र के ठेंगो गांव के समीप कराहर नदी में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। मृतक किशोर की पहचान उस गांव निवासी गुलशन ठाकुर के 13 वर्षीय पुत्र मिथिलेश ठाकुर के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक पूजा-पाठ को लेकर ग्रामीण स्नान के लिए नदी जाने वाले थे। इसके पूर्व किशोर अपने दोस्तों के साथ नदी की ओर चला गया जहां पैर फिसलने से वह नदी में जा गिरा और गहरे पानी में डूबने लगा। आसपास के लोगों ने बचाने की कोशिश की लेकिन वे असफल रहे और उसकी मौत हो गई। किसी तरह उसका शव नदी से बाहर निकाला गया। घटना की सूचना परिजन व पुलिस को दी गई। पुलिस ने जरूरी कार्रवाई के उपरांत शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि नदी किनारे खड़ा किशोर पैर फिसलने से गहरे पानी में जा गिरा जिससे उसकी मौत हो गई।

# बीआरबीसीएल टाउनशिप में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवीनगर(औरंगाबाद)।** भारतीय रेल एवं एनटीपीसी के संयुक्त उपक्रम भारतीय रेल बिजली कंपनी लि. (बीआरबीसीएल) के सोन ऊर्ज़ा टाउनशिप स्थित अशोका शॉपिग सेंटर परिसर में बीते रविवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में बीआरबीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक रंजन देहुरी, सभी विभागों के प्रमुख, कर्मचारी और टाउनशिप की महिलाएं शामिल हुईं। सभी ने मिलकर परिसर की सफाई की और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश फैलाया। इस अवसर पर सभी ने सामूहिक रूप से शॉपिग सेंटर के विभिन्न हिस्सों की सफाई की और परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने का संकल्प लिया। यह अभियान सामूहिक प्रयास और जनभागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण बना जिसने स्वच्छता के महत्व को और अधिक सशक्त रूप से उजागर किया है।

# शराब सहित अन्य मामले में 33 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में क्अलग-अलग मामलों में 33 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 10 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। शराब के शीर्ष कांडों में 4 एवं अन्य शीर्ष कांड में 29 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 996 वाहनों की जांच की गई जिसमें 37500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। इस क्रम में 674 लीटर देसी, 13 ट्रक, 1 पिकअप, 1 बाइक, 8 गाय बरामद किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में की गई। पुलिस अधीक्षक की मानें तो चुनाव के मद्देनजर मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अन्य अपराधों पर रोकथाम को लेकर जिले में लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे उनके विरुद्ध न सिर्फ कार्रवाई की जायेगी बल्कि उनकी संपत्ति भी जब्त की जायेगी।

## जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने चलाया अभियान

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** शहर में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने सोमवार को विशेष अभियान चलाया। इस दौरान ट्रैफिक डीएसपी मनोज कुमार खुद सड़क पर उतरे और रमेश चौक, सब्जी मंडी, नावाडीह मोड़ समेत कई स्थानों पर अवैध रूप से खड़े ठेले वालों को हड़काया। डीएसपी ने बताया कि सड़क किनारे अवैध रूप से लगाए गये ठेलों के कारण यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। लगातार मिल रही शिकायतों के आलोक में यह कार्रवाई की गई है। साथ ही लोगों को चेतावनी दी गई कि सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से ठेला खड़ा न करें। विदित हो कि शहर में जाम से निजात दिलाने के लिए यातायात पुलिस ने कई योजना बनायी लेकिन ये सभी योजना अब तक प्रभावी साबित नहीं हो पायी है। शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या से लोग खासे परेशान हैं। ऐसा कोई दिन नहीं जाता जब शहर की सड़कों पर दिनभर में कई बार ट्रैफिक जाम की स्थिति न बनती हो। सड़कों पर अतिक्रमण व लचर यातायात व्यवस्था की वजह से हालात दिन पर दिन खराब हो रहे हैं। स्थिति यह है कि शहर के मुख्य सड़क पर दिन भर लंबा जाम लगा रहता है जिससे न केवल लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बल्कि एंबुलेंस व अन्य आपातकालीन सेवाओं को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# नकदी सहित लाखों के जेवरात की चोरी

**गोह(औरंगाबाद) / नबिटा संवाददाता।** गोह थाना क्षेत्र के दधपी गांव में रविवार की रात अज्ञात चोरों ने नकदी समेत लाखों रुपये के जेवरात पर हाथ साफ कर आसानी से फरार हो गया। सोमवार को पीड़ित साहिल कुमार उर्फ साकेत मिश्रा ने बताया कि परिवार के सभी लोग खाना खाने के बाद सो गए थे। सुबह जब उठा तो गोदरेज खुला हुआ था तथा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। नजदीक जाकर गोदरेज देखा तो तीन लाख तेतीस हजार रुपये के सोने का चैन, अंगूठी, झुमका, हार तथा चांदी के आभूषण सहित करीब साढ़े सात लाख का जेवरात गायब था। घटना की तत्काल सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर छानबीन की है। मामले में थानाध्यक्ष प्रशान्त कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित द्वारा आवेदन दिया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है। चोरी की घटना से गांव में दहशत का माहौल है।

# सड़क दुर्घटना में चार स्कूली बच्चे जख्मी

## घायल बच्चों के लिए देवदूत बने समाजसेवी अनिल सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के राष्ट्रीय राजमार्ग दो पर अवस्थित गायत्री भवन के पास अनियंत्रित ट्रक ने सीतयोग इंटरनेशनल स्कूल के बस में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बस सवार चार बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा तफरी मच गई। काफी संख्या में लोग वहां जमा हो गए और बस के अंदर से बच्चों को निकाला। इनमें चार बच्चे गंभीर रूप से घायल मिले जिसमें प्रकाश वर्मा, ज्ञान प्रकाश एवं यश कुमार के के अलावा एक अन्य शामिल है। घटना के बाद उसी रास्ते से गुजर रहे समाजसेवी अनिल कुमार सिंह ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल बच्चों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने बच्चों को एसएनसीयू में भेज दिया।



अभिभावक जब बच्चों को लेकर शिशु वार्ड में पहुंचे तो वहां कोई भी चिकित्सक नहीं मिला। इसके बाद अभिभावक उन्हें निजी अस्पताल में ले गए जहां उनका इलाज कराया गया। फिलहाल सभी घायल बच्चे खतरे से बाहर बताए जा रहे है। जानकारी के अनुसार बस में 40 से अधिक बच्चे सवार थे। बस जैसे ही बियाडा परिसर स्थित स्कूल से निकल कर जा रही थी तभी आगे जा रहे एक पिकअप ने अचानक ब्रेक लगा दिया जिससें बस का अगला हिस्सा पिकअप से टकरा गया। इसके बाद बस के ठीक पीछे आ रहे ट्रक ने बस में टक्कर मार दिया। आगे और पीछे से बस में टक्कर होने के कारण झटका से बस में सवार बच्चे घायल हो गए। समाजसेवी अनिल सिंह ने कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं। आज चालकों की लापरवाही से बड़ी अनहोनी हो सकती थी,लेकिन बच्चों को मामूली चोट आई है। जख्मी बच्चों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के मुताबिक फिलहाल सभी बच्चे खतरे से बाहर है। उन्होंने कहा कि लापरवाही करने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

# औरंगाबाद में महज 47 प्रतिशत महिलाओं को लगा कापर-टी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में स्वास्थ्य विभाग की स्थिति संतोषजनक नहीं है। विभागीय निर्देश का पालन नहीं होने का एक उदाहरण कापर टी लगाने लगाने के मामले में देखा गया है। विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध केवल 268 महिलाओं को ही कापर-टी की सुविधा मिल रही है जिससे लक्ष्य की प्राप्ति मात्र 47 प्रतिशत ही रही है। वहीं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक भी महिला को कापर-टी नहीं लगाया जा सका है। ओबरा प्रखंड ने 178 प्रतिशत की उपलब्धि के साथ सबसे बेहतर प्रदर्शन किया है। आंकड़ों से स्पष्ट है कि महिलाएं और आशा कॉपर टी लगाने में रुचि नहीं दिखा रही हैं। विभागीय निर्देशों के अनुसार आशा को महिलाओं को प्रोत्साहित करना था परंतु ऐसा नहीं हो रहा है। अस्पतालों से महिलाएं दूर होती जा रही हैं, जो काफी चिंतनीय है। बता दें बीते माह अगस्त माह में विभागीय आंकड़ा के अनुसार सदर अस्पताल में 18 प्रतिशत, एसडीएच दाउदनगर में 108 प्रतिशत, यूपीएचसी में शुन्य, औरंगाबाद में 55 प्रतिशत, बारुण में 27 प्रतिशत, दाउदनगर में सात प्रतिशत, देव में पांच प्रतिशत, गोह में 58 प्रतिशत, हसपुरा में 17 प्रतिशत, कुटुंबा में 28 प्रतिशत, मदनपुर में 45 प्रतिशत, नबीनगर में 18 प्रतिशत, ओबरा में 178 प्रतिशत और रफीगंज में 69 प्रतिशत कापर टी लगा है।

# सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में रोजगार मेला आज

## महाविद्यालय स्तर पर पहली बार आयोजित किया जा रहा रोजगार मेला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में 23 सितंबर 2025 को रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा और आइक्यूएसी के उप समन्वयक एवं रोजगार मेला के संयोजक बहादुर भीम कुमार सिंह के नेतृत्व में होगा। प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रारंभिक चरण में 20 कंपनियाँ इस मेले में भाग लेंगी, जो रोजगार की तलाश कर रहे छात्र-छात्राओं को बेहतर अवसर प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा कि यह मेला धीरे-धीरे और बड़े आयाम लेगा। त्योहारों के बाद ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से अनेक छात्र उन्मुख कार्यक्रमों की



श्रृंखला शुरू की जाएगी जिसके जरिये हजारों छात्रों का कौशल विकास किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार, स्टार्टअप सेल से जुड़े कई एंटरप्रेन्योर और इनोवेटर भी इस मेले में शामिल होंगे। महाविद्यालय स्तर पर यह पहली बार रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। अब सत्र समाप्ति से पहले योजनाबद्ध तरीके से नियमित रूप से रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला एमओयू के माध्यम से भी आगे बढ़ रहा है। ऑफ कैंपस कार्यक्रमों के जरिए श्रेष्ठ संस्थाओं से छात्रों को संवाद का अवसर मिलेगा। कॉलेज प्रशासन का मानना है कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों को न केवल रोजगार मिलेगा बल्कि उनके आत्मविश्वास में भी बढ़ोतरी होगी। छात्र-छात्राएं इस आयोजन को लेकर उत्साहित हैं और महाविद्यालय से उम्मीद लगाए हुए हैं कि इस मंच के जरिये उन्हें अपने सपनों को साकार करने का अवसर मिलेगा।

# ओबरा में नवरात्रि अनुष्ठान का शुभारंभ, माहौल भक्तिमय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**ओबरा।** ओबरा मुख्यालय समेत विभिन्न क्षेत्रों में सोमवार से शारदीय नवरात्रि अनुष्ठान की शुरुआत होते ही पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भक्ति गीतों से नगर गूंज उठा और सुबह से ही श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। विभिन्न घरों में कलश स्थापना कर अनुष्ठान शुरू हुआ, वहीं पंडाल स्थलों और देवी मंदिरों में भी मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना कर नवरात्रि का शुभारंभ किया गया। पहले ही दिन देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही लोग पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में पहुंचने लगे। समितियों द्वारा मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया और प्रकाश व्यवस्था की गई, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस अवसर पर पंडित कमल किशोर पांडेय ने सप्तशती पाठ का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि शारदीय नवरात्रि के पहले दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा-अर्चना का विधान है। इस दिन साधक आत्मा और मन की शुद्धि के लिए पूजा करते हैं। यह स्वरूप साधना में लीन होने की शक्ति, साहस और बल प्रदान करता है, साथ ही आरोग्य का वरदान भी देता है। पंडालों और मंदिरों में सजावट, आरती और भजनों के बीच श्रद्धालु देवी मां के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

# शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जम्होर थाना में दशहरा पूजा के निमित्त शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना के पोषक क्षेत्र में अवस्थित सभी पूजा कमिटी के प्रधान शामिल हुए। थानाध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित बैठक का संचालन सहायक अवर निरीक्षक नितिन मिश्रा ने किया। थानाध्यक्ष ने कहा कि पूजा के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य है। पूजनोपरांत विसर्जन के जुलूस में डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगी। पूजा समिति के पंडाल में किसी भी अप्रिय घटना होने पर तुरंत थाने को सूचना दें एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखें और उनकी गतिविधि असामान्य होने पर उसकी तत्काल सूचना दें। बैठक में जम्होर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता, राणा सुनील सिंह सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# विष्णु धाम महोत्सव परिवार ने पितृपक्ष महोत्सव का किया आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विष्णु धाम जम्होर में महोत्सव परिवार द्वारा पितृपक्ष महोत्सव आयोजित की गयी। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर पर्षद के अध्यक्ष उदय गुप्ता, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, ज्योतिषाचार्य शिव नारायण सिंह, प्रो. दिनेश प्रसाद, सिद्धेश्वर विद्यार्थी, साहित्य संवाद के अध्यक्ष लालदेव प्रसाद, वरिष्ठ कवि लवकुश प्रसाद, जनेश्वर विकास केंद्र के अध्यक्ष रामजी सिंह, कला कौशल मंच के अध्यक्ष आदित्य श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। अध्यक्षता पितृपक्ष महोत्सव के अध्यक्ष अजीत सिंह व संचालन महामंत्री राजीव सिंह ने किया। महोत्सव के प्रथम सत्र में संगोष्ठी सभा प्रबुद्धजनों की आयोजित हुई। उदय गुप्ता ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम का आयोजन युवा पीढ़ी को अपने संस्कारों की सभ्यता से जोड़ने का काम करेगा। विष्णु धाम जम्होर के इतिहास को लोगों तक पहुंचाने का महोत्सव एक बेहतर माध्यम है। पिंडदान की शुरुआत सर्वप्रथम यही से होती है और यहां के इतिहास अभी तक लोगों तक नहीं पहुंच सका है। इस महोत्सव को राजकीय दर्ज़ा मिलना चाहिए, ताकि यहां के जगह को विकास की गति मिल सके। संगोष्ठी सभा को संबोधित करते हुए डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, शिवनारायण सिंह, प्रो दिनेश प्रसाद ने कहा कि पिंडदान सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि यह प्रेम, कर्तव्य और कृतज्ञता का एक शाश्वत सेतु है जो जीवित और मृत लोगों के बीच एक गहरा संबंध बनाये रखता है। अजीत सिंह, सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने कहा कि पितृपक्ष के दौरान विष्णु धाम में पिंडदान, तर्पण और श्राद्ध करना बेहद शुभ माना जाता है।

# सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर थाना क्षेत्र के बिशुनगंज गांव में सड़क दुर्घटना में 51 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक की पहचान उक्त गांव निवासी 51 वर्षीय दिनेश सिंह के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर मदनपुर थाने की पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पता चला है कि




गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हो गये थे। इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर में भर्ती कराया गया, जहां ड्यूटी पर रहे चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बड़े अस्पताल में रेफर कर दिया था। अस्पताल जाने के क्रम में ही उनकी मौत हो गयी।

# 564 लीटर महुआ शराब जब्त

**अंबा (नबिटा संवाददाता )।** कुटुंबा थाना की पुलिस ने रविवार की रात्रि ढ़ीबर गांव के समीप उत्तर कोयल नहर पर बने फाटक के पास झाड़ी में छुपा कर रखे देसी शराब की बड़ी खेप जब्त की है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि शराब बोरी में बांध कर झाड़ी में रखा गया था। गश्ती के दौरान पुलिस बल की नजर उस पर पड़ी। शराब को जब्त कर थाना लाया गया है। जांच के दौरान कुल 564 लीटर महुआ निर्मित शराब बरामद हुई। उन्होंने बताया कि शराब को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं त्योहार : जिलाधिकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर।** दुर्गा पूजा को लेकर नगर पर्षद सभागार में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में डीएम श्रीकांत शास्त्री ने लोगों से शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि डीजे नुकसानदायक है। इसलिए सरकार ने इस पर पाबंदी लगायी है, इसका पालन करना है। साफ-सफाई के मामले पर उन्होंने कहा कि नगर पर्षद व ग्राम पंचायत क्षेत्र को साफ-सफाई करना है। इसकी बेहतर व्यवस्था होनी चाहिए। ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव होना चाहिए। राशि की कोई कमी नहीं है। विसर्जन के दिन जुलूस के मार्गों पर और विसर्जन स्थल पर लाइट के लिए जेनेरेटर की व्यवस्था करने का निर्देश नगर निकाय को दिया गया है। विसर्जन स्थल पर नगर निकाय और ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत बैरिकेडिंग करायेगा। विसर्जन स्थल पर गोताखोर की व्यवस्था रहेगी। ड्रोन के माध्यम से शोभायात्रा की निगरानी की जायेगी। निर्धारित रूटों से ही विसर्जन जुलूस गुजरेगा। सभी पूजा कमेटियां हर हालत में लाइसेंस ले लेंगी। पूजा समितियों को कहा गया कि उनके पास वॉलंटियर होना चाहिए और उनकी पहचान होनी चाहिए। जल्द सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश डीएम ने नगर पर्षद को दिया। एसपी अंबरीश राहुल ने कहा कि इस बात का ध्यान रखा जायेगा कि भीड़ के दिन किसी भी श्रद्धालु को



परेशानी नहीं हो। खासकर महिला श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। ट्रैफिक नियंत्रण के लिए प्लानिंग रहेगी। यह निर्धारित रहेगा कि किस एरिया में बाइक जायेगी या नहीं जायेगी। लाइसेंस के शर्तों का पूरी तरह पालन करना है। शोभायात्रा में डीजे पूरी तरह बंद रहेगा। डीजे वालों से बात भी की जायेगी। डीजे जब्ती की कार्रवाई भी की जायेगी। बॉंड डाउन भी किया जायेगा। धार्मिक स्थान पर राजनीतिक पोस्टर नहीं लगेंगे। सोशल मीडिया की मॉनीटरिंग की जा रही है। अफवाह से दूर रहना है। अफवाह फैलाने वाले पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। लाइसेंसी मूर्तियों की संख्या 167 एसडीओ अमित राजन ने कहा कि दाउदनगर अनुमंडल में कुल लाइसेंसी मूर्तियों की संख्या 167 है। छह नए लाइसेंसी मूर्ति स्थापित करने के आवेदन प्राप्त हुए हैं। धारा 126 के तहत 4213 चिन्हित व्यक्तियों पर निरोधात्मक कार्रवाई की गई है, जिसमें 151 पर वारंट निर्गत किए गए हैं। 1930 ने बंधपत्र दाखिल किया है। दुर्गा पूजा के अवसर पर सीसीए के तहत छह प्रस्ताव भेजे गये हैं। इस अनुमंडल में संवेदनशील स्थलों की संख्या 29 और अति संवेदनशील स्थलों की संख्या 16 है। मुख्य पार्षद अंजलि कुमारी ने कहा कि शोभायात्रा के दौरान सबसे अधिक समस्या बिजली की होती है। कई घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित होने से बच्चों बुजुर्गों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। इन्होंने कहा कि शहर में एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जा रहा है। ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया जायेगा। इओ ऋषिकेश अवस्थी ने कहा कि जहां-जहां विसर्जन होता है, वहां जेनेरेटर और लाइट की व्यवस्था नगर पर्षद करती है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269